राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 124
लखनऊ, शनिवार 21 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कुंदरकी व कटेहरी चुनाव जीत सकते हैं तो कोई भी चुनाव जीत सकते हैं : योगी 03

हर दिन मंदिर व मस्जिद विवाद उठाना सही नहीं : मोहन भागवत 12

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर के विकास के लिए भूमि दे रहे किसानों की मनचाही मुराद की पूरी

# जमीन अधिग्रहण रेट बढ़कर 4300 प्रति वर्गमी.

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विकास के लिए भूमि दे रहे किसानों की मनचाही मुराद पूरी कर दी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर किसानों के साथ खुले संवाद के बीच मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट के लिए तीसरे चरण के भूमि अधिग्रहण के एवज में देय प्रतिकर को 3100 से बढ़ाकर 4300 रुपये प्रति वर्गमीटर तक करने की घोषणा की। इसके अलावा नियमानुसार ब्याज भी देय होगा। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अधिग्रहण से प्रभावित हर एक किसान परिवार के व्यवस्थापन, रोजगार और सेवायोजन के भी समुचित प्रबंध किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री की घोषणा को मनचाही मुराद बताते हुए सभी किसानों ने जय श्रीराम के नारे से मुख्यमंत्री का अभिवादन किया और कहा कि अब लखनऊ से सीधे अयोध्या धाम जाकर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करेंगे। विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष अप्रैल में प्रधानमंत्री के हाथों से एशिया के इस सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया जाएगा। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के अंतिम फेज के भूमि प्रदाता किसानों से संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभी किसानों से संवाद किया। उनकी आशंकाओं, जिज्ञासाओं और मांग के बारे में बातचीत की। संवाद कार्यक्रम के बीच मुख्यमंत्री ने सीईओ यीडा को मंच पर बुलाया और हर एक किसान से मिलने और उनकी समस्याओं के निस्तारण को शीर्ष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट की वेलीडेशन फ्लाइट की सफलतापूर्वक लैंडिंग 09 दिसंबर को की जा चुकी है और अप्रैल 2025 से यहां से उड़ान सेवा भी प्रारंभ हो जाएगी। अब यहां 40 एकड़ क्षेत्रफल में एमआरओ का भी विकास होगा। यहां दुनिया भर के विमानों का मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉलिंग भी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर अब तक अंधेरे में डूबा हुआ था, अब वैश्विक पटल पर चमकने का समय है। अगले 10 वर्षों में यह देश का सबसे विकसित क्षेत्र होगा, पूरी दुनिया यहां की समृद्धि को देखेगी। इससे पहले अपने आवास पर किसानों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के विकास में सहयोग के लिए सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक मात्र दो वर्षों में इसके लिए 1334 हेक्टयर यानी लगभग 3300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण बिना किसी विवाद के संपन्न हुआ।





▸ नियमानुसार देय होगा ब्याज, अधिग्रहण से प्रभावित हर एक किसान परिवार के व्यवस्थापन, रोजगार व सेवायोजन के भी समुचित किए जाएंगे प्रबंध

#### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर की खास बातें

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर गौतमबुद्ध नगर जनपद में यमुना प्राधिकरण के क्षेत्र में बननेवाला उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। माह जुलाई वर्ष- 2017 में इस इंटर्नेशनल एयरपोर्ट का साईट क्लीयरेन्स व माह- मई 2018 में इसका सैद्धांतिक अनुमति भारत सरकार ने प्रदान किया था। पर्यावरणीय अनुमति के साथ-साथ भारत सरकार के विभिन्न मन्त्रालयों और एजेन्सियों से सभी प्रकार की एनओसी प्राप्त कर ग्लोबल बिडिंग द्वारा एविएशन सेक्टर की कम्पनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी का चयन किया गया। निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने की यह एक महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय उपलब्धि रही है। यह एयरपोर्ट 100 मीटर ऐक्सेस कंट्रोल यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे स्थित है, जिसे आधुनिक इंटर्चेंज बना कर जोड़ा जा रहा है। एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेस वे के समानांतर 60 मीटर सर्विस रोड का निर्माण कर जोड़ा जा चुका है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सम्पूर्ण 3300 एकड़ भूमि का लाइसेन्स और क़ब्ज़ा ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की एसपीवी कम्पनी-यमुना इंटर्नेशनल एयरपोर्ट प्राइवट लिमिटेड को वर्ष 2021 में सौंप कर वर्षों की कल्पना को साकार कर दिया है। इस एयरपोर्ट का विकास चरणबद्ध रूप में हो रहा है। पहले स्टेज में यह एयरपोर्ट दो रन-वे का होगा, जो दूसरे स्टेज में बढ़ कर पाँच रन-वे का हो जाएगा। दो रन-वे का यह एयरपोर्ट 70 मिलियन यानी 07 करोड़ वार्षिक यात्रियों की क्षमता का होगा और इस पर लगभग 30 हज़ार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका विकास चार चरणों में होगा। प्रथम चरण में वर्ष 2024-25 में 12 मिलियन यानी 1 करोड़ बीस लाख वार्षिक यात्रियों की क्षमता का यह एयरपोर्ट प्रारम्भ में एक रनवे का होगा, जो वर्ष 2031 में बढ़कर 30 मिलियन यानी 3 करोड़ यात्रियों की वार्षिक क्षमता का और दो रन वे का हो जाएगा।

#### सनातन धर्म सुरक्षित तो दुनिया में सब कोई सुरक्षित : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित भव्य अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भाग लिया। सीएम योगी ने महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है। ऐतिहासिक मंदिरों पर आक्रमण की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग इन पवित्र स्थलों को नष्ट करने का काम करते थे, उनका कुल और वंश नष्ट हो गया। औरंगजेब के परिवार के लोग आज रिक्शा चला रहे हैं।

## ट्रक की टक्कर से एलपीजी टैंकर में धमाका, 11 लोग जिंदा जले

▸ 35 से अधिक लोग 50 फीसदी से ज्यादा झुलसे, भारी तबाही

एजेंसी

**जयपुर।** भांकरोटा थाना इलाके में जयपुर-अजमेर हाइवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने शुक्रवार सुबह करीब पौने छह बजे एलपीजी टैंकर में हुए धमाके से 11 लोगों की जिंदा जल कर मौत हो गई। हादसे में 53 से अधिक लोगों को गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना भयानक था कि करीब चालीस से अधिक वाहनों को चपेट में ले लिया, इसमें एक स्लीपर बस भी शामिल है, जो टैंकर के पीछे चल रही थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल और उसके आसपास पास के इलाके में आग बुझाती रही।

जानकारी के अनुसार एलपीजी टैंकर में हुआ ब्लास्ट इतना भयंकर था कि आग की लपटें करीब दो सौ फीट ऊपर उठी। टैंकर में भरी करीब 32 टन गैस में जोरदार धमाका हुआ जिसके कारण टैंकर उछल कर घटनास्थल के आसपास के वाहनों पर गिरा, जिससे वे वाहन भी जलकर राख हो गए।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि भारत पेट्रोलियम के एलपीजी गैस से भरा टैंकर शुक्रवार सुबह करीब पौने छह बजे अजमेर से जयपुर की ओर आ रहा था और दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने से वापस यू-टर्न ले रहा था, तभी जयपुर से आ रहे ट्रक ने टैंकर को टक्कर मार दी।



#### मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये जबकि घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 5 लाख तथा गंभीर रूप से घायलों को 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

#### मुंबई एयरपोर्ट पर 11.32 करोड़ की ड्रग बरामद

**मुंबई।** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने गुरुवार रात मुंबई एयरपोर्ट पर 11.32 करोड़ रुपये की ड्रग के साथ बैंकाक से आए दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है। दोनों यात्रियों ने बरामद ड्रग्स को वैक्यूम-सील प्लास्टिक पाउच में छिपाकर ट्रॉली बैग के अंदर रखा था। इस मामले की गहन छानबीन एनसीबी की टीम कर रही है। इसी जानकारी के आधार पर गुरुवार देर रात मुंबई एयरपोर्ट पर एनसीबी की टीम निगरानी कर रही थी। उनकी टीम ने बैंकॉक से आए दो संदिग्ध यात्रियों को रोका और उनके सामान की तलाशी। दोनों ने अपने सामान के अंदर 11.322 किलोग्राम ड्रग प्लास्टिक पाउच में छिपा कर रखा था, जिसे एनसीबी ने बरामद कर लिया।

#### एनआईए ने छापे में संदिग्धों से सामान-दस्तावेज किए बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एनआईए ने कई संदिग्धों से कुछ सामान और दस्तावेजों के बरामद किया है। एनआईए ने बीजापुर जिले में तीन अलग-अलग जगहों पर गुरुवार सुबह एनआईए ने छापा मारा था। एनआईए को सूचना मिली थी कि कुछ लोगों का नक्सलियों से संबध हैं, इसी सिलसिले में उन संदिग्धों से पूछताछ की गई। एनआईए टीम के पूछताछ के दौरान कुछ सामान और दस्तावेजों के बरामद किए जाने की भी खबर है। सूत्र बताते हैं कि एनआईए की टीम ने गुरुवार सुबह 5 बजे जिले के भैरमगढ़, तर्रेम और आवापल्ली सहित एक अन्य जगह पर दबिश दी थी।

#### बीजेड ग्रुप की 600 करोड़ की धोखाधड़ी में दो हिरासत में

**हिम्मतनगर।** क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) ने साबरकांठा जिले की हिम्मतनगर के प्रांतिज प्राथमिक स्कूल के शिक्षक और बीजेड ग्रुप के एक आफिस ब्याय को हिरासत में लिया है। शिक्षक सरकारी स्कूल में होते हुए भी बीजेड ग्रुप के लिए काम करता था। बीजेड ग्रुप के 600 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में दोनों से पूछताछ में कई खुलासे हो सकते हैं। गुजरात के साबरकांठा से पकड़े गए बीजेड ग्रुप के 600 करोड़ के घोटाले की जांच सीआईडी कर रही है। इस मामले में प्रांतिज प्राथमिक स्कूल में एक शिक्षक समेत दो लोगों के पकड़े जाने के बाद घोटाले में अन्य महत्वपूर्ण जानकारी सामने आने की संभावना है।

#### अतुल मामले में मां की याचिका पर तीन राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बेंगलुरु में इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड मामले में उनकी मां की याचिका पर सुनवाई करते हुए तीन राज्यों को नोटिस जारी किया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने अतुल सुभाष की मांग अंजू देवी की अपने पोते की कस्टडी की याचिका पर नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी, हरियाणा और कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी किया है।

#### विधायक अभय को तीन साल की जेल, बरी भी, चीफ जस्टिस की बेंच में जाएगा मामला

**लखनऊ।** लखनऊ हाईकोर्ट बेंच के दो जजों ने विधायक अभय सिंह पर हत्या के प्रयास मामले में अलग-अलग फैसला सुनाया है। जस्टिस मसूदी ने अभय सिंह को 3 साल की सजा सुनाई है। जबकि जस्टिस अभय श्रीवास्तव ने अभय सिंह को बरी कर दिया। अब यह मामला चीफ जस्टिस की बेंच में जाएगा। क्योंकि ऑर्डर में दोनों जजों का फैसला अलग-अलग है। साल 2010 में हत्या के प्रयास के एक मामले में अयोध्या की गोसाईगंज सीट से विधायक अभय सिंह नामजद हुए थे। 3 साल की सजा कायम रही तो उनकी विधायकी जा सकती है। अभय सिंह के खिलाफ कई गंभीर अपराधों के मुकदमे दर्ज हैं।

## संभल सांसद के घर के बाहर की सीढ़ियों पर चला बुलडोजर

▸ पुलिस व अधिकारी रहे मौजूद, पूरी कार्रवाई की ड्रोन से निगरानी

समृद्धि न्यूज

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के बाहर नाली के ऊपर बनी सीढ़ियों को नगर पालिका परिषद की जेसीबी ने शुक्रवार को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई की ड्रोन से निगरानी भी की गई। हाल ही में संभल हिंसा भड़काने और बिजली चोरी के आरोप में सांसद के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है।

शुक्रवार को संभल नगर पालिका परिषद की टीम बुलडोजर और काफी संख्या में पुलिस बल के साथ थाना नखासा क्षेत्र स्थित दीपा सराय में सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर पहुंची। बुलडोजर ने उनके घर के बाहर नाली पर बनी अवैध सीढ़ियों को ध्वस्त कर दिया। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि बगैर नक्शा पास कराए अवैध निर्माण हो रहा था। इस बारे में पहले ही सांसद बर्क को नोटिस जारी किया गया था। 24 नवम्बर को संभल में मंदिर मस्जिद विवाद में हुई हिंसा के मामले में हिंसा भड़काने के आरोप में सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। बिजली विभाग ने बिजली चोरी को लेकर उन पर एक करोड़ 91 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

#### हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का निधन

**गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला का शुक्रवार को 93 साल की उम्र में निधन हो गया। घर में तबियत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन से राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लोग एंबियंस मॉल के पीछे स्थित उनके आवास पर पहुंचने लगे हैं। भारत के उप-प्रधानमंत्री रहे चौधरी देवीलाल के राजनीतिक वारिस ओमप्रकाश चौटाला अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। ओमप्रकाश चौटाला चार बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे। पहली बार उन्होंने दो दिसंबर 1989 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

## कल से बदलेगा मौसम, बढ़ेगी ठंड व ठिठुरन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मौसम एक बार फिर करवट बदलने वाला है। 22 दिसंबर से मौसम बदलने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान लुढ़केगा और ठिठुरन के साथ ठंड बढ़ेगी। पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिसंबर के मौसम में ठिठुरन और गलन कम रही है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक है।

शुक्रवार को सुबह से ही ठिठुरन और गलन कम रही। साथ ही चटख धूप खिली। हवा पूर्व दिशा से चली जरूर लेकिन उसकी गति कम रही। अधिकतम तापमान 24.3 और न्यूनतम तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 और न्यूनतम तापमान सामान्य से .9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।



आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है इसलिए हवा पूर्व दिशा से चल रही है। रात का तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। गलन और ठिठुरन कम रहेगी। 22 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होगा और मौसम में तेज बदलाव आएगा। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री तक गिरेंगे। तापमान गिरने के साथ ही हवा की दिशा उत्तर पश्चिम व पछुवा हो जाएगी, जिससे ठंड बढ़ना शुरू हो जाएगी। शहर में वायु प्रदूषण एक बार फिर बढ़ने लगा है। हवा दमघोंटू होने लगी है। शहर का एक्यूआई 213 रहा। लालबाग रेड जाने के साथ आज भी लाल रहा। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 306 रिकार्ड किया गया।

वायु प्रदूषण अक्टूबर से बढ़ना शुरू हुआ था। इसके बाद से लगातार बढ़ ही रहा है। बीच में कुछ दिन के लिए राहत मिली थी। वायु प्रदूषण रोकने के लिए आलाधिकारियों ने निर्देश दिए मगर उस पर पूर्ण रूप से अमल नहीं किया गया। वायु प्रदूषण रोकने के नाम पर सिर्फ जल छिड़काव कराया जा रहा है। केंद्रीय विद्यालय अलीगंज में वायु गुणवत्ता सूचकांक 270 रहा। बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय में 175, गोमतीनगर 163, कुकरैल पिकनिक स्पाट-1 142 और तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र में एक्यूआई 230 रहा।

## सेना के लिए खरीदे जाएंगे 100 व के9 वज्र टैंक

▸ भारत की मारक क्षमता दोगुना करने में अहम भूमिका निभाएगा सौदा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीय सेना के लिए लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के साथ 7,629 करोड़ रुपये का अनुबंध किया है। यह सौदा 100 स्वचालित ट्रैक्ड आर्टिलरी गन के9 वज्र टैंक खरीदने के लिए किया गया है। सेना के पास पहले ही इस तरह के 100 टैंक हैं। अब यह सौदा भारतीय सेना की मारक क्षमता दोगुना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए 155 मिमी/52 कैलिबर के के9 वज्र-टी सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड आर्टिलरी गन की खरीद के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध की कुल लागत 7,628.70 करोड़ रुपये है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में आज साउथ ब्लॉक में रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और एलएंडटी के प्रतिनिधियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 100 के9 वज्र टैंक की खरीद से भारतीय तोपखाने के आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा और सेना की समग्र परिचालन तत्परता बढ़ेगी। यह बहुमुखी तोप अपनी क्रॉस-कंट्री गतिशीलता के साथ भारतीय सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे सटीकता के साथ गहराई से हमला करना संभव होगा। इसकी घातक मारक क्षमता सभी इलाकों में तोपखाने की क्षमता को बढ़ाएगी। अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह तोप उच्च सटीकता और उच्च दर के साथ लंबी दूरी तक घातक फायर करने में सक्षम है। उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के शून्य तापमान में भी यह टैंक अपनी पूरी क्षमता से काम करने में सक्षम होंगे। सूरत के हजीरा में एलएंडटी आर्मर्ड सिस्टम कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक के-9 वज्र टैंक बनाए जा रहे हैं।



#### 2025 सीजन के लिए नारियल कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने 2025 सीज़न के लिए नारियल कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में इसे मंजूरी दी। अश्वनी वैष्णव ने बताया कि 2025 सीजन के लिए मिलिंग खोपरा की उचित औसत गुणवत्ता के लिए एमएसपी 11582 रुपये प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 12100 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई है। 2014 के मुकाबले में इसमें 121 प्रतिशत और 120 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नारियल उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए खोपरा उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहन भी मिलेगा।

## डीजीपी व एसएसपी सहारनपुर को कोर्ट अवमानना में हाजिर होने के निर्देश

▸ मांगी सफाई, क्यों न की जाए अवमानना कार्यवाही

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार व एसएसपी सहारनपुर को नोटिस जारी की है और व्यक्तिगत हलफनामे में अपनी सफाई के साथ इन्हें 27 जनवरी को हाजिर होने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि दोनों अधिकारी बतायें कि क्यों न उनके खिलाफ कोर्ट आदेश की अवहेलना करने के लिए अवमानना कार्यवाही की जाय। याचिका की अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने अलका सेठी व अन्य की अवमानना याचिका पर दिया है। कोर्ट ने 15 मई 2024 को डीजीपी को आदेश दिया था कि याची की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कराना सुनिश्चित करें और विवेचना एसएसपी से कराई जाय। इस आदेश के बाबत कोई कदम नहीं उठाया गया और न ही एफआईआर दर्ज कर किसी भी पुलिस से विवेचना कराई गई।



#### नक्सलियों की लगाई गई प्रेशर आईईडी से दो जवान घायल

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के नक्सल प्रभावित कच्चापाल इलाके में नक्सलियों की लगाई गई प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए हैं, दोनों जवानों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने इसकी पुष्टि की है। सुरक्षाबलों के जवान शुक्रवार को सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा के लिए रवाना हुए थे, इसी दौरान आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए। दरअसल पुलिस ने हाल ही में नक्सलियों के गढ़ कच्चापाल में सुरक्षाबलों का नया कैंप स्थापित किया है। अब उस पूरे इलाके को सड़क मार्ग से जोड़ा जा रहा है।

## महाकुंभ में जल यातायात नियंत्रित करने के लिए तैयार हुई नदी प्रबंधन योजना

▸ 12 किमी लम्बे जल यातायात मार्ग पर लागू होगी योजना

समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू होने जा रहे आस्था के जन समागम में आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था के लिए प्रशासन ने नदी यातायात प्रबंधन योजना तैयार की है। महाकुम्भ के सभी 50 घाटों के लिए यह योजना लागू हो रही है जिसके लिए नियमित अभ्यास भी किया जा रहा है। यह जानकारी शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ राजेश द्विवेदी ने दी।

उन्होंने बताया कि 50 स्नान घाटों में स्नानार्थियों की सुरक्षा के लिए जल यातायात प्रबंधन योजना तैयार हो गई है। महाकुम्भ में 4000 से अधिक नावों का संचालन होगा। सड़क यातायात प्रबंधन योजना की तर्ज पर ही जल पुलिस ने महाकुम्भ के लिए 12 किलोमीटर क्षेत्र में नदी यातायात और सुरक्षा प्रबंधन योजना बनाई है। सड़क डिवाइडर और ट्रैफिक चौराहों की तरह ही जल पुलिस कर्मियों द्वारा संचालित फ्लोटिंग रिवर लाइन और नदी ट्रैफिक चौराहे बनाए जा रहे हैं। एसएसपी महाकुम्भ का कहना है कि जल यातायात व्यवस्था के अंतर्गत यमुना नदी में 4 किलोमीटर लम्बी रिवर लाइन का निर्माण होना है, जिसमें 500 मीटर की रिवर लाइन अभी तक बन चुकी है।

सदन

### सत्र की उत्पादकता मात्र 40.03 प्रतिशत रही, केवल 43 घंटे और 27 मिनट ही हुआ प्रभावी कामकाज

# हंगामे के बीच राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आंबेडकर और सांसदों के बीच हुई धक्का मुक्की के मुद्दे को लेकर हंगामे के बीच शुक्रवार को राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया।

सभापति जगदीप धनखड़ ने पहले सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित की। उसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने पर एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के लिए राज्यसभा के 12 सांसद को नामित किया गया। इनमें सांसद घनश्याम तिवाड़ी, भुवनेश्वर कलिता, के. लक्ष्मण, कविता पाटीदार, संजय कुमार झा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुकुल बालकृष्ण वासनिक, साकेत गोखले, पी. विल्सन, संजय सिंह, मानस रंजन मंगराज और वी. विजयसाई रेड्डी शामिल हैं। इस सप्ताह के शुरुआत में लोकसभा से 27 सदस्यों को जेपीसी के लिए नामित किया गया था। शुक्रवार को सभापति जगदीप धनखड़ ने सभा के शीतकालीन सत्र में अपने समापन भाषण में कहा कि संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस सत्र का समापन करते हुए हमें गंभीर चिंतन का क्षण देखना पड़ रहा है। ऐतिहासिक संविधान सदन में संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि करना था लेकिन इस सदन में हुए कार्य एक अलग कहानी बयां करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सत्र की उत्पादकता मात्र 40.03 प्रतिशत है, जिसमें केवल 43 घंटे और 27 मिनट ही प्रभावी कामकाज हुआ। उन्होंने कहा कि सांसदों के रूप में हम भारत के लोगों से कड़ी आलोचना का सामना कर रहे हैं।



#### लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एक देश-एक चुनाव से जुड़ा विधेयक जेपीसी को भेजा गया

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आज लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच एक देश-एक चुनाव से जुड़ा 129 वां संविधान संशोधन विधेयक संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11:00 बजे शुरू होते ही विपक्ष ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर शोर-शराबा शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्य सदन के बीचों बीच पहुंच गए। इस दौरान सदन के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित थे। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच केंद्रीय कानूनमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान संशोधन विधेयक को संसद की संयुक्त कार्य समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा। हंगामे के बीच प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर सदन की अनुमति प्रदान की गई। जेपीसी में 27 सदस्य हैं। इनमें से 12 राज्यसभा से हैं।

# गांव की बेटियां और महिलाएं अब किसी के ऊपर आश्रित नहीं रहेंगी: डीएम

- समूह की महिलाओं के सपनों को मिली उड़ान, गांव में ही मिलेगा रोजगार
- डीएम ने महिलाओं में भरा स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता का जोश, प्रदान की टूल किट

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश के खीरी जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और सराहनीय पहल हुई है। जिले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अनूठी पहल से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सपनों को न केवल उड़ान मिली बल्कि गांव में ही रोजगार के अवसर और रास्ते भी खुल गए हैं। शुक्रवार को चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने ब्लॉक लखीमपुर के अटल सभागार में प्लंबर, फ़िटर और पंप ऑपरेटर की ट्रेनिंग प्राप्त करने वाली समूह महिलाओं ने स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का जोश भरते हुए टूल किट प्रदान की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि गांव की बेटियां और महिलाएं अब किसी के ऊपर आश्रित नहीं रहेगी। वह निर्भय होकर स्वयं अपने पैरों पर खड़ी हो और दूसरी महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बनकर उभरें। उनको दिया गया यह हुनर उनके जीवन के लिए केवल आमदनी का जरिया नहीं बल्कि ऐसी महिलाओं और बेटियों के लिए एक मूल मंत्र भी है जिसको अपनाकर वह भी समूह की महिलाओं की तरह ही मुख्य धारा में जुड़ सकती है। उन्होंने कहा कि यह महिलाएं हुनरमंद बनने के बाद गांव-गांव में प्लम्बर, फिटर और पंप ऑपरेटर की सेवाएं देकर समूह की महिलाएं जिले में नारी सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण पेश करेंगी। जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम पंचायतों में महिलाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर सृजित हुए हैं। महिला प्लम्बर, फिटर और पंप ऑपरेटर्स गांव की दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगी।

**डीएम ने प्रशिक्षु महिलाओं को बांटी निशुल्क टूल किट, खिले चेहरे:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) योगेंद्र कुमार नीरज, बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह की मौजूदगी में प्रशिक्षण के अंतिम दिन ब्लॉक लखीमपुर के अटल सभागार में 168 प्रशिक्षु महिलाओं को विशेष टूल किट निशुल्क प्रदान की। महिलाओं को प्रदान की गई प्लंबर ट्रेड की टूल किट में हथौडी, ब्लैड, इंची टेप, टेपलान टेप, छेनी, पाइप रिंच शामिल है। फिटर ट्रेड में पाइप रिंच, हथौडा, पेचकस,कटर और पंप और ऑपरेटर ट्रेड के लिए प्लास, ब्लेड, कटर, पेचकस, टेस्टर, रिंच, टेप टूलकिट में शामिल है। प्रत्येक ट्रेड में 56-56 समूह की महिलाओं ने ट्रेनिंग प्राप्त की। बताते चलें कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर लखीमपुर खीरी में घूंघट और पर्दों में रहने वाली ग्रामीण महिलाएं अब घरों से निकलकर गांव में पानी की सप्लाई की जिम्मेदारी संभालेगी। जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना ने चहारदीवारी में रहने वाली 168 समूह की महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। ग्रामीण महिलाएं पम्प हाउस से सुबह और शाम घर-घर तक पानी पहुंचाने का जरिया बनेगी। चार दिवसीय प्रशिक्षण पाने के बाद अपने ही गांव में पानी की सप्लाई देने का कार्य सुनिश्चित करेंगी।

**कालाआम में महिलाओं की कराई फील्ड विजिट, दी हैंड्सऑन ट्रेनिंग:** अटल सभागार में व्यावहारिक प्रशिक्षण लेने के बाद गुरुवार सुबह तहसील व ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम पंचायत कालाआम में सभी 168 महिलाओं की कुशल प्रशिक्षकों की देखरेख में फील्ड विजिट कराकर हैंड्सऑन ट्रेनिंग भी कराई गई। इन महिलाओं ने गांव की परियोजना को न केवल देखा और समझा बल्कि जमीन पर भी काम को करके देखा। इस पूरे प्रोग्राम के लिए डीएम ने प्रदेश से कुशल शिक्षकों को ट्रेनिंग हेतु बुलाया था। इसमें अधिशासी अभियंता जल निगम वाईके नीरज की अगुवाई में सहायक अभियंता दीन प्रभाकर, एहसान खान और सौरभ वर्मा और जल जीवन में कार्य कर रही समस्त संस्थाओं ने भी महती भूमिका निभाई।

## कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च, दी प्रभात पांडे को श्रद्धांजलि

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** लखनऊ में विधानसभा के घिराव के दौरान भाजपा सरकार द्वारा की गई नुकीली कीलों से बेरीकेडिंग के कारण गोरखपुर के प्रभात कुमार पांडे की पुलिसिया उत्पीड़न से हुई मौत पर गोला के इंदिरा पार्क में शोक सभा के बाद कैंडल मार्च निकालकर शहीद प्रभात कुमार पांडे को श्रद्धांजलि दी गई और उत्तर प्रदेश सरकार की कठोर निंदा की गई। कैंडल मार्च कार्यवाहक अध्यक्ष अजीत जैन की देखरेख में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में आदेश गुप्ता, रामकुमार वर्मा, प्रेम कुमार वर्मा, राकेश विश्वकर्मा, उपेंद्र सिंह बंजारा, मतीन शाह, अनिल शुक्ला, सहजेंद्र दीक्षित, अचल शुक्ला, सुभाष शुक्ला, अफजल शाह सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# दूसरे की जमीन दिखाकर 1.26 लाख रुपए की ठगी

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर):**

दूसरे की जमीन दिखाकर फर्जी तरीके से पैसा ठगने वाले एक आरोपी व उसके तीन अज्ञात साथियों के विरुद्ध पीडित ने न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई। जिस पर न्यायालय ने सुमित कुमार पुत्र रामसागर वर्मा निवासी नरहार मेरीकलां जिला सीतापुर हालपता सनसाइन हास्पिटल एंड ट्रामा सेटर नई बाइपास के सामने कस्बा गोला ने न्यायालय में दी शिकायत पर गोला पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

पीडित ने दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि विपक्षी पंकज मिश्रा पुत्र विष्णुप्रसाद निवासी ग्राम घरथनियां हाल पता संतोष शुक्ला के मकान में किराएदार मोहल्ला जहानपुर कस्बा थाना गोला सहित तीन अन्य अज्ञात के विरुद्ध बताया। कि वह सनसाइन हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में




मैनेजर के पद पर कार्यरत है। अक्टूबर 2023 को विपक्षी पंकज मिश्रा ने अपने साथी संतोष शुक्ला से मुलाकात कराते हुए जमीन का ब्रोकर बताया। तथा एक खतौनी दिखाते हुए नगरा सलेमपुर स्थित एक भूमि गाटा संख्या 678 के बिक्री के बाबत बताया। तथा उसकी कीमत करीब पचास लाख रुपये बताई। साथ ही बताया कि उक्त भूमि चार सगे भाईयों रामसिंह, सुरेशचंद्र, आनंदकिशोर व विनोद पुत्रगण बाबूराम के नाम संयुक्त खाते में दर्ज है। तथा वह लोग अपनी जमीन बेचना चाहते है। इसके बाद उसे झांसे मे लेते हुए उक्त भूमि का मौका दिखाते हुए वहां मौजूद अपने दो साथियों को सुरेशचंद्र व विनोद कुमार बताते हुए कहा कि यह रामसिंह व आनंद किशोर के सगे भाई है। इसके बाद पंकज मिश्रा के कहने पर उक्त ने अपने आधारकार्ड दिखाए। इसके बाद विपक्षी पंकज ने उक्त जमीन का सौदा 45 लाख रुपये में तय करा दिया। 16 नवंबर 2023 को विपक्षी पंकज ने कथित सुरेशचंद्र को लेकर उसके पास आया और बयाने के तौर पर एक लाख छब्बीस हजार रुपये उससे ले लिए। जिसमें 90 हजार रुपये की चेक संख्या 132237 तथा 36 हजार रुपये नगद का भुगतान किया गया। तथा शेष राशि 43 लाख 74 हजार रुपये का भुगतान बैनामे के समय देने की बात तय हुई। तथा 20 जनवरी 24 को बैनामा कराने की बात कही। समय गुजरने के बाद जब उसने विपक्षी से बैनामे के लिए कहा। तो विपक्षी टाल गया कि भूमि स्वामी का स्वास्थ्य खराब है। बीस दिन बाद बैनामा कराएगे। निरंतर हीला हवाली के बाद विपक्षी ने फोन काल रिसीव करना बंद कर दिया। जिस पर ठगे जाने की आशंका होने पर उसने पडताल की तो पता चला कि विपक्षी पंकज मिश्रा व उसके तीन साथी नाम पता अज्ञात ने योजनाबद्ध तरीके से अपराधिक षणयंत्र रचकर उसके साथ छलकपट, धोखाधडी करते हुए फर्जी आधार कार्ड दिखाकर पैसे ठगे गए। इसके बाद उसने दी गई 90 हजार रुपये की चेक बैंक जाकर सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो पता चला कि पंकज मिश्रा ने फर्जी सुरेश चंद्र बनकर चेक कैश करा ली है। इसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए काफी प्रयास किया। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। जिस पर पीडित ने न्यायालय की शरण ली। जिस पर न्यायालय ने पीडित की शिकायत पर तत्काल गोला पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच करने के निर्देश दिए है।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

अलग-अलग सड़क हादसों में एक बच्चे सहित तीन लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर निवासी अजय कुमार 35 पुत्र श्रीकृष्णा, सार्थक 6 पुत्र अनिल कुमार एवं मोहल्ला वीरेन्द्र नगर कॉलोनी निवासी हर्षित कुमार 21 पुत्र सूरज वर्मा सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।





# तीव्र रफ्तार के कहर से एक तेंदुआ गंभीर रूप से जख्मी, उपचार के लिए भेजा

- जंगल क्षेत्रों में वाहनों की धीमी गति के निर्देशों पर नहीं हो रहा अमल

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

जंगल क्षेत्र, वन्य क्षेत्र के तमाम बोर्ड, भी, तीव्र रफतार के कहर के चलते दुर्लभ वन्य जंतुओं की अकाल मौतों को रोकने में नाकाफी साबित हो रहे है। बता दें कि जंगल क्षेत्रों में भटक कर आए वन्य जंतु चीता, गुलदार, बाघ सहित तमाम अन्य जीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग ने काफी प्रयास कर इन क्षेत्रों में तीव्र रफतार से वाहन न चलाए जाने के अनुरोध किए है। इसके बाबजूद भी जंगल क्षेत्र के मार्गो से तीव्र रफतार वाहन की रफतार थमने का नाम नहीं ले रही है। जलवायु परिवर्तन के साथ ही तमाम वन्य जंतु गुनगुनी धूप व भूख प्यास के चलते जंगल क्षेत्र से भटककर जंगलों से गुजरे मार्गो पर आ जाते है। यहीं उन मार्गो पर तेजी से गुजरने वाले वाहन उनके लिए काल बन रहे है। ऐसे ही एक हादसे में गुरुवार की देर रात एक तेदुआ किसी तीव्र रफतार वाहन की चपेट में आकर बुरी तरह से जख्मी हो गया। बता दें कि बीती रात खुटार गोला मार्ग मैलानी रेंज के बफर जोन स्थित ग्राम ढाकनपुर के पास जंगल से डेढ़ किलोमीटर आगे नागरिक क्षेत्र में नाले के पास सड़क किनारे एक घायल तेंदुआ पेड़ के नीचे पड़ा देखा गया। जिस पर ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। वनकर्मियों ने शुक्रवार सुबह घायल तेंदुए को रेस्क्यू कर पिंजड़े में डालकर इलाज के लिए भेज दिया है। बता दें कि मैलानी भीरा मार्ग व खुटार गोला मार्ग पिछले वर्षो में इसी तरह की कई घटनाओं में दुर्लभ वन्य जीव अकाल काल के गाल में समां चुके है।





## आरएन इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुई हिंदुस्तान ओलंपियाड परीक्षा

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।** तिकुनिया कोतवाली तिकुनियाँ में स्थित आर एन इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधक शिव कुमार गर्ग के मार्ग दर्शन में पूर्ण हुई ओलंपियाड परीक्षा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय अवस्थी की देख रेख में संपन्न हुई इस परीक्षा में कक्षा 5 से 12 तक के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। प्रत्येक वर्ष ये परीक्षाएं सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों में कराई जाती है जिसमें गणित, सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी हिंदी आदि विषयों से सम्बंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इस परीक्षा में जो प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त करेंगे उन छात्र/छात्राओं को हिंदुस्तान ओलमपियाड की तरफ से पुरस्कार भी दिया जायेगा। परीक्षा विक्रांत दीक्षित, शैलेश शुक्ला, शशांक दीक्षित आदि लोगों की निगरानी में हुई।

# 'जो व्यक्ति जैसा कर्म करेगा उसे वैसे ही फल भोगना पड़ेगा'

- श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा के वर्णन में अच्छी संगति के बारे में बताया

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर के मोहल्ला जोड़ी बंगला, नौरंगाबाद के चंदेल लॉन में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा का वर्णन करते हुए भागवत व्यास पं. अमित कृष्ण जी महाराज ने कथा का विस्तार करते हुए कहा जो व्यक्ति जैसा कर्म करेगा उसे वैसे ही फल भोगना पड़ेगा, इस लिए व्यक्ति को भगवान का ध्यान करते हुए अच्छे कर्म करना चाहिए। अच्छी संगति अच्छी ओर लजाती गलत संगति गलत की ओर भगवान के दर्शन के लिए व्यक्ति को समाज




में दीन होने की सेवा गौ सेवा करनी होगी। जब व्यक्ति के अच्छे कर्म होते सत्संग होता तो स्वयं सज्जन शक्तियां संतो की कृपा होने लगती क्योंकि बाबा तुलसीदास जी ने भी कहा बिन सत्संग विवेक न होती सत्संग होते ही संत मिलते संत मिलते ही प्रभु के दर्शन होने लगते। ब्यास जी ने नारद चरित का बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाई। कथा में आत्म देव धुंधकारी और गोकर्ण की कथा विस्तार से सुनाया। भागवत कथा को बार बार सुनना चाहिए। शास्त्र कहते है जो फल यज्ञ से गायत्री जप से आदि मिलता वो एक बार भगवत कथा सुनने से प्राप्त होता है। व्यक्ति को अपने घर को मंदिर बनाना हो तो घर के बच्चों को तुलसी जी को जल, सूर्य भगवान को प्रातः जल दे। जल सूर्य उदय होने के दो घंटे में किसी पात्र में लाल फूल या रोली रख कर देना चाहिए। बाहर जाने पर बढ़ो को प्रणाम कर मंदिर दर्शन कर के किसी काम के लिए जाओगे कार्य सफल होगा। घर में बुजुर्ग बड़े और बच्चे भगवान के समान होते है जिसदिन बच्चे मंदिर जाने लगेंगे श्री रामचरित मानस पढ़ेंगे उस दिन से विधर्मी हिंदू बेटियों पर हांथ नहीं डाल पाएंगे, लव जिहादी भाग जाएंगेएम भजन गाते हुए, हम हांथ उठाकर कहते है, हम होगए राधा रानी के, ने लोगों का मन मोह लिया। श्रीमद भागवत कथा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चलेगी । कथा का समय 1 बजे से 5 बजे तक चलेगी। कथा में मुख्य रूप से सुधा जंगबहादुर सिंह, आचार्य संजय मिश्रा, भानुप्रताप सिंह, शिवचंद्र सिंह, श्रीकांत मिश्रा, सुरेश अवस्थी प्रधान, राम प्रकाश अवस्थी, अमित मिश्रा, पुनीत, पंडित समित पांडे, आर्येन्द्र पाल सिंह, शैलेन्द्र मौर्या, सुनील सिंह, संदीप सिंह चौहान, वीरेंद्र बहादुर सिंह, जगत नरेश सिंह, शिवानंद, चित्रा, प्रेमवती, शैलेन्द्र प्रताप सिंह आदि सैकड़ों धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

## गृहमंत्री की बाबा साहेब पर टिप्पणी को लेकर बौध महासभा आक्रोशित

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** भारतीय बौध महासभा ने संविधान निर्माता भारत रत्न डा बाबासाहेब अंबेडकर के विषय में निंदनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए गृहमंत्री अमित शाह को निष्कासित किए जाने के संबंध में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को ज्ञापन व ईमेल भेजा है जिसमें बताया कि सरकार के गृहमंत्री अमित शाह ने जानबूझकर संविधान शिल्पी विश्वरत्न डा बाबासाहेव अंबेडकर की घोर निंदा की है। जिससे विश्व भर के अंबेडकर अनुयायिओं की भावनाओं को चकनाचूर कर दिया है। महासभा ने मांग की है कि गृहमंत्री अमित शाह से तत्काल माफीनामा लेकर उनको निष्कासित किया जाए अन्यथा देश विदेश के करोडो अंबेडकर अनुयायी अमित शाह का निषेध करने के लिए रास्तों पर उतरकर विरोध करेंगे। ज्ञापन में भारतीय बौध महासभा तहसील गोला अध्यक्ष डा बीआर गौतम, कामिनी देवी, आकांक्षा देवी, मानसी देवी, आरके गौतम, अजीत कुमार, नाहिद हुसैन, आलोक कुमार, संध्या, विकास, कमल, पंकज प्रेमी, जीवेन्द्र कुमार, बबलू, सत्यजीत गौतम, चुन्नीलाल, लियाकत हुसैन, शिशुपाल, अवधेश वर्मा, रमाकांत चौधरी, विक्रम सिंह एडवोकेट, उमाशंकर, पवन कुमार आदि ने हस्ताक्षर अंकित है।

# पीएम श्री विद्यालयों की जनपदीय वार्षिकोत्सव में जमकर खेले नौनिहाल

- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ, खेलों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने जीते पदक

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पीएम श्री विद्यालयों की जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को शहर के गुरुनानक इंटर कालेज के मैदान में हुआ। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पीएम श्री विद्यालय




दुलही की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की वहीं पीएम श्री विद्यालय सकेथू की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार पीएम श्री विद्यालयों की जनपदीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेलकूद का शुभारम्भ बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने ध्वजारोहण करके किया। पीएम श्री संविलियन विद्यालय सकेथू विकास क्षेत्र की छात्रा मालती ने मैदान में उपस्थित सभी खिलाड़ियों, शिक्षकों को खेल शपथ दिलायी तथा मालती ने मशाल लेकर पुरे मैदान का भ्रमण किया। जनपद के समस्त विकास क्षेत्रों के 31 पीएम श्री विद्यालयों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। वार्षिकोत्सव में दौड़, खोखो, कबड्डी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में समूह नृत्य, एकल युगल नृत्य एवं भाषण आदि प्रतियोगितायें संपन्न हुई। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पीएम श्री विद्यालयों में उच्च गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए प्रति विकासखंड से पीएम (प्रधानमंत्री) श्री विद्यालयों के रूप में चयन किया गया है जिससे इन उन विद्यालयों में न्याय संगत समावेशी और आनंदमय वातावरण में छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान की जा सके। पीएम श्री स्कूलों का चयन पारदर्शी चुनौती पूर्ण पद्धति के माध्यम से किया जाता है जिसमें सभी पीएम श्री विद्यालय अपने स्कूल को आदर्श स्कूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी देवेश राय, हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव, जिला समन्वयक विशाल गिरी, प्राचार्य गुरु नानक इंटर कॉलेज, विवेक गुप्ता, आशीष श्रीवास्तव, उत्तम पांडेय, अंशिका दुबे, कृष्णा त्रिपाठी, मनोज शर्मा, अंशुल जायसवाल, विपनेश, अरुण वर्मा, तारा, पूनम सिंह तोमर, पंकज वर्मा समस्त खेल प्रशिक्षक खिलाड़ी छात्र-छात्रा अभिभावक उपस्थित रहे।

## मिलियन डॉलर राउंड टेबल के सदस्य बने चंद्र कुमार



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा गोला के बीमा अभिकर्ता चंद्रकुमार गुप्ता को इस सत्र में प्रथम मिलियन डॉलर राउंड टेबल (यूएसए) के सदस्य बनने पर उन्हें सम्मानित किया गया। अभिकर्ता चन्द्रकुमार गुप्ता की यह लगातार 8वी बार सदस्यता हासिल करने वाले शाखा के प्रथम अभिकर्ता हैं। शुक्रवार को एलआईसी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। लखनऊ डिवीजन से आए सीनियर डिविजनल मैनेजर संजय सिंह, मार्केटिंग मैनेजर डीके पांडे, शाखा प्रबंधक राजकुमार, सहायक शाखा प्रबंधक प्रबल दीक्षित ने शाखा कार्यालय में उन्हें सम्मानित किया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि डायमंड ब्रिगेडशिप मेंबर चन्द्रकुमार गुप्ता का कार्य व व्यवहार बहुत अच्छा है। कार्यक्रम में द्वारिका प्रसाद वर्मा, भोगनाथ वर्मा, अजय गुप्ता, जेपी मिश्र, सुनील सेठी, मनोज वर्मा, रामपाल सहित कई अभिकर्ता मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान की प्रगति का हुआ परीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तीसरे दिन ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी नियोजन विभाग उप्र शासन डॉ. संतराम ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान की प्रगति के परीक्षण हेतु तहसील और ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत मिदनियाँ गढ़ी के पंचायत घर, सार्वजनिक शौचालय, तालाब निर्माण एवं प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के साथ थाना पडुवा, थाना फूलबेहड़, थाना शारदानगर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी ने पंचायत घर, व्यक्तिगत शौचालय की महिला लाभार्थियों, मनरेगा जॉब कार्ड धारक महिलाएं, स्वयं सहायता समूहों,वीसी सखी योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित जिम्मेदार अधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिए।सार्वजनिक शौचालय के निरीक्षण के दौरान केयर टेकर के रूप में कार्यरत जय दुर्गे मां स्वयं सहायता समूह के पारिश्रमिक भुगतान के संबंध में जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। परिषदीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कक्षा आठ की छात्राओं से मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी लेकर जागरूक किया। छात्राओं की उपस्थिति, शौचालय की क्रियाशीलता, मध्यान भोजन के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी द्वारा उक्त थानों के निरीक्षण के दौरान थाने में प्राप्त महिलाओं के शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के गुणवत्ता की स्थिति के परीक्षण हेतु महिला हेल्पडेस्क पंजिका, जनसुनवाई पंजिका,



आगंतुक पंजिका एवं महिला उत्पीड़न शिकायत पंजिका का अवलोकन किया। निरीक्षण में ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी ने संबंधित थानों के थानाध्यक्षों को मिशन शक्ति अभियान की उपयोगिता, प्रभाव एवं क्रियाशीलता के महत्व का पाठ पढ़ाते हुए निर्देशित किया कि प्रदेश सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु पूर्ण रूप से दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित यूपी मिशन शक्ति अभियान के मूल्यांकन के लिए प्रदेश में रेंडम पद्धति के आधार पर अभियान की प्रगति का मूल्यांकन निर्धारित है, जो जनपद में 21 दिसंबर तक किया जाएगा। निरीक्षण में ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी ने सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिए कि थानों में आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के शिकायती प्रार्थना पत्रों पर प्राथमिकता से संज्ञान लेकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति विकृत मानसिकता रखने वाले आपराधिक प्रवृति के लोगों को सबक मिल सके। इसके साथ ही ऐसी महिलाऐं जो थानों में बार-बार महिला उत्पीड़न की फर्जी शिकायतें लेकर आती हैं, उनका भी थाना प्रभारियों द्वारा विशेष रूप से चिन्हांकित किया जाए, जिससे इस प्रकार की महिलाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई पूर्ण की जा सके। निरीक्षण में उन्होंने थानों में महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला इंचार्ज सहित अन्य महिला पुलिस कर्मियों से मिशन शक्ति अभियान के सफल संचालन में परिलक्षित बाधाओं को दूर करने हेतु महिला पुलिस कर्मियों से जरूरी सुझाव भी प्राप्त किए, साथ ही आश्वासन भी दिया कि मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शासन के समक्ष संसाधनों की उपलब्धता हेतु जरूरी बिंदु रखे जाएंगे।

# कुंदरकी व कटेहरी चुनाव जीत सकते हैं तो कोई भी चुनाव जीत सकते हैं : योगी

**▸ मुख्यमंत्री योगी ने पार्टी पदाधिकारियों को दिया मिल्कीपुर उपचुनाव विजय का मंत्र**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/अयोध्या ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक दिवसीय दौरे में सरयू अतिथि भवन में लगभग डेढ़ घंटे तक अयोध्या के विकास और मिल्कीपुर उपचुनाव के साथ ही महाकुंभ और श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर गहन विचार विमर्श किया।

मुख्यमंत्री योगी ने यहां महाकुम्भ 2025 को लेकर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था का निर्देश दिया। सीएम ने यहां मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर बीजेपी पदाधिकारियों और स्थानीय नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर गंभीर हैं। इसी के मद्देनजर उन्होंने यहां सरकार के मंत्रियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ मिल्कीपुर चुनाव में अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। मण्डल प्रभारी से लेकर अन्य पदाधिकारियों से चुनाव के सन्दर्भ में उन्होंने प्रश्न पूछे। सीएम योगी ने पार्टी पदाधिकारियों को चुनाव में विजय का मंत्र भी दिया। पदाधिकारियों में उत्साह का संचार करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जब कुंदरकी व कटेहरी का चुनाव जीत सकते हैं तो कोई भी चुनाव जीता जा सकता है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बूथ मैनेजमेंट व पार्टी के जुड़े पदाधिकारियों को सक्रिय करने पर जोर दिया। उन्होंने पदाधिकारियों से चुनाव जीतने की बेहतर रणनीति साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। इसलिए पदाधिकारी अपने पूरे सामर्थ्य से परिश्रम करें। मतदाता सूची पर उन्होंने विशेष रुप से फोकस करते हुए कहा कि भाजपा के मतदाताओं को चिन्हित करते चुनाव के लिए बूथ के पदाधिकारी इन वोटरों का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। इसके लिए सम्पर्क व संवाद की प्रक्रिया लगातार चलाते रहे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सभी मोर्चों के सम्मेलन आयोजित किए जाए। सम्मेलनों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा के पक्ष में वातावरण का निर्माण किया जाय व कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाए।

**महाकुम्भ के श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था का दिया निर्देश**

प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक और एकता के प्रतीक इस मेले में करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इस दौरान अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को ठंड में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए सीएम योगी ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए और समय रहते उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही सीएम योगी ने अधिकारियों के साथ अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी भी ली।

## नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर दिव्यांग लेखपाल अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** शुक्रवार को गांधी प्रतिमा पर दिव्यांग अभ्यर्थियों ने धरना प्रदर्शन किया। नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए दिव्यांगों ने जताया विरोध। दिव्यांग महा गठबंधन के महासचिव वीरेंद्र कुमार ने कहा कि हम लोग लंबे समय से लेखपाल पद पर नियुक्ति पत्र की मांग कर रहे। मगर सुनावई नहीं हो रही है ये बेहद अफसोसनाक है। वीरेंद्र कुमार ने बताया कि आयोग की लापरवाही के कारण दिव्यांग अभ्यर्थियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा है। हम सभी लोग लेखपाल पद पर चयनित अभ्यर्थी हैं मगर अभी तक हमें नियुक्ति पत्र नहीं मिला। 188 सीटों पर हमारे नियुक्ति होनी है जिसको लेकर हम लोग संघर्ष कर रहे हैं। वीरेंद्र ने बताया कि विगत 10 महीने से लेखपाल चयनित दिव्यांगों का आंदोलन चल रहा है। इससे पहले कई बार हम लोग भाजपा कार्यालय का भी गिराव कर चुके हैं। मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यूपीएसएसएससी आयोग के द्वारा हमें सिर्फ आश्वासन मिल रहा है।

# शीतकालीन सत्र के दौरान चार दिन में 16 घंटे 15 मिनट चली विधान सभा : महाना

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के वर्ष 2024 के तृतीय सत्र में कुल चार उपवेशन (दिन) हुए। इन चार दिनों में विधान सभा की कुल समयावधि 16 घंटे 15 मिनट रही। इसमें सदन की कार्यवाही 2 घंटे 23 मिनट तक स्थगित रही। जबकि स्थगन रहित सदन की कार्यवाही कुल 13 घंटे 52 मिनट तक चली। सत्र 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 19 दिसंबर तक चला है।

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को बताया कि 18वीं विधानसभा के सत्र में नियम-300 के अंतर्गत प्रथम सत्र में प्राप्त सूचनाओं की संख्या 7 रही। उनमें से 3 सूचनाओं को सुनकर ग्राह्य किया गया। द्वितीय सत्र में 16 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 ग्राह्य की गईं। तृतीय सत्र में कुल 11 सूचनाएं प्राप्त हुईं। उनमें से 3 ग्राह्य की गईं। कुल मिलाकर, वर्ष 2024 के तीनों सत्रों में 34 सूचनाओं में से 8 सूचनाओं को सुनकर ग्राह्य किया गया। नियम-301 के तहत प्रथम सत्र में प्राप्त 381 सूचनाओं में से 273 स्वीकृत और 108 अस्वीकृत रहीं। द्वितीय सत्र में 358 सूचनाओं में से 197 स्वीकृत और 161 अस्वीकृत रहीं। तृतीय सत्र में 315 सूचनाओं में से 226 स्वीकृत और 89 अस्वीकृत रहीं।

सत्र के दौरान कुल 2809 प्रश्न प्राप्त हुए। उनमें 384 तारांकित और 1966 अतारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए। उत्तरित तारांकित प्रश्नों की संख्या 78 और उत्तरित अतारांकित प्रश्नों की संख्या 768 रही। इनमें से 89.14 प्रतिशत प्रश्न (2504 प्रश्न) सदस्यों द्वारा ऑनलाइन प्राप्त हुए। सत्रवार प्रश्नों के विवरण की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रथम सत्र में 75 तारांकित और 525 अतारांकित प्रश्न। द्वितीय सत्र में 75 तारांकित और 744 अतारांकित प्रश्न। तृतीय सत्र में 78 तारांकित और 768 अतारांकित प्रश्न आए। वर्ष 2024 में कुल 7446 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें से 6478 (87त्न) प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हुए। नियम-56 के अंतर्गत प्रथम सत्र में 54 सूचनाओं में से 10 ग्राह्यता हेतु सुनी गईं। द्वितीय सत्र में 29 सूचनाओं में से 7 ग्राह्यता हेतु सुनी गईं। तृतीय सत्र में 33 सूचनाओं में से 6 ग्राह्यता हेतु सुनी गईं। नियम-103 के तहत प्रथम सत्र में कुल प्राप्त 14 प्रस्तावों में कोई भी प्रस्ताव ग्राह्य नहीं हुआ। द्वितीय सत्र में 28 प्रस्ताव प्राप्त हुए और सभी ग्राह्य हुए। तृतीय सत्र में 19 प्रस्ताव प्राप्त हुए और सभी ग्राह्य हुए। वर्ष 2022-2024 के दौरान कुल 13248 याचिकाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 7796 ग्राह्य, 2478 अग्राह्य, 2974 व्यपगत रहीं।

## खबरें एक नजर में

### बाउंड्री से टकराकर जली कार, महिला ड्राइवर ने भागकर बचाई जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क के पास शुक्रवार तड़के एक कार में आग लग गई। कार के इंजन से आग निकलते देख महिला चालक ने शोर मचाना शुरू किया। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने करीब 10 मिनट में आग पर काबू पा लिया। आग से कार पूरी तरह से जल गई। गोमती नगर एसएचओ के मुताबिक गोमती नगर निवासी आनंद मौर्या की पत्नी किरन अपनी होंडा सिटी कार से घर से निकली थीं। वह जनेश्वर मिश्र पार्क की तरफ से शहीद पथ की तरफ जा रही थीं। उन्होंने बताया कि अचानक कार रोड के किनारे बाउंड्री से टकरा गई, जिससे इंजन की तरफ आग लग गई। दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई है।

### व्यापारियों ने एडीसीपी से मिलकर बताई समस्याएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दक्षिणी कल्ली पश्चिम स्थित डीसीपी कार्यालय में व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें एडीसीपी राजेश कुमार यादव और एसीपी किरन यादव के साथ स्थानीय व्यापारियों ने अपनी समस्याओं पर चर्चा की। इस बैठक में मुख्य रूप से दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। किराएदारों का सत्यापन और नाबालिकों द्वारा बिना परमिट के ई-रिक्शा चलाने पर रोक। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने जोर देते हुए कहा कि सिर्फउन व्यक्तियों को ई-रिक्शा चलाने की अनुमति दी जाए जिनके पास वैध परमिट और लाइसेंस हो। इसके अलावा हर हफ्ते चौकी इंचार्ज को अपने क्षेत्र में जाकर किराएदारों का सत्यापन करने की प्रक्रिया शुरू करनी होगी। व्यापारियों ने महिला पुलिस गश्त की मांग भी उठाई। शहर में टप्पेबाजी, चोरी और चेन स्नैचिंग जैसी घटनाओं को रोका जा सके। इस दौरान व्यापारियों ने महिला सुरक्षा को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की। महिला पुलिस गश्त की आवश्यकता को बल दिया। बैठक में लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ मंत्री मनीष अरोड़ा, रमेश मालानी, विवेक सक्सेना, एमके शुक्ला, सुनील गुप्ता, जय प्रकाश रस्तोगी, महेश चन्द गुप्ता और अमित राज सहित कई प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे।

### ठेले वाले को गोली मारने वाला शातिर गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में चाट विक्रेता की गोली मारकर हत्या करने वाले शातिर अपराधी राकेश कालिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस उसकी एक हफ्ते से तलाश कर रही थी। इसकी जानकारी देते हुए डीसीपी पश्चिम ओमवीर सिंह ने बताया कि कालिया की तलाश में ठाकुरगंज थाना पुलिस के साथ सर्विलांस और क्राइम टीम लगी थी। एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार रात 9.30 बजे चाट का ठेला लगाने वाले राजेश गौतम (55) की हत्या कालिया ने गोली मारकर कर दी थी। उसने पूछताछ में बताया ठेला लगाने के स्थान को लेकर विवाद हुआ था। इसके चलते ही उसने घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार राकेश कालिया ने हत्या करने के बाद तमंचा के साथ खोखा और कारतूस को पुराने हाईकोर्ट कचहरी के नाले में फेंक दिया था। जिससे कोई उसको खोज न सके। पुलिस की पूछताछ में राकेश लोधी उर्फराकेश कालिया ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए रिश्तेदारों के घर नहीं गया।

### 251 व्यापारियों को आदर्श व्यापारी एसोसिएशन ने किया सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आदर्श व्यापारी एसोसिएशन ने भव्य व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें समाज में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने वाले 251 व्यापारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वर्णकार समाज से विधायक विनय वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में विनय वर्मा ने सम्मानित व्यापारियों को माला पहनाकर किया। उन्होंने समाज में व्यापारियों की भूमिका और उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारियों ने हमेशा समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। व्यापारियों की मेहनत और ईमानदारी से ही देश की अर्थव्यवस्था में मजबूती आई है। आज के इस सम्मान समारोह के माध्यम से हम उन व्यापारियों के समर्पण और प्रयासों को सलाम करते हैं। इस अवसर पर आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को शॉल, पुष्प गुच्छ और एक मोमेंटो प्रदान करके उनका सम्मान किया।

### आरटीओ कार्यालय के घेराव की चेतावनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने आरटीओ संजय तिवारी से मिलकर कैब चालकों की समस्या के बारे में बताया है। मौके पर कैब कंपनियों के लिए एग्रीगेटर पॉलिसी लागू करने की मांग की गई है। 10 दिनों के अंदर समस्या का समाधान नहीं करने पर आरटीओ कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी भी कैब चालकों ने दी है। समिति के अध्यक्ष आरके पांडेय ने बताया कि लखनऊ शहर में ऐप बेस्ड कम्पनियों (ओला ऊबर, रैपिडो, इन ड्राइवर) के द्वारा 2014 से कैब संचालन किया जा रहा है। 2014 में परिवहन विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा। चालकों को 20 रुपए प्रति किमी की दर से भुगतान किया जा रहा था। सुविधा शुल्क के रूप में 10 प्रतिशत कमीशन लिया जाता था जबकि उस समय सीएनजी की कीमत लगभग 47 रु0 प्रति किलोग्राम थी। चालक की तनख्वाह लगभग 6 से 7 हजार थी। आज के हालात ये हैं कि सीएनजी 99 रु0 प्रति किग्रा है। चालक की तनख्वाह लगभग 12 हजार रुपए मासिक है। कम्पनी अधिकतम 10 रुपए प्रति किमी की दर से चालकों को भुगतान कर रही है। 30 प्रतिशत कमीशन ले रही है।

### बलरामपुर चिकित्सालय में लगा रक्तदान शिविर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम द्वारा आज बलरामपुर चिकित्सालय की ओपीडी में एक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मदरसा नदवा तुल उलेमा के 70 छात्रों ने समाज और मानवता के लिए रक्त दान किया। इस रक्त दान शिविर में डॉ. सुशील प्रकाश डायरेक्टर बलरामपुर चिकित्सालय, डॉ. संजय तेवतिया सीएमएस बलरामपुर चिकित्सालय, डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, डॉ विनोद एच. गुप्ता इंचार्ज ब्लड बैंक और संस्था के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर डायरेक्टर बलरामपुर चिकित्सालय डॉ सुशील प्रकाश ने संस्था को इस पुनीत काम के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि रक्त दान करना पुण्य का काम है, इन छात्रों ने जो रक्त दान किया है उनका ये कार्य मानवता की मिसाल है। आज पूरे देश में लोग जाति और धर्म के नाम पर कुछ भी करने को तैयार हैं लेकिन रक्तदान से पीछे रहते हैं, वहीं मदरसा नदवा तुल उलेमा के इन छात्रों ने जो रक्तदान किया है वो किसी न किसी की जान बचाएगा और वो भी बिना किसी की जात और धर्म देखे।

### कांग्रेस मुख्यालय पर मनायी गयी संत गाडगे की पुण्यतिथि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेणगांव अंजनगांव में जन्मे संत गाडगे की पुण्यतिथि के मौके पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उनके चित्र पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर दिनेश सिंह ने कहा कि सेवा भाव रखते हुए संत गाडगे जी ने अनेक धर्मशालाएं, गौशालाएं, विद्यालय, चिकित्सालय तथा छात्रावास का निर्माण कराया, परंतु अपने सारे जीवन में इस महापुरुष ने अपने लिए एक कुटिया तक नहीं बनवाई। उन्होंने धर्मशालाओं के बरामदे या आसपास के किसी वृक्ष के नीचे ही अपनी सारी जिंदगी बिता दी।

# ओटीएस का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता बिचौलियों से रहें सावधान : एके शर्मा

**▸ ऊर्जा मंत्री ने चिनहट के शिवपुरी विद्युत उपकेन्द्र व ओटीएस योजना के शिविर का किया निरीक्षण**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शुक्रवार को अपराह्न 02 बजे चिनहट के शिवपुरी स्थित 33द्11 केवी विद्युत उपकेन्द्र पहुंचकर एकमुश्त समाधान योजना अन्तर्गत लगे शिविर का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने ओटीएस रजिस्टर और बिलिंग काउन्टर का भी निरीक्षण किया तथा वहां पर मौजूद उपभोक्ताओं से उनकी समस्याओं और ओटीएस योजना का लाभ लेने में किसी भी प्रकार की परेशानी पर जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एकमुश्त समाधान योजना से बकायेदार उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न आए और योजना के बारे में अधिक से अधिक लोगों के बीच प्रचार-प्रसार भी किया जाए, उपभोक्ताओं के आने तक बिलिंग काउन्टर खोले जाए। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की ओटीएस का लाभ लेने के लिए जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करायें और ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें। विद्युत उपकेन्द्र में मौजूद उपभोक्ताओं से ओटीएस योजना के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने उपभोक्ताओं को बताया कि प्रदेश सरकार उनके बकाये विद्युत बिलों के सरचार्ज में छूट के लिए एक बार फिर से एकमुश्त समाधान योजना को 15 दिसम्बर से लागू किया जिसका प्रथम चरण अभी चल रहा है। योजना के प्रथम चरण में सभी प्रकार के विद्युत उपभोक्ताओं को सर्वाधिक छूट मिल रही है। शुक्रवार तक इसके तहत 3.72 लाख उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया और योजना के तहत दी जा रही छूट का लाभ उठाया। योजना के तहत प्रथम चरण में 01 किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को उनके पांच हजार रुपये के मूल बकाये के एकमुश्त भुगतान पर अधिभार में शतप्रतिशत तथा किस्तों में भुगतान पर अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट मिल रही है। 01 किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को उनके पांच हजार रुपये से अधिक के मूल बकाये के एकमुश्त भुगतान पर अधिभार में 70 शतप्रतिशत तथा किस्तों में भुगतान पर 60 प्रतिशत की छूट मिल रही है। 01 किलोवाट भार से अधिक के घरेलू उपभोक्ताओं तथा वाणिज्यिक, निजी संस्थानों, लघु एवं मध्यम उद्योग के सभी भार वाले उपभोक्ताओं को उनके मूल बकाये के एकमुश्त भुगतान पर अधिभार में 60 प्रतिशत तथा किस्तों में भुगतान पर 50 प्रतिशत की छूट मिल रही है।

## अखिलेश ने स्पीकर से की मुलाकात, बोले विवाद को सुलझाना चाहिए

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने पर प्रतिक्रिया दी है। गांव गांव में बाबा साहब को पूजने वाले लोग हैं। सरकार को माफी माँगनी चाहिए और शब्द वापस लेने चाहिएम माफी मांगने वाला व्यक्ति बड़ा होता है।विवाद को स्पीकर के पास सुलझाना चाहिए था।उन्होंने कहा कि एक बात तो हमें और आपको समझनी चाहिए मैं पिछले कई वर्षों से और खासकर यूपी में देख रहा हूं। बीजेपी का एक बहुत सोचा समझा मॉडल है। वह पहले असंवैधानिक और गैरकानूनी काम करते हैं। आप विरोध करने आते हैं. तो शासन और प्रशासन से आपके खिलाफकार्रवाई कराते हैं। बाबा साहेब न सिर्फसमाजवादियों बल्कि सभी के लिए वह पूजनीय हैं। किसी भी गांव में चले जाएं लोग बाबा साहेब को पूजते हैं। हर समाज के लोग उनको भगवान की दृष्टि से देखते हैं।

# एटीएम मशीन से छेड़छाड़ करने वाले पांच गिरफ्तार, 39 कार्ड बरामद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आईसीआईसीआई बैंक में एटीएम की कैश ट्रे में छेड़छाड़ कर लाखों रुपए की चोरी करने वाले गिरोह के पांच लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। यह लोग कैश ट्रे में टेप लगाकर मशीन को हैक करते थे और लोगों के उसमें फंसे रुपए चुरा लेते थे। पुलिस ने बैंक प्रबंधक की शिकायत पर मामले की जांच कर इस गिरोह के पांच लोगों को पकड़ा है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि पांचो आरोपी शातिर साइबर ठग हैं। इनके पास से 39 एटीएम भी बरामद हुए हैं। सभी के खिलाफ कई जिलों में मुकदमे दर्ज हैं।

विभूतिखंड इंस्पेक्टर ने बताया कि 23 अक्टूबर को आईसीआईसीआई बैंक के प्रबंधक गौरव महेन्द्र ने एटीएम मशीन से छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी जांच के आधार पर प्रतापगढ़ जेठवारा जमालपुर निवासी जितेंद्र बहादुर सिंह, प्रतापगढ़ भदोही के राजेश प्रताप सिंह कौशांबी चरवा समरपुर के अजय यादव, प्रतापगढ़ लीलापुर के मो. सैफ और प्रतापगढ़ कंधई रखहा के हिमांशु सिंह को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से कई बैंक के 39 एटीएम कार्ड, 24 हजार रुपए, एटीएम मशीन से छेड़छाड़ में प्रयुक्त होने वाली 11 कटी हुई प्लास्टिक पट्टी, एक ब्लेड बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह लोग मौका देख एटीएम मशीन में छेड़खानी कर कैश निकालने के स्थान पर पहले से ही एक पट्टी लगा देते थे। एटीएम मशीन में पट्टी के चलते पैसा फंस जाता था। जैसे ही एटीएम से पैसा निकालने वाला जाता था, तो पट्टी को हटाकर पैसा चोरी कर लेते थे। इस तरह शहर के कई एटीएम में घटना को अंजाम दिया। डीसीपी पूर्वी ने घटना का खुलासा करने वाली टीम को 15 हजार रुपए का इनाम दिया है।

# स्वार्थ की राजनीति कर रहा है सत्ता पक्ष व विपक्ष : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर सियासत तेज हो गई। पूरा विपक्ष शाह से माफी मांगेने की बात पर अड़ा है। इसी कड़ी उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कड़ी नारजगी जताई है। मायावती ने इसे लेकर ताबड़तोड़ चार ट्वीट की।

उन्होंने कहा कि बीजेपी के अमित शाह द्वारा संसद में दलित व अन्य उपेक्षित वर्गों के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के बारे में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया है उससे इन वर्गों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। ऐसे में उन शब्दों को वापस लेकर इनको पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए। उन्होंने इसे लेकर कांग्रेस पर भी हमला बोला। मायावती अपने दूसरे पोस्ट में कहा कि वैसे कांग्रेस, भाजपा व इनकी सहयोगी दलों का चाल, चरित्र व चेहरा बाबा साहेब डा. अम्बेडकर व उनके करोड़ों दलित-पिछड़े, शोषित-पीड़ित अनुयाइयों के हित व कल्याण के प्रति हमेशा संकीर्ण व जातिवादी रहने के कारण इनके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक हालात लगातार बदतर, इससे इंकार असंभव। मायावती ने अपने दूसरे ट्वीट में कहा कि बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के प्रति दिल से सम्मान नहीं करना व उनके अनुयाइयों के विरुद्ध अन्याय-अत्याचार तथा इनको संवैधानिक व कानूनी हक देने के बजाय छीनने में भी यह पार्टियाँ एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। इसको लेकर सत्ता व विपक्ष के बीच जारी तकरार केवल वोट के स्वार्थ की राजनीति। यह सब करने के पहले सत्ता व विपक्ष दोनों को अपने दिल में पड़े संकीर्णता, जातिवाद एवं द्वेष आदि के कालेपन को साफ करके पाक-साफ करना होगा।

## शहीद प्रभात का मामला : नहीं हुई साक्ष्य से छेड़छाड़ : अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से सामने आया है, जिस कमरे में कांग्रेस कार्यकर्ता शहीद प्रभात पाण्डेय बेहोश हुए थे, उस कमरे में साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ हुई है। यह पूरी तरह से भ्रम फैलाने वाली बात है। अर्धरात्रि तक पुलिस ने हमसे जो कुछ मांगा, सीसीटीवी फुटेज इत्यादि वह सबकुछ उपलब्ध कराया गया है। वहां जो गद्दे आये थे, वो टेंट हाउस से आये थे। गद्दों को हम लोगों ने आंदोलन के लिए 18 तारीख को मंगाया था। कार्यकर्ता प्रभात जिस गद्दे पर बेहोश हुए वह गद्दा भी टेंट का था। बेहोश होने के बाद प्रभात को अस्पताल ले जाया गया और उसके बाद टेंट वाले आकर सभी गद्दों को लेकर चले गये। अजय राय ने मीडिया के सम्मुख कहा कि अर्धरात्रि को फारेंसिक एवं पुलिस की टीमें आयीं थी। उन्होंने ठीक से वहां जांच पड़ताल किया और उस कमरे को उन्होंने सील किया।

# कृषक हमारे अन्नदाता, उन्हें सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : स्वतंत्र देव

**▸ लघु सिंचाई विभाग के 11 सहायक अभियंताओं का पदस्थापन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** लघु सिंचाई विभाग के अभियन्ताओं को, जिन जनपदों में तैनाती की कार्यवाही की जा रही है वे तत्काल कार्यभार ग्रहण करते हुये विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ कृषकों को प्रदान किये जाने में अपना सहयोग दें।

जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने यह निर्देश भूगर्भ जल विभाग के सहायक अभियंताओ के पदस्थापन के अवसर दिया। पदस्थापन कार्यक्रम का आयोजन राणाप्रताप मार्ग स्थित जल निगम ग्रामीण के कार्यालय में आयोजित किया गया। जलशक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कृषक हमारे अन्न दाता हैं उन्हें समय से सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता में है। पदस्थापन प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रोन्नति के फलस्वरूप रिक्त हुये पदों पर सहायक अभियन्ताओं के पदस्थापन किया गया। कार्यक्रम में लघु सिंचाई विभाग के 11 सहायक अभियन्ताओं के विभिन्न रिक्त जनपदों में पदस्थीकरण की कार्यवाही की गयी। प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के द्वारा अभियन्ताओं से विभागीय जनोपयोगी कार्यों को ईमानदारी के साथ सीधे कृषकों तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करने एवं उनके आय में बढ़ोत्तरी किये जाने का आवाहन किया गया। भूजल स्तर में बढ़ोत्तरी हेतु विभाग द्वारा वर्षा जल संचयन व संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया जाना है। विशेष सचिव प्रभाष कुमार के द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं पर प्रदत्त अनुदान का लाभ किसानों तक ससमय पहुंचाने की विशेष आवश्यकता बतायी गयी।

### पानी पर टैक्स का व्यापारियों ने किया विरोध

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में जलकल विभाग द्वारा व्यापारियों से बिना इस्तेमाल किए गए पानी के बिलों का भुगतान कराने पर व्यापार मंडल ने विरोध किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री संदीप बंसल ने की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जलकल और नगर निगम के सचिव शशि गुप्ता और मुख्य वित्त अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। संदीप बंसल ने बैठक में लखनऊ के 2 दर्जन से अधिक बाजारों के व्यापारी प्रतिनिधियों को जलकल विभाग द्वारा भेजे गए बिलों की प्रतियां दिखाते हुए सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि किस नियम के तहत जलकल विभाग पानी पर टैक्स ले रहा है। जबकि पूरे देश में पानी पर कोई टैक्स नहीं लिया जाता। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता केवल इस्तेमाल किए गए पानी का ही भुगतान करता है जो वह जलकर के रूप में देता है।

## ईआरपी साफ्टवेयर के माध्यम से की जाए निर्माण कार्यों की शत-प्रतिशत मॉनिटरिंग

**लखनऊ ।** राज्य निर्माण सहकारी संघ लि.के मुख्यालय भवन के सभागार में आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता बीएन सिंह द्वारा भ्रमण किया गया तथा भ्रमण के दौरान संस्था के कार्यो को गति प्रदान करने एवं गुणवत्ता पर नियत्रंण एवं मानिटरिंग हेतु तैयार कराये गये ईआरपी साफ्टवेयर से पूरे प्रदेश मे कराये जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गयी। निर्देशित किया गया है कि ईआरपी साफ्टवेयर के माध्यम से निर्माण कार्यो की शत-प्रतिशत मानिटरिंग की जाय। यह भी कहा कि संस्था द्वारा भविष्य में अपने व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए सोलर पैनेल सम्बन्धित कार्य किये जाये। सहकारिता क्षेत्र की सभी संस्थायें सामंजस्य के साथ कार्य करें, जिससे सहकारिता एवं प्रदेश का सर्वांगीण विकास सम्भव हो सके।

**महोत्सव** | **मेरठ महोत्सव की रंगारंग शुरूआत आज, हेमा मालिनी, कुमार विश्वास, शंकर महादेवन देंगे प्रस्तुति**

# इतिहास, हस्तशिल्प, ओडीओपी उत्पाद का होगा प्रदर्शन : जयवीर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के सौजन्य से कल 21 दिसम्बर से 05 दिवसीय मेरठ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके दौरान नृत्य, संगीत, गायन, कला की रंगारंग प्रस्तुतियां लगभग 30 कलाकारों द्वारा दी जायेगी।

वर्कशाप एवं वाद-विवाद का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 200 से अधिक विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनियां आयोजित की जायेगी। इसके दौरान मेरठ के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान,हस्तशिल्प, ओडीओपी के उत्पाद, व्यंजन तथा गौरवशाली इतिहास पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेरठ महोत्सव में एक तरफ जहां अभिनेत्री सांसद हेमा मालिनी, सुप्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास, गायिका हर्षदीप कौर, नीति मोहन और शंकर महादेवन समेत अन्य लोकप्रिय कलाकार आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। स्थानीय कलाकार भी रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। प्रतिदिन कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा, जिसमें स्टार्टअप संवाद, नारी तू नारायणी, निपुणता की ओर, श्री अन्ना, श्रेष्ठ अन्ना, करियर कान्क्लेव आदि प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा, अलग-अलग टॉपिक पर वर्कशॉप का भी आयोजन किया जाएगा। मेरठ महोत्सव में चाउ नृत्य, पपेट शो, उड़ीसा का नृत्य ओडिसी थिएटर परफार्मेंस, कथक डांस, रास गरबा डांस, कवि सम्मेलन, मोटिवेशनल स्पीच आदि प्रमुख रूप से आकर्षण के केंद्र रहेंगे। बॉलीवुड क्लासिक के तहत प्रस्तुति होगी।कल्चरल नाइट, धुन से ताल तक, इंडी पॉप नाइट, सूफी नाइट, बॉलीवुड नाइट का भी आनंद दर्शक ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त कई अन्य आयोजन भी होंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि देश के प्राचीन शहरों में से एक मेरठ का इतिहास महाभारत और हिंदू पौराणिक कथाओं से जुड़ा है। 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत भी यहीं से हुई थी। औद्योगिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध शहर मेरठ की विविधता को लोगो में शामिल प्रतीकों के माध्यम से दर्शाया गया है। महोत्सव के माध्यम से मेरठ की आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यटन क्षमताओं का दुनिया के सामने लाना हमारा लक्ष्य है। हमें विश्वास है कि यह भव्य आयोजन अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल होगा।

### जयवीर सिंह आज जाएंगे अरूणाचल प्रदेश, राज्यपाल व मुख्यमंत्री को देंगे महाकुम्भ 2025 का न्यौता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल 21 दिसम्बर से दो दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे। पर्यटन मंत्री लखनऊ से अपराह्न प्रस्थान करके दिल्ली पहुंचेगे। अपराह्न सर्किट हाउस इटानगर अरूणांचल प्रदेश पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। रविवार को महाकुम्भ-2025 के आयोजन के संबंध में प्रेस, कान्फ्रेंस, रोड शो तथा बैठक करेंगे। अरूणाचल के मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट करके कुम्भ में आने के लिए आमंत्रित करेगे। 23 दिसम्बर को राजभवन, इटानगर पहुंचकर राज्यपाल से भेंट कर महाकुम्भ प्रयागराज पधारने के लिए आमंत्रित करेंगे और देर रात्रि तक लखनऊ पहुंचेगे।

# राजकीय छात्रावास का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

- छात्रावास में आवासित छात्रों से जिलाधिकारी ने वार्ता कर मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में ली जानकारी
- अनुसूचित जाति राजकीय छात्रावास (बालक) जेल रोड गोंडा के कैम्पस में लगेगा नया वाटर कूलर : जिलाधिकारी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने देर शाम को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति राजकीय छात्रावास (बालक) जेल रोड गोंडा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अचानक अनुसूचित जाति राजकीय छात्रावास जेल रोड गोण्डा में पहुंची और वहां पर छात्रावास में आवासित छात्रों से वार्ता की, वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान छात्रों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि छात्रावास के कैम्पस में लगी सोलर लाइट विगत कई दिनों से खराब चल रही है। छात्रों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कैंपस में लगी पानी की टंकी खराब है पानी की टंकी से बराबर पानी बराबर नहीं आता है, जिससे छात्रावास में आवासित छात्रों को लाइट एवं पानी की समस्याएं हो रही है। छात्रों द्वारा अवगत कराए गए समस्याओं को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि अनुसूचित जाति राजकीय छात्रावास (बालक) जेल रोड गोंडा में सोलर लाइट तथा पानी की टंकी को जल्द से जल्द सही कराया जाए, ताकि छात्रों को लाइट एवं पानी से समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रावास के कैंपस में नया वाटर कूलर दो दिवस में लगवाने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को यह भी निर्देश दिए हैं कि छात्रावास के कैंपस तथा आसपास में साफ सफाई की व्यवस्था भी तत्काल सही कराया जाए और संबंधित अधिकारी के द्वारा छात्रावास का बराबर निरीक्षण किया जाए, ताकि छात्रावास में आवासित छात्रों को किसी प्रकार की कोई समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# जिम्मेदारों की अनदेखी का शिकार आरआरसी सेन्टर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में जिम्मेदार अधिकारियों के नजर अंदाज का शिकार हो रहा आरआरसी सेन्टर (कूड़ा घर)।पंडरी कृपाल ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायतों में बन रहे कूड़ाघरों में हो रहे भ्रष्टाचार के चलते लोगों द्वारा रेत का महल बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बकठेरवा में बन रहे आरसीसी सेंटर (कूड़ेदान) की जमीनी हकीकत जानने पहुंचे मीडिया कर्मियों को लोगों ने बताया कि बगैर डीपीसी की ढलाई कराए ही दीवार उठवाया गया है। पिलर में 04 सूत की 04 सरिया की जाल होनी चाहिए जबकि 03 सूत की 02 सरिया डलवाकर पिलर उठवा दिया गया है। लोगों ने पिलर को दिखाकर कहा कि यदि जाल होता तो एक सरिया पिलर के बाहर न निकलती। कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि अव्वल ईंट के स्थान पर दोयम दर्जे का ईंट प्रयोग किया जा रहा है।

ग्रामीणों द्वारा आरआरसी सेन्टर (कूड़ा घर) के बगल बन रहे सेफ्टी टैंक को मानक विहीन बताया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जब से यह आरआरसी सेन्टर बन रहा है तब से कोई विभागीय कर्मचारी देखने तक नही आया जिससे स्पष्ट होता है कि जिम्मेदारों की जेबों में भ्रष्टाचार की नकदी जड़ जमा चुकी है। इस सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे ने कहा कि जांचोपरांत खामियां मिलने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायगी।

# अब कोई न रहे बेरोजगार अपनाएं स्वरोजगार : बाबू राम यादव

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में प्रदेश सरकार की अनोखी पहल कोई न रहे बेरोजगार अपनायें स्वरोजगार के तहत मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को लागू किया गया है जिसके सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बाबूराम यादव उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र गोन्डा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की योजना है जो सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम,उद्यम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना लागू किया गया है।उक्त योजना के माध्यम से सूक्ष्म लघु एवं मध्यमों को गति प्रदान करने एवं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने हेतु प्रतिवर्ष 01 लाख नई सूक्ष्म इकाईयां स्थापित किये जाने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु महत्वाकांक्षी




योजना प्रारम्भ की गयी है।योजना के प्रचार-प्रसार के संबंध में कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार गोण्डा में दिनांक 21 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे निर्धारित है।जिसमें आप सभी से अनुरोध है कि आप स्वंय कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए पात्र युवकों को कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करे।योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र गोन्डा कार्यलय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# पोस्ट आफिसों पर आधार बनाने वाले कर्मचारियों को निर्देश, न हो अवैध वसूली

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों लोगों के सुविधा हेतु डाकघर के कर्मचारियो को आधार कार्ड बनाने का काम दिया गया है,आधार बनाने में लगभग तीन सौ डाकघर कर्मचारी लगायें गये है।इस सम्बन्ध में अधीक्षक डाकघर गोन्डा किरन सिंह से वार्ता करने पर बताया की 0 से 05 साल तक के बच्चों का वैध दस्तावेज चाहिए और इनके इनरोलमेंट (आधार बनाने) के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

वहीं डाकघर अधीक्षक किरण सिंह ने साफ साफ पोस्ट आफिस पर बने आधार केन्द्रो के कार्मचारियो को निर्देश दिया है कि नागरिकों के सुविधानुसार पोस्ट आफिस में आधार का कार्य दिया गया है,अगर अवैध रूप

- अवैध वसूली की मिली शिकायत तो होगी कड़ी कार्रवाई : किरन सिंह, अधीक्षक डाकघर



से वसूली की शिकायत मिलती है तो नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।उन्होंने बताया की नये आधार को बनवाने हेतु कोई शुल्क देय नहीं है लेकिन अगर आप संसोधन करवाते हैं तो निर्धारित शुल्क देय है और उसकी रसीद भी दी जाती है।मामला यह था कि पोस्ट आफिस विशुनपुर बैरिया के एक कर्मचारी पर 0 से 05 साल तक के बच्चों का आधार बनाने के लिए शुल्क मागने का आरोप एक ग्रामीण ने लगाया था उसी की शिकायत डाक अधीक्षक से की थी।जिस पर डाक अधीक्षक किरन सिंह ने ग्रामीण को कार्यवाही का अश्वासन दिया है। ग्रामीण अपने 04 साल की बेटी का नया आधार इनरोलमेंट के लिए पोस्ट आफिस विशुनपुर बैरिया में गया था।

# कौटिल्य कोचिंग संचालन सहित तीन पर केस

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

एक महिला अध्यापक को बी ओ की परीक्षा की तैयारी कराने के दौरान उस के साथ कैटिल्य कोचिंग संचालन सहित तीन लोगों पर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में वाद दायर किया था। न्यायालय के आदेश पर कौटिल्य कोचिंग संचालन सत्यवान सिंह, विजय वर्मा समाज शास्त्र शिक्षक व शिक्षक आशीष कुमार के खिलाफ में नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। एक महिला अध्यापक ने न्यायालय में वाद दायर किया जिस में उस ने कहा कि वह आगरा जिले की रहने वाली है। गोण्डा के झझरी विकास खण्ड के अंर्तगत एक प्राथमिकता विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति है। उस ने कहा कि शहर के नगर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग स्थित एल बी एस चौराहा निकट कैटिल्य एकाडमी कोचिंग इंस्टीट्यूट है। उस मे उस ने बी ओ की परीक्षा की तैयारी करने के लिए दाख़िला लिया था। उस मे वह पढ़ाई कर रही थी। वही के समाज शास्त्र के शिक्षक विजय वर्मा ने उस के साथ शारीरिक शोषण किया। उस ने कहा कि बी ओ परीक्षा के सामग्री देने के बहाने बीते 9 जनवरी 2023 को कोचिंग में रोक रखा। रात्रि में करीब 9 बजे उस के साथ रेप करने का प्रयास किया गया। किसी तरह से वहां से बच कर भाग कर अपने क्वाटर पर आई। जिस का मुकदमा लिखाने के लिए अगले दिन 10 जनवरी को नगर कोतवाली में तहरीर दिया लेकिन पुलिस ने मुकदमा नही लिखा। इस के बाद एस पी से भी शिकायत किया । परन्तु कोई कार्यवाही नही हुई। इसी बीच उस का स्थानन्तरण मथुरा जिले में हो गया। 13 नवंबर 24 को न्यायालय में वाद दायर किया जिस पर न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश कर दिया। न्यायालय के आदेश पर समाज शास्त्र के शिक्षक विजय वर्मा उस मे सयोग करने के मामले में कोचिंग संचालन सत्यवान सिंह शिक्षक आशीष कुमार के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है। नगर कोतवाली सन्तोष मिश्रा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कराई जा रही है।

## स्वास्थ्य शिविर में 400 मरीजों की हुई जांच

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कैसरगंज के हैदराबाद चौराहे पर जीबी हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर मे चार सौ मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे निःशुल्क दवाये वितरित की गयी। नर सेवा नारायण सेवा की भावना को समर्पित इस शिविर में इस बार लगभग चार मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, ऑपरेशन और अन्य बीमारियों का परीक्षण किया गया। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।शिविर में डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. डब्लू यादव, डॉ. शिवानी और डॉ. रुखसार ख़ान जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। डा0अरविंद सिंह ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना है, ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या भौगोलिक सीमाओं के कारण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।इस आयोजन को सफल बनाने में प्रधान हैदराबाद जसवंत सिंह, प्रधान देवीदासपुर रानू सिंह, प्रधान चिलौली, चंदन सिंह, शिवम वर्मा और शिव गोबिंद यादव का योगदान रहा।

## खबरें एक नजर में

### इंजेक्शन लगाने के बाद महिला की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** नवाब गंज थाना क्षेत्र में एक महिला की तबियत खराब होने के बाद इलाज के लिए ले गए एक झोला छाप डॉक्टर के पास उस ने महिला की इलाज करने के दौरान सुई लगा दिया। जिस से महिला की थोड़ी देर के बाद मृत्यु हो गई। परिजनों ने झोला छाप डॉक्टर के खिलाफ में नवाब गंज पुलिस से शिकायत कर के कार्यवाही की मांग किया है। नवाब गंज थाना क्षेत्र के भोपत पुर गांव के निवासी 60वर्षिय सुरेमा देवी पत्नी छेदी लाल यादव की पेट मे दर्द हो रहा था।इलाज के लिए उस को गांव के ही स्थानीय एक झोला छाप चिकित्सक के यहाँ इलाज कराने के लिए ले गए। चिकित्सक ने एक सुई लगाई जिस से महिला को गर्मी दे दिया। इस के बाद उस ने एक दवा खिलाया। दवा खिलाने के बाद महिला की तबियत और खराब हो गई। चिकित्सक ने थोड़ी देर के बाद दूसरी सुई लगा दिया। चिकित्सक ने परिजनों से कहा कि महिला को घर ले जा कर पंखे की हवा के आगे लेटा कर आराम करने के लिए कहा। परिजन उस को घर ला रहे थे। रास्ते मे महिला की मौत हो गई। परिजन उस को वापस झोला छाप डॉक्टर के पास ले गए गये तो वहाँ दुकान बंद कर के भाग गया। इस से परिजनों नाराज हो गये और चिकित्सक के खिलाफ में नारे बाजी करते हुए थाने पर गलत इलाज करने की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेक्ट पोस्टमार्टम को भेजा है।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** वजीर गंज थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध अवस्था मे मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। वजीर गंज थाना क्षेत्र के बाने पुर गांव के निवासी 19 वर्षिय शनि कुमार पुत्र राम तीरथ खेत मे खर लाने के लिए गया था। खेत से खर लाते समय रास्ते मे ही अचानक गिरा गया। परिजन उस को वही नजदीक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। घर पर ही छपरा छाया जा रहा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### दुष्कर्म के आरोप में तीन दोषियों को 20 साल की सजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र निवासी तीन अभियुक्तों को बृहस्पतिवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सों की कोर्ट ने बीस-बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्तों को 70-70 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड की धनराशि अदा न करने पर अभियुक्तों को 10-10 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।कोतवाली नानपारा के एक गांव निवासी पिता ने थाने पर तहरीर देते हुए कहा था कि उसकी बेटी को कोतवाली थाना क्षेत्र के हकीमपुरवा निवासी लालू, शब्बू और बबलू उसकी 14 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर कहीं ले गए है। जाते वक्त बेटी सोने चांदी के जेवरात, 16 हजार की नगदी और एक मोबाइल फोन ले गई है। कोमवाली प्रभारी ने पिता की तहरीर के आधार पर 19 अगस्त 2014 को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। विवेचना अधिकारी ने गवाहों व साक्ष्यों को एकित कर आरोपपत्र कोर्ट में सौंपा था। बृहस्पतिवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट ने मुकदमें सुनवाई शुरू की। इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक पाक्सों ने अभियुक्तों की ओर से घटित की गई घटना को गंभीर बताते हुए अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने की दलील कोर्ट में पेश की थी। कोर्ट ने अभियोजन व बचाव पक्ष की बहस सुनने के बाद तीनों अभियुक्तों को बीस-बीस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह दिसम्बर के तृतीय शनिवार 21 दिसम्बर 2024 को तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी तथा तहसील पयागपुर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

# हादसे पर कार्रवाई, नायब तहसीलदार निलंबित, चालक पर केस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिला मुख्यालय स्थित सेंटर की जांच कर वापस नानपारा तहसीलदार के वाहन से जा रहे नायब तहसीलदार के वाहन में राम गांव थाना क्षेत्र में एक युवक जीप में फंस गया। वह लगभग 35 किलोमीटर वाहन से घसीटता हुआ तहसील में पहुंच गया। तब लोगों को पता चला। डीएम ने शिथिलता पर नायब तहसीलदार को निलंबित कर दिया है। जबकि चालक के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कृष्ण नगर कालोनी निवासी नरेंद्र कुमार हालदार (35) पुत्र राधेश्याम हालदार सोमवार को लखीमपुर खीरी जिले के गोला गोकर्ण नाथ अपनी भांजी को बाइक से भेजने गए थे। इसके बाद गुरुवार को घर के लिए रवाना हुए। नानपारा बहराइच मार्ग पर राम गांव थाना क्षेत्र में चौपाल सागर के पास बाइक दुर्घटना ग्रस्त हुई। इधर जिला मुख्यालय से सेंटर की जांच कर नायब तहसीलदार, तहसीलदार के सरकारी वाहन से नानपारा जा रहे थे।



- नायब तहसीलदार के वाहन में घसीटकर गए युवक की हुई मौत का मामला

उसी वाहन में नरेंद्र कुमार फंस गया। चालक बिना ध्यान दिए नरेंद्र कुमार को घसीटता हुआ नानपारा तहसील ले गया। जहां पर वह मृत हालत में जमीन पर गिरा। इसके बाद राम गांव थाने की पुलिस और कोतवाली की पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं राम गांव थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। मालूम हो कि वाहन में चालक के अलावा गार्ड और नायब तहसीलदार भी बैठे थे। लेकिन किसी की नजर नहीं पड़ी। सीओ नानपारा प्रदुम्न सिंह ने बताया कि चालक पर केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना में अन्य का नाम बढ़ाया जा सकता है।

### वाहन बैक करने पर गिरा शव

जिला मुख्यालय से नायब तहसीलदार शैलेश कुमार अवस्थी का वाहन नानपारा तहसील में रात आठ से नौ के मध्य पहुंचा। जब चालक ने वाहन बैक किया, तब नरेंद्र कुमार का शव नीचे गिरा। इस पर एसडीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने पुलिस को सूचना दी।

### डीएम ने नायब तहसीलदार को किया निलंबित

तहसीलदार नानपारा के वहां से हुई दुर्घटना के बाद मामले को गंभीरता से लेकर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नायब तहसीलदार बलहा शैलेश कुमार अवस्थी को निलंबित कर दिया गया है।

### कार्रवाई की जाएगी

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि हादसा वीभत्स था और शव को नायब तहसीलदार के वाहन द्वारा लगभग 30 किलोमीटर तक घसीटा गया। मृतक के आने के समय और नायब तहसीलदार के निकलने के समय का मिलन सीसीटीवी के आधार पर किया जा रहा है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हम सब हो गए अनाथ

नरेंद्र के पिता राधे श्याम ने बताया मेरा इकलौता बेटा अपनी भांजी को उसके घर पहुंचाने गया था। वहां से लौटते समय नायब तहसीलदार की गाड़ी ने मेरे बेटे को कुचल दिया। मेरे बेटे के शव के कई टुकड़े हो गए हैं। नरेंद्र के तीन बच्चे हैं पहले बेटा 12 साल का और दूसरा बेटा 6 साल का है। सबसे छोटी 3 साल की बेटी है अब सब अनाथ हो गए हैं मेरे बुढ़ापे की लाठी टूट गई है। मृतक की पत्नी शोभावती ने कहा मेरे पति की दुर्घटना हुई तो उनको बहराइच क्यों नहीं लाया गया। वह गाड़ी में फंस कर नानपारा कैसे पहुंच गए। अगर समय से उन्हें बहराइच शहर लाया जाता तो शायद उनकी जान बच जाती।




## पुरैना में धूमधाम से निकली श्री बालाजी की भव्य शोभा यात्रा, सक्रिय रही पुलिस

- स्वर्ण रथ के साथ दर्जनों झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विशेश्वरगंज क्षेत्र के पुरैना बाजार में श्री बालाजी की भव्य शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा का क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। श्री बाला जी की शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। शोभा यात्रा में दर्जनों झांकियां बैंड डीजे शामिल रहे। शोभायात्रा श्री राम जानकी मंदिर से आरंभ होकर पुनः मंदिर स्थल पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। शोभायात्रा में श्री बालाजी महाराज के भव्य रथ के साथ दर्जनों झांकियां कई डीजे व बैंड शामिल रहे। शोभायात्रा में बालाजी महाराज के स्वर्ण रथ के साथ दर्जनों झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। श्री बालाजी महाराज की शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक विशेश्वरगंज नवीन कुमार सिंह सहित भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर अनोखी शुक्ला, मंशा कसौधन, गोबिंदा, दुर्गा मौर्या, अरविंद शुक्ला व क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

# वानिकी कार्यो से सम्बन्धित गोष्ठी आयोजित

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशन में बहराइच वन प्रभाग द्वारा पौधशाला, वृक्षारोपण एवं वानिकी कार्यो से संबंधित गोष्ठी का आयोजन बहराइच रेंज की टेड़वा बसन्तपुर पौधशाला में आयोजित किया गया। जिसमें वानिकी कार्यो के अन्तर्गत माईक्रोप्लानिंग-आगामी वृक्षारोपण के लिए स्थल चयन व स्थन के अनुरूप पौध प्रजाति का चिन्हीकरण कर ग्राम पंचायतवार सूक्ष्य नियोजन तैयार किया जाना, नर्सरी में पौध उगान, अग्रिम मृदा कार्य (गडढा खुदान), वृक्षारोपण की सुरक्षा एवं देख-रेख, सिल्वीकल्चरल (वन वर्धन) आपरेशन, कटान के लाटों की मार्किंग व पातन में सावधानियॉ, वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा एवं मानव-वन्य जीव संघर्ष आदि विषयों पर व्यापक चर्चा की गयी। उक्त कार्यक्रम में ग्राम प्रधान टेड़वा बसन्तपुर रामलखन सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी नानपारा राशिद जमील, क्षेत्रीय वन अधिकारी, बहराइच रेंज मो साकिब, वन विभाग के कर्मचारी, प्रतिनिधि-स्वास्थ्य विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग एवं 12 अन्य विभागों के प्रतिनिधि, आसपास के ग्रामीण कृषक आदि उपस्थित रहें।

# नेपाल के बजाए भारत को सौंपे पीड़िताएं : पुलिस अधीक्षक

- तस्करों को सजा दिलाने के लिए नेपाल पुलिस से उठाई आवाज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत नेपाल सीमा स्थित एसएसबी मुख्यालय में गुरुवार को दोनों देश के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में मानव तस्करी को लेकर चिंता जताई गई। साथ ही नेपाल के पुलिस अधिकारियों से तस्करी हुईं युवतियों को नेपाल न ले जाकर भारत में सौंपे जाने की मांग रखी गई। जिस पर तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। एसएसबी 42वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में 209 सेक्टर स्तरीय एलआईए बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता वी.विक्रमन उप महानिरीक्षक, एसएसबी, सेक्टर मुख्यालय लखीमपुर खीरी ने की। बैठक में भारत-नेपाल सीमा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहा कि रुपईडीहा लैंड पोर्ट से तस्करी के मामलों में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु समस्त सम्बन्धित



एजेंसियों को संयुक्त रूप सूचना एकत्रित कर बड़े तस्करों पर कार्यवाही करने का प्रयास करना चाहिए। जिससे कि भारत-नेपाल सीमा पर किसी प्रकार की अवैध गतिविधि न हो सके और न ही इसका दुरुपयोग हो सके। मानव तस्करी के मामले अक्सर ही बड़ी संख्या में देखने को मिल रहें हैं, जिसमें पीड़िता और अभियुक्त दोनों को नेपाल राष्ट्र की पुलिस को वापस कर दिया जाता है। जिस कारण उनपर प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाती। साथ ही यह भी देखने में आया है कि ऐसे मामलों में पीड़िता के परिजन ही अक्सर तस्करी हेतु स्वीकृति प्रदान करते हैं। मीटिंग मे तस्करी की गयीं नाबालिग लड़कियाँ को भारतीय पुलिस को सुपुर्द किये जाने हेतु अनुरोध किया गया, जिससे कि उनपर प्रभावी कार्यवाही अमल में लायी जा सके। इसके अतिरिक्त सीमा क्षेत्र में नेपाल से आने वाली सभी जमातों पर नजदीकी से सतर्क निगरानी हेतु निर्देशित किया। जिससे कि किसी प्रकार की राष्ट्र अथवा समाज विरोधी गतिविधियाँ न पनप न सकें। बैठक में एसएसबी के उच्चाधिकारीगण, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, खुफिया एजेंसियों, वन विभाग और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। महोदय द्वारा सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय को और मजबूत बनाने तथा सीमा सुरक्षा को प्रभावी बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए, साथ ही निर्देशित किया गया कि भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए तस्करी, मानव तस्करी, और अन्य अपराधों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान कमांडेंट, सहायक कमांडेंट के अलावा नेपाल और भारत के अधिकारी शामिल रहे।

# शिक्षा से विमुख बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें शिक्षक : आशीष कुमार सिंह

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा विभाग ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की कवायद शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को राजकीय इंटर कॉलेज में प्रशिक्षित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता एआरपी राजेश कुमार मिश्रा, पवन कुमार शुक्ला डायट प्रवक्ता गोविंद किशोर व रामपाल वर्मा ने प्रतिभागियों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन तथा उनके शिक्षण की रणनीतियों से अवगत कराया।प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रशिक्षक पवन कुमार शुक्ला ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा तथा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के मुख्य प्राविधानों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार यदि कोई बच्चा 6 वर्ष की आयु पर विद्यालय में प्रवेश नहीं ले पता है तो

- तीन दिवसीय ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण का हुआ समापन

वह बाद में 14 वर्ष की आयु तक अपनी उम्र के अनुसार कक्षा में प्रवेश ले सकंता है, उसे अपनी कक्षा के स्तर पर आने के लिए निशुल्क प्रशिक्षण पाने का पूर्ण अधिकार होगा। किसी भी बच्चे को प्रवेश से वंचित नहीं किया जाएगा और जब तक उसकी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण नहीं हो जाती है तब तक उसे न तो विद्यालय से निकाला जाएगा और न ही उसे अपनी कक्षा में प्रोन्नति से



विरत किया जाएगा। प्रशिक्षक राजेश कुमार मिश्रा ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए भाषा, गणित तथा पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम तथा शिक्षण विधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के परिप्रेक्ष्य में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षण के लिए शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण माड्यूल विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा 2 और 3 के लिए क्रमशः हिंदी एवं गणित विषयों से संबंधित अधिगम सामग्री विकसित की गई है। इसी प्रकार से कक्षा 4 व 5 के लिए भी क्रमशः भाषा हिंदी एवं गणित विषय की संक्षिप्त अधिगम सामग्री विकसित की गई है। कक्षा 3,4 और 5 के लिए पर्यावरणीय अध्ययन पर आधारित संक्षिप्त अधिगम सामग्री विकसित की गई है।प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का सम्यक प्रयोग करते हुए आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं द्वारा विकासखंड के नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित कर आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। प्रशिक्षण कार्यशाला में बीईओ पुष्पेंद्र जैन,एआरपी राजेश कुमार मिश्र, पवन शुक्ल, अरुण अवस्थी, अरुण पाण्डेय, संत कुमार चौबे, अनूप, जनक राम, सुनील कुमार, अतुल कुमार, सत्य प्रकाश, सबा एजाज सिद्दीकी, शीबा परवीन , रघुवीर, विजय प्रताप, जीतेन्द्र सिंह, निर्मल, राकेश कुमार, संतोष कुमार, इजरारुल हक आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## ओमप्रकाश ने पुरुष नसबन्दी करा कायम की मिसाल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज अंतर्गत ग्राम मूसेपुर निवासी ओमप्रकाश ने पुरुष नसबंदी कराके मिशाल कायम की है। जिस पर उन्हें सम्मानित किया गया है। कैसरगंज सीएचसी की आशा रीनिता सिंह, संगिनी संगीता सिंह बीसीपीएम रामप्रताप ठाकुर के प्रयास से ओमप्रकाश की पुरुष नसबंदी हो सकी है। ओम प्रकाश ने भी और लोगों से नसबंदी के लिए अपील की। इस अवसर पर डॉ एन के सिंह अधीक्षक द्वारा वस्त्र, उपहार, एवं नगद धनराशि प्रदान कर लाभार्थी एवं आशा के मनोबल को बढ़ाने का कार्य किया है, अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि ऐसे प्रयास करके पुरुषों में भी नसबंदी कराने की परंपरा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि परिवार नियोजन की जिम्मेदारी महिला एवं पुरुष में समान रूप से विकसित हो सके।

भीषण सड़क हादसा

# टैंकर की टक्कर से स्कूल वैन के ड्राइवर और बच्चे की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली के भदोखर थाना क्षेत्र में लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर जमालपुर के पास शुक्रवार की सुबह टैंकर ने स्कूली वैन को टक्कर मार दी। हादसे में वैन चालक और एक स्कूली बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एम्स में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना सुबह करीब सात बजे की है। सुबह स्कूल वैन बच्चों को लेकर प्रियदर्शिनी पब्लिक स्कूल जा रही थी। गांव से बच्चों को बैठाकर वैन हाईवे पर आई, वह उल्टी दिशा में जगतपुर की ओर जा रही थी। तभी जगतपुर की ओर से आ रहे टैंकर ने टक्कर मार दी। आमने सामने हुई भीषण टक्कर में वैन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।



**चार साल के छात्र और ड्राइवर की मौके पर मौत:** टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और सभी को बाहर निकाला। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में मौके पर सीओ सिटी पहुंच गए। हादसे में वैन सवार बेलाभेला निवासी चार वर्षीय छात्र अंश व वैन चालक पुरुषोत्तमपुर निवासी प्रभुदयाल की मौके पर मौत हो गई। सीओ ने गंभीर रूप से घायल दो बच्चों रेवरी मजरे चक निजाम निवासी अभय व अर्पित को एम्स पहुंचाया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। सीओ सिटी अमित सिंह का कहना है कि दोनों घायल बच्चों को एम्स में भर्ती कराया गया है। एक बच्चे और चालक की मौत हुई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## बाइकसवार सिक्योरिटी गार्ड को बोलेरो ने मारी टक्कर, मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीठन गांव के पास गुरुवार देयर रात एक बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड ओमप्रकाश पुत्र प्रभु उम्र 62 वर्ष को बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी बछरावा पहुंचाया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने बताया कि वह रायबरेली में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर जा रहे थे। तभी बोलेरो ने टक्कर मार दी। बोलेरो चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया है। थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## प्रातः 8 बजे से सायं 9 बजे तक शिविर लगाकर कृषकों का करें फॉर्मर रजिस्ट्री/आईडीः डीएम

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



एग्री स्टेट योजना के तहत फॉर्मर रजिस्ट्री/आईडी बनाए जाने के कार्य के तहत विकास खंड श्रीदत्तगंज में ग्राम बफावां में पंचायत भवन में आयोजित शिविर का डीएम पवन अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान शिविर में आईडी जनरेट किए जाने में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रातः 8 बजे से सायं 9 बजे तक कैंप आयोजित कर फॉर्मर आईडी बनाने का कार्य किया जाए। डीएम ने बताया कि फॉर्मर स्वयं स्मार्ट फोन से जरूरी जानकारी भरकर आधार से खतौनी लिंक कर आईडी जनरेट कर सकते है। उन्होंने इसका व्यापक प्रचार प्रसार एवं सुविधा के लिए वीडियो के माध्यम से प्रचार किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि शतप्रतिशत कृषकों का फॉर्मर रजिस्ट्री/ आईडी जनरेट किया जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### खेत में काम कर रहे किसान को युवक ने पीटा, गंभीर

**बछरावां, रायबरेली।** खेतों में काम कर रहे किसान दंपति को एक युवक ने बेवजह डंडे से पीट कर घायल कर दिया, हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे के आसपास की है, जब किसान दंपति अपने खेतों में काम कर रहे थे, इसी बीच एक युवक जगदीश कुमार पुत्र जगन्नाथ निवासी नथपुरा जनपद प्रतापगढ़ बछरावां रेलवे स्टेशन से ट्रेन से उतर कर रामपुर मजरे नीमटीकर गांव टहलते हुए पहुँच गया। जहाँ खेतों में काम कर रहे दंपती से बेवजह अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। जब पति धनंजय कुशवाहा पुत्र रामआधार निवासी रामपुर मजरे नीमटीकर ने विरोध किया। तो उक्त युवक ने डंडो से धनंजय को जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसे गंभीर चोटें आई है। खेतों में मौजूद पत्नी की चीखपुकार पर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने उक्त युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं गंभीर रूप से घायल किसान को इलाज के लिए सीएचसी बछरावा पहुंचाया गया। जहां उसका उपचार किया गया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### बसपा सहित अन्य दलों ने अमित शाह के खिलाफ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, दी आंदोलन की चेतावनी



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और अन्य दलों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ शुक्रवार को राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उपजिलाधिकारी उतरौला के माध्यम से सौंपे गए इस ज्ञापन में गृह मंत्री को बर्खास्त करने और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ओम प्रकाश गौतम और कांग्रेस के पूर्व पीसीसी सदस्य मार्कंडेय मिश्र के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में चार प्रमुख मांगें गृह मंत्री अमित शाह को तत्काल बर्खास्त किया जाए। उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल भेजा जाए। संसद सदस्यता को रद्द किया जाए। अमित शाह पर किसी भी सरकारी पद पर कार्य करने के लिए आजीवन प्रतिबंध लगाया जाए। आदि थी। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बाबा साहब अंबेडकर के प्रति की गई टिप्पणी न केवल अपमानजनक है, बल्कि यह संविधान और दलित समाज का भी अपमान है। ज्ञापन में कहा गया कि यदि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो व्यापक जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। आंदोलन की जिम्मेदारी पूरी तरह सरकार पर होगी। इस विरोध प्रदर्शन में बसपा और कांग्रेस के अलावा अन्य राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर आनंद कुमार, राम सरन, अनिल कनौजिया, जोगीराम, जयकरन भारती, सुजाउद्दीन खां, छब्बू शाह, फूलचंद, मोहम्मद रफीक, दिलीप कुमार, और रमेश प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। ज्ञापन में बाबा साहब अंबेडकर की विरासत और उनके योगदान की रक्षा करने की बात कही गई। नेताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर देश के संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। ऐसे में उनके खिलाफ किसी भी अपमानजनक टिप्पणी को सहन नहीं किया जाएगा। बसपा और अन्य दलों द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एक गंभीर राजनीतिक और सामाजिक मुद्दे की ओर इशारा करता है। सरकार से इस मामले में सख्त और त्वरित कार्रवाई की मांग की जा रही है। यदि समय रहते इस पर उचित कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### नगर में बंदरों का आतंक, स्थानीय निवासी और दुकानदार हो रहे हैं परेशान



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** उतरौला नगर में बंदरों का आतंक दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। नगर के लगभग हर मोहल्ले में बंदरों की बढ़ती संख्या से लोग परेशान हैं। बंदरों के झुंड की उधमबाजी से स्थानीय निवासियों और दुकानदारों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बंदर अक्सर सड़क के बीच बैठकर रास्ता जाम कर देते हैं, जिससे राहगीरों और वाहनों को आने-जाने में मुश्किल होती है। कई बार बंदर छतों पर चढ़कर पानी की टंकियों को खोल देते हैं, जिससे पानी बर्बाद होता है। इसके अलावा, छतों पर सूखने के लिए रखे कपड़ों को फाड़कर नुकसान पहुंचाना आम बात हो गई है। बंदरों का सबसे अधिक आतंक दुकानदारों को झेलना पड़ रहा है। मौका मिलते ही बंदर दुकानों से सामान उठा ले जाते हैं। कई बार वे सामान को फेंक देते हैं या तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाते हैं। इससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि बंदरों की इन हरकतों के कारण ग्राहक भी परेशान होकर जल्दी लौट जाते हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। ठंड के मौसम में लोग धूप सेंकने के लिए छतों पर जाते हैं, लेकिन बंदरों के झुंड के अचानक आ जाने से बच्चों और बुजुर्गों को डरकर भागना पड़ता है। इस दौरान दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को गंभीर मानते हुए समाधान की मांग की है। मोहल्ले के लोगों ने बंदरों को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़े जाने की मांग की है। उनका कहना है कि बंदरों की बढ़ती संख्या और उनकी हरकतों से उन्हें मानसिक और आर्थिक तनाव झेलना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बंदरों की इस समस्या को लेकर प्रशासनिक विभागों से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उतरौला नगर में बंदरों का बढ़ता आतंक प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है। यह न केवल स्थानीय निवासियों और दुकानदारों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी पैदा कर रहा है। प्रशासन को तत्काल बंदरों को नियंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए, ताकि नगरवासियों को इस समस्या से राहत मिल सके।

## बाइक के पहिये में साड़ी फसने से महिला घायल, रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** बाइक में बैठी हुई महिला की साड़ी फस जाने से अनियंत्रित हुई बाइक खाई में जा गिरी, जिसमें सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना थाना क्षेत्र के ग्राम मिहीं खेड़ा के पास शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे के आसपास की है जब बाइक पर बैठी हुई महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल सुदामा पत्नी रामफेर निवासी कसरावा शुक्रवार दोपहर अपने दामाद दिलीप पुत्र गंगाराम के साथ बाइक से बछरावां आ रही थी। तभी मिहीखेड़ा गांव के पास उसकी साड़ी बाइक के पहिये में फंस गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर खाई में चली गई। हादसे में सुदामा को गंभीर चोटे आई है। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# अमित शाह के अंबेडकर वाले बयान पर मचा हल्ला

- जिलेभर में कांग्रेस का प्रदर्शन, इस्तीफे की मांग तेज
- डॉ. आंबेडकर के अपमान पर कांग्रेसियों ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका
- गृहमंत्री अमित शाह के बाबा साहब को लेकर दिए गए बयान के विरोध में की नारेबाजी
- संविधान को कुचलने का लगाया आरोप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**





संसद में कांग्रेस व भाजपा सांसदों के बीच हुई धक्का मुक्की के बाद रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज हाथी पार्क पर एकजुट होकर प्रदर्शन किया। हाथ में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की तस्वीर लेकर कांग्रेसियों ने गृह मंत्री अमित शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग की है।

धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व बिहार के प्रभारी सुशील पासी ने कहा आज कांग्रेस पार्टी द्वारा देश भर के अभी कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं द्वारा गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर संसद में गलत टिप्पणी करके अपमान किया वह साबित करता है कि वे देश के संविधान को नही मानते हैं। अमित शाह जब तक इस्तीफा देकर देश की जनता से माफी नही मांगते हम लोग आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने किसी सांसद को धक्का नही दिया। भाजपा पूंजीपतियों के बलबूते राहुल गांधी की छवि को खराब करने में लगी है। इस कार्य में भाजपा ने मीडिया का सहारा भी लिया है। बाबा साहेब का अपमान देश के संविधान को मानने वाले लोग कभी स्वीकार नही करेंगे।


**भाजपा और आरएसएस संविधान बदलने का प्रयास कर रही है:** कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी नें कहा की गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री के सामने बाबा साहेब का अपमान किया है। जो कतई बर्दास्त नहीं किया जायेगा। कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है। भाजपा आरएसएस की नीति पर चलती है। आरएसएस ने महात्मा गाँधी का भी विरोध किया उनकी हत्या भी कर दी थी। भाजपा और आरएसएस संविधान बदलने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस कभी भी अम्बेडकर जी का अपमान बर्दास्त नही करेगी।

**सरकार के विरोध में लगाए नारे:** जिलाध्यक्ष ने सरकार के विरोध में जमकर नारे लगाए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने बाबा साहब का अपमान किया है। उनके बयान से सर्व समाज आहत है। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें विरोध करने से रोका जा रहा है। सरकार लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। संविधान विरोधी सरकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आवाज को दबाया नहीं जा सकता है।

## युवक के साथ दबंगों की बातचीत एवं छीना छपटी का वीडियो कैमरे में हुआ कैद

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**


थाना क्षेत्र के दूलमपुर गांव में एक युवक के साथ दबंगों द्वारा की गई बातचीत एवं छीना छपटी का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसकी युवक ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि थाना क्षेत्र की अंतर्गत एमपी बिरला सीमेंट फैक्ट्री कुंदनगंज में कार्यरत युवक मुकेश चौहान पुत्र सुरेश चौहान निवासी ग्राम धुरियाकोट थाना सेवरही जनपद कुशीनगर जो स्थानीय थाना क्षेत्र के दूलमपुर गांव में स्थानीय गांव निवासी विपिन मिश्रा के यहां किराए पर कमरा लेकर निवास करता है। घटनाक्रम के अनुसार युवक बृहस्पतिवार की देर शाम तकरीबन 7:30 बजे के आसपास अपनी कंपनी से बाजार सामान लेने के लिए जा रहा था, तभी रास्ते में रेलवे स्टेशन के पास बने गोदाम पर उसे दो युवकों अंकित शुक्ला पुत्र अशोक कुमार शुक्ला निवासी दूलमपुर थाना बछरावां एवं सौरभ शुक्ला पुत्र स्वर्गीय पप्पू शुक्ला निवासी उपरोक्त ने रोक लिया और प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे, जब प्रार्थी ने रुपया देने से मना किया तो प्रतिपक्षीगणों ने उसके साथ अभद्र भाषा का व्यवहार करते हुए छीना छपटी भी की, जो की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, पीड़ित व्यक्ति के द्वारा घटना की जानकारी प्रार्थना पत्र के माध्यम से स्थानीय थाने में दी गई है, और यह आरोप भी लगाया गया है कि उक्त व्यक्तियों के द्वारा पीड़ित के साथ मारपीट भी की गई है और आगे भी जान से मारने की धमकी भी दी गई है। जिससे पीड़ित व्यक्ति डरा और सहमा हुआ है। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपने जान व माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उक्त घटना के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए वीडियो के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।



## मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का प्रदर्शन

- 24 सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर ज्ञापन सौंपा, कई वर्षों से लंबित हैं मांगें

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




जिला अस्पताल परिसर में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के कई पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार भी किया।

**प्रांतीय कार्यकारिणी डीसीए के आह्वान पर धरना प्रदर्शन किया गया:** आपको बता दें कि शुक्रवार को जनपद के जिला अस्पताल परिसर में अध्यक्ष सुरेश कुमार चौधरी डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी डीसीए उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मांगों को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न राजकीय चिकित्सालय में कार्यरत फार्मासिस्ट प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था की रीड की हड्डी के रूप में कार्य कर रहे हैं, परंतु विगत कई वर्षों से संपर्क की लंबित समस्याओं का समाधान होना तो दूर एक भी द्विपक्षीय वार्ता तक आयोजित नहीं हुई है।

**मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से मांग पत्र सौंपा:** प्रदेश के फार्मासिस्टों में रोष व्याप्त है, जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से मांग पत्र ज्ञापन भी सौंपा गया है। साथ ही अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों की 24 सूत्रीय मांगों पर यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। स्टाफ की कमी, वेतन वृद्धि सहित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया और जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो यह धरना प्रदर्शन आगे भी चलता रहेगा।

## ठंड से बचाव को रैन बसेरा व अलाव प्रबंधन का एसडीएम ने लिया जायजा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**





ठंड के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर तहसील क्षेत्र में एसडीएम अवधेश कुमार ने शुक्रवार रात को रात्रि भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा की। एसडीएम अवधेश कुमार ने बस स्टेशन पर बने रैन बसेरा का निरीक्षण किया और वहां मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रैन बसेरों में साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालयों की समुचित व्यवस्था करने और महिलाओं के लिए अलग से प्रवेश मार्ग का प्रबंध सुनिश्चित करने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि रैन बसेरों का उद्देश्य जरूरतमंदों और बेघर लोगों को ठंड से राहत प्रदान करना है। ऐसे में यहां की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने नगर के विभिन्न स्थानों पर जल रहे अलाव का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अलाव की व्यवस्था ऐसे स्थानों पर की जाए जहां अधिक संख्या में लोग मौजूद रहते हैं, जैसे प्रमुख चौराहे, बस स्टैंड, और बाजार क्षेत्र। रात्रि भ्रमण के दौरान एसडीएम अवधेश कुमार ने ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरतमंद लोगों की पहचान कर उन्हें समय पर राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इस निरीक्षण अभियान में तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, अधिशासी अधिकारी राजमणि, और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम अवधेश कुमार द्वारा ठंड से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं का यह निरीक्षण एक सकारात्मक कदम है। रैन बसेरों और अलाव की समुचित व्यवस्था से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलेगी, बल्कि ठंड के कारण होने वाली समस्याओं को भी कम किया जा सकेगा। प्रशासन के इस प्रयास से क्षेत्र के लोगों को काफी मदद मिलने की उम्मीद है।

## सादुल्लानगर में ठंड से जूझते लोग, अलाव जलाने की व्यवस्था नदारद

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** ठंड ने इलाके में दस्तक दे दी है, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के चलते आम लोग ठंड में ठिठुरने को मजबूर हैं। सरकार की ओर से सर्दी के मौसम में अलाव जलाने की व्यवस्था का वादा किया गया था, लेकिन सादुल्लानगर में यह व्यवस्था अब तक नहीं दिखाई दे रही है। इलाके के नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायतें दर्ज करवाईं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। सर्द रातों में गरीब और बेघर लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। हम ठंड से कांप रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। अलाव की व्यवस्था करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन हमें खुद ही अपनी परेशानी का हल ढूंढ़ना पड़ रहा है, स्थानीय निवासी रामलाल ने कहा।


**बच्चों और बुजुर्गों पर सबसे ज्यादा असर:** ठंड के कारण खासकर बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में ठंड लगने के कारण निमोनिया और बुखार के मामले बढ़ते जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाएं भी इस चुनौती से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

**प्रशासन की प्रतिक्रिया:** जब स्थानीय प्रशासन से संपर्क किया गया, तो अधिकारियों ने दावा किया कि अलाव जलाने के निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है। फंड की कमी के कारण काम धीमा चल रहा है, लेकिन जल्द ही व्यवस्था की जाएगी, एक अधिकारी ने बताया।

राधेश्याम, विवेक, मनोज, झिंकू, राजू, अशोक, आकाश आदि स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि प्रशासन तुरंत कदम उठाए और अलाव जलाने के साथ-साथ ठंड से बचाव के अन्य उपायों पर ध्यान दे। यदि समय पर कार्रवाई नहीं की गई, तो ठंड से होने वाली समस्याएं गंभीर रूप ले सकती हैं।

## छप्पर के घर में आग लगने से दो परिवार बेघर

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गूमाफातमा जोत निवासी भुसैली कंकाली पुत्र कोदई के छप्पर के मकान में बच्चों के कौरा तापते समय आग लग गई। जिसमें उनके दो पुत्रों विक्की, पप्पू के रिहायशी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्राम वासियों ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक विक्की और पप्पू का सारा सामान कपड़ा बिस्तर अनाज बर्तन जलकर राख हो गया था। अग्नि की लपटों ने अगल बगल के पड़ोसियों को भी प्रभावित किया। बताते हैं कि घर के दो बच्चे आग जला कर ताप रहे थे धीरे-धीरे आग फूंस घर में पहुंच गई और थोड़ी देर में भुसैली कंकाली के दो परिवारों का सब कुछ जलकर खाक हो गया।



# अपर निदेशक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शुक्रवार को देवी पाटन मंडल गोंडा के अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. जयंत कुमार ने बलरामपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत आयोजित किया गया था।

अपर निदेशक डॉ. जयंत कुमार ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी (क्षय रोग) एक गंभीर बीमारी है, जिसे जड़ से खत्म करने के लिए समुदाय स्तर पर सक्रिय प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समूहों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिनके टीबी से ग्रसित होने की संभावना अधिक है।

उन्होंने निर्देश दिया कि लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान कर उन्हें तत्काल उचित चिकित्सा इकाई पर संदर्भित किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे अपना इलाज पूरा करें। साथ ही, उन्होंने जोर दिया कि सरकारी योजनाओं के तहत टीबी रोगियों को दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक मरीज तक पहुंचाया जाए।

डॉ. जयंत कुमार ने कहा कि टीबी उन्मूलन में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे क्षय रोगियों की निगरानी नियमित रूप से करें और समुदाय को इस बीमारी के प्रति जागरूक बनाएं।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक राहुल पटेल, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम समन्वयक अविनाश विक्रम सिंह, और विभिन्न ब्लॉकों से आए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य टीबी उन्मूलन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित करना और उन्हें नई रणनीतियों से अवगत कराना है। इसमें रोगियों की पहचान, इलाज और उनकी निगरानी पर विशेष ध्यान दिया गया। अपर निदेशक द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण और उनके दिशा-निर्देश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को क्षय रोग उन्मूलन में एक नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करेगा।

# पिघली अवरोध की बर्फ

यह हकीकत है कि चीन भौगोलिक रूप से हमारा पड़ोसी है, हम पड़ोसी नहीं बदल सकते। ऐसे में जरूरी है कि तमाम विसंगतियों के बावजूद अपनी संप्रभुता और हितों की रक्षा के साथ पड़ोसी से रिश्ते बेहतर बनाए जाएं। लंबी खटास व तनातनी के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच बीजिंग में हुई हालिया बैठक के सार्थक परिणाम सामने आए हैं। बीजिंग में डोभाल व वांग तथा दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों की बैठक निश्चित रूप से कूटनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण प्रगति कही जा सकती है। खासकर 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद पांच वर्षों में यह पहली बातचीत, दो एशियाई दिग्गजों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण व सतर्क बदलाव को ही दर्शाती है। दरअसल, इस चर्चा का केंद्र लद्दाख पर अक्टूबर 2024 के समझौते का कार्यान्वयन था। यह सुखद ही है कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर शांति बनाये रखने की प्रतिबद्धता जतायी। निश्चय ही यह कदम भविष्य में संघर्षों को रोकने के लिये एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में सीमा व्यापार बढ़ाने, सीमा पार नदियों का डेटा साझा करने तथा कैलाश मानसरोवर की यात्रा को फिर से शुरू करने जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहन करने के उद्देश्य से छह सत्री सहमति पर भी जोर दिया गया। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि इस तरह की सहमति से सारी चुनौतियां एकदम खत्म हो चुकी हैं। निर्विवाद रूप से सीमा विवाद एक संवेदनशील व जटिल मुद्दा बना है। जिसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि आपसी विश्वास में व्याप्त कमी को दूर किया जाए। निश्चित रूप से व्यावहारिक कूटनीति के साथ विश्वास निर्माण के उपायों को कदम दर कदम बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि इन प्रतिबद्धताओं को अमलीजामा पहनाने के लिये सतर्कता के साथ और राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होगी। बहरहाल, खट्टे–मीठे रिश्तों और लंबी कटुताओं के बावजूद इस बैठक के निहितार्थों को व्यापक संदर्भों में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निर्विवाद रूप से चीन आज दूसरी बड़ी वैश्विक शक्ति है। भारत ने भी आर्थिक व अन्य क्षेत्रों में आशातीत प्रगति की है। इसके बावजूद दोनों ही देश वैश्विक शक्ति की बदलती गतिशीलता से जूझ रहे हैं। खासकर अमेरिका में होने जा रहे राजनीतिक परिवर्तन से उबरने वाली आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर। ऐसे में बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को दोनों देशों की एकजुटता प्रभावित करने की क्षमता रखती है। खासकर व्यापार, प्रौद्योगिकी तथा ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय प्लेटफॉर्मों में सहयोगात्मक पहल से क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। निस्संदेह, दोनों देशों की सीमा पर शांति की पहल एक शुरुआत मात्र है। इसके उपरांत दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क, व्यापार बाधाओं व असंतुलन को दूर करना वक्त की जरूरत है। हमें सांस्कृतिक सहयोग के जरिये दोनों देशों के संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करने का लाभ उठाना चाहिए। विश्वास कायम करने और संघर्ष की छाया दूर करने के लिये ऐसे सकारात्मक कदम जरूरी हैं। निस्संदेह, रिश्तों को सामान्य बनाने का रास्ता लंबा है, लेकिन सार्थक संवाद से अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य की आशा लगातार बनी रहती है। भारत और चीन के लिये शांति सिर्फएक आदर्श मात्र नहीं बल्कि एक अपरिहार्य आवश्यकता है। निस्संदेह, भारत और चीन के बीच हुई यह तेईसवीं मुलाकात नई उम्मीद जगाती है। उल्लेखनीय है कि भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री के बीच यह बातचीत कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद लिए गए फैसले के अनुरूप ही हुई है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द की बहाली और सीमा विवाद का उचित समाधान तलाशने पर सहमति बनी थी। उम्मीद की जानी चाहिये कि संक्रमण के दौर से गुजर रहे वैश्विक परिदृश्य में भारत व चीन एकजुट होकर निर्णायक भूमिका निभाएंगे। यह स्थिति दोनों देशों के हित में ही कही जाएगी।

# कांग्रेस के लिए उपदेश की कमी नहीं है

*अरविन्द मोहन*

अगर उमर अब्दुल्ला के बयान का मतलब नेशनल कांफ्रेंस का आधिकारिक बयान है तो अभिषेक बनर्जी के बयान को भी तृणमूल कांग्रेस का आधिकारिक बयान मानना चाहिए। और हम आप मानें न मानें लेकिन जब इवीएम के दुरुपयोग के सवाल पर उम्र अब्दुल्ला के बाद अभिषेक बनर्जी भी मिलता जुलता बयान दे रहे हैं तो कम से कम कांग्रेस को तत्काल इसका नोटिस लेना चाहिए। यह सवाल कॉंग्रेस या राष्ट्रवादी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी द्वारा हरियाणा और फिर महाराष्ट्र के नतीजों के बाद वोटिंग मशीन के दुरुपयोग पर उठाए जाने वाले हंगामे के बाद ही विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेतृत्व के सवाल पर एक दौर में सभी गैर कांग्रेसी साझीदारों द्वारा ममता बनर्जी को नेता बनाने की मांग के साथ सामने आया है। इसमें कांग्रेस या सपा-राजद जैसे विपक्षी दलों द्वारा चुनाव हारने के बाद (और उसी मशीन से चुनाव जीतने के बाद चुप्पी साध लेने) वोटिंग मशीन पर सवाल उठाने का सवाल भी है लेकिन कहीं न कहीं कांग्रेस पर दबाव बनाने की मंशा भी शामिल है। जब से मौजूदा सरकार ने चुनाव आयुक्तों के चुनाव के पैनल से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर केन्द्रीय गृहमंत्री को सदस्य और चयन समिति में सरकार के साफबहुमत की व्यवस्था की है तब से कांग्रेस ही नहीं लगभग पूरा विपक्ष आयोग के फैसलों और चुनाव के नतीजों को लेकर शंका जाहिर करता रहा है लेकिन उसने कभी भी इसे आर-पार की लड़ाई का सवाल नहीं बनाया है। इसलिए उसकी मांगों का वजन हल्का होता गया है। कांग्रेस नेतृत्व पर इस सवाल को उठाने के साथ इंडिया गठबंधन के कामकाज को व्यवस्थित करने और नेता चुनने का दबाव अभी ज्यादा लग रहा है और वह भी स्वाभाविक है। क्योंकि चुनावों के चक्कर में वह इस विपक्षी गठबंधन के कामकाज को व्यवस्थित करना भूल गई थी। एक तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया के संयोजक हैं और उन्होंने लंबे समय से कोई बैठक नहीं बुलाई है। दूसरे इस बीच विपक्षी गठबंधन के बीच खटर-पटर की खबरें भी आती रही हैं। और अब तो यह पक्का लग रहा है कि दिल्ली विधान सभा चुनाव में आप और कांग्रेस अलग-अलग ही लड़ेंगे। कहां तो अब तक एक साझा नीति वक्तव्य और कार्यक्रम तय हो जाना चाहिए था और कहां अभी हर चीज बिखरी ही दिखती है। बल्कि जो चीजें लोक सभा



चुनाव के नतीजों के बाद व्यवस्थित लग रही थीं उनमें भी गड़बड़ नजर आने लगी है। कांग्रेस और सपा के, कांग्रेस और राजद के, कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के तथा कांग्रेस और द्रमुक के रिश्तों में निश्चित रूप से गिरावट आई है। आप की चर्चा पहले की ही जा चुकी है और अब बगावती ममता बनर्जी के तेवर और कठोर हुए हैं।

इन सबका रिश्ता हरियाणा और महाराष्ट्र ही नहीं जम्मू-कश्मीर विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन से है। और आगे दिल्ली या बिहार विधान सभा चुनाव में भी उसके कोई बहुत अच्छा करने की उम्मीद नहीं है। कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन से भी ज्यादा खराब प्रदर्शन इंडिया गठबंधन के नेतृत्व के मामले में हुआ है। कांग्रेस और खास तौर पर राहुल गांधी ने सवालों पर ज्यादा उदारता दिखाई है लेकिन व्यवस्थित फैसले कराने में उनकी भी रुचि नहीं लगती। जिस गठबंधन को नीतीश कुमार ने सबकी इच्छा के अनुसार चुटकी बजाते खड़ा कर दिया था वह खुद नीतीश को साथ न रख पाया। और आज यह हालत है कि खुद कांग्रेस गरीब की जोरू वाली स्थिति में है जिसे हर कोई उपदेश पिला रहा है। कभी कोई शिव सैनिक कांग्रेस से खानदानी दुश्मनी की याद दिलाता है तो कभी अबू आजमी भी चार फटकार लगा देते हैं। ममता तो बहुत बड़ी हैं पर इंडिया गठबंधन के नए नेता लोग भी कांग्रेस को सीख देने में पीछे नहीं रहते। कांग्रेस के सबसे भरोसेमंद साथी लालू यादव भी ममता को नेता बनाने की वकालत कर चुके हैं। बल्कि इस सवाल पर अकेले तेजस्वी यादव ने संतुलित बयान दिया कि ममता को नेता मानने में उज्र नहीं है लेकिन फैसला तो सबकी सहमति से ही होगा। कांग्रेस पर भाजपा की तरफ से लगातार हमले जारी हैं तो इसलिए नहीं कि लोक सभा के अच्छे प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कुछ कमजोर पड़ी है और जीत से भाजपा की हताशा खत्म हुई है। भाजपा की रणनीति इंडिया गठबंधन के साझीदारों की तरह कांग्रेस पर ज्यादा दबाव बनाकर कुछ सौदेबाजी कर लेने की भी नहीं है। उसे कांग्रेस और राहुल के रूप में ही अपना सबसे बड़ा दुश्मन नजर आता है। क्षेत्रीय पार्टियां भले उसे चुनाव में ज्यादा गंभीर चुनौती दें लेकिन पूरी राजनीति में आज उसे सिर्फकांग्रेस और राहुल गांधी या गांधी नेहरू परिवार से ही चुनौती मिलती है इसलिए वह तो अपना हमला तेज करेगी ही। और मात्र संयोग नहीं है कि मीडिया और अनेक संस्थाओं से उसे समर्थन मिलता है जबकि कांग्रेस इन सबको भी दुश्मन बनाए हुई है। कांग्रेस भी किन मुद्दों को सामने करके भाजपा को बैकफुट पर धकेले यह उसकी आंतरिक चर्चा और बाहर की चर्चा का विषय हो सकता है। लेकिन हर तरफसे कांग्रेस और खास तौर से राहुल को उपदेश पिलाया जा रहा है।

इस सब में हर्ज नहीं है लेकिन कुछ बड़े सवाल हैं कि राहुल और कांग्रेस कुछ सीखते क्यों नहीं। वे पार्टी संगठन और इंडिया गठबंधन के सांगठनिक स्वरूप पर ध्यान क्यों नहीं देते। उनके बोलने का विषय कौन तय करता है, उनके राजनैतिक कार्यक्रम कौन बनाता है। वे क्यों बार-बार संघ परिवार द्वारा बिछाए सावरकर वाले जाल में फंसते हैं जबकि यह सब सेटल मैटर है। वे क्यों चुनावी पराजय के बाद भी जाति का राग आलाप रहे हैं जबकि दलित-पिछड़ा-महिला विरोधी होकर भी भाजपा और संघ इन समूहों में अपनी पकड़ मजबूत करते जा रहे हैं। आर्थिक नीतियों के सवाल को राहुल क्यों अदानी तक सीमित कर रहे हैं। क्या यह सिलसिला मनमोहन राज में शुरू नहीं हुआ था और पिछड़ों के मामले में कांग्रेस का रिकार्ड क्या है। सिर्फ रिकार्ड ही रोक सके ऐसा भी नहीं है लेकिन सिर्फजुबानी जमाखर्च से पिछड़ा दलित आदिवासी आपके पीछे गोलबंद हों जाए यह भी संभव नहीं है। और सबसे बढ़कर यह है कि राहुल छोटी-छोटी सफलताओं से इतना इतराते क्यों हैं (हालांकि बड़ी से बड़ी पराजय की परवाह न करके आगे बढ़ना उनका गुण है)। संसद में एक अच्छा भाषण देकर अपने दोस्तों को आंख मारना या अमेरिका यात्रा में भारत में एजेंडा सेटिंग का दावा करना ऐसे ही मामले हैं। जाहिर है उनके करीब जमा बैठा दल उनसे काफी कुछ ऐसा करा रहा है जो उनको नहीं करना चाहिए। ऐसे में उनको भाजपा,संघ परिवार के साथ लड़ने, इंडिया गठबंधन के दबावों को साधने और पार्टी संगठन में अपने आसपास घेरेबंदी करने वाले जमात से एक साथ लड़ाई लड़नी होगी।

# ज्ञानेंद्र कुमार : कला की त्रिवेणी

मूर्त और अमूर्त चित्रण– दोनों विधाएं कला के क्षेत्र में विशेष महत्व रखते हैं। परंपरागत से आधुनिक कला तक में पारंगत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार ज्ञानेंद्र कुमार उत्तराखंड की पहचान हैं। वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) के मुख्य कलाधिकारी पद से सेवानिवृत्त ज्ञानेंद्र कुमार चित्रकला, मूर्तिकला और काव्य कला की त्रिवेणी के रूप में उत्तराखंड की कीर्ति विश्व भर में फैला रहे हैं।

ज्ञानेंद्र कुमार का जन्म 1 जून 1941 को हुआ था। ज्ञानेंद्र कुमार हिन्दी, अंग्रेजी और बांग्ला तीनों भाषाओं के अच्छे जानकार हैं और तीनों भाषाओं में साहित्य रचना का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही साथ कला को व्यावसायिक रूप से जन सामान्य में प्रस्तुत करना उनकी विशिष्टता है। 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ में आयी बाढ़ तथा इस विविषिका पर बनी उनकी लंबी कलाकृति वर्षों तक चर्चा का विषय रही है। ज्ञानेंद्र कुमार ने एमए दर्शनशास्त्र करने के बाद विश्व भारतीय विश्वविद्यालय शांति निकेतन से ललितकला का डिप्लोमा प्राप्त कर अपनी कला साधना प्रारंभ की। वन अनुसंधान संस्थान के मुख्य कलाधिकारी रहते हुए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ललित कला ग्रीष्म अकादमी, आस्ट्रिया में अमूर्त चित्रकला संगोष्ठी में भाग लिया। मूर्तिकला एवं चित्रकला की नई संभावनाओं पर अध्ययन हाईवैकम कॉलेज आफ आर्ट टैक्नोलॉजी इंग्लैण्ड से उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया। विश्वविख्यात वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में मुख्य चित्रकला अधिकारी (वर्ष 1965 से 2001 तक) रहते हुए उन्होंने संस्थान को कला के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां देने का काम किया और वैज्ञानिक वानिकी में कला का योगदान जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विशेष कार्य किया। उनके इन्हीं महत्वपूर्ण कृत्यों के कारण उन्हें उत्तरांचल कला परिषद उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया जहां उनका लक्ष्य है कि वह उत्तराखण्ड में आधुनिक कला प्रवृत्तियों से कला प्रेमियों को परिचित कराने के साथ साथ प्रदर्शिनियां के माध्यम से लोगों को जागृत कर रहे हैं। ज्ञानेंद्र कुमार के चित्रों और मूर्तियों का मुख्य विषय नारी संसार रहा है। उनके कई चित्रों को विशेष सम्मान मिला है,जिसमें उलझन नामक चित्र में नारी को पीले और कत्थई रंग से घूमती हुई तूलिका से उकेरा गया है जो अपने आप में विशेष है। इसी तरह अमूर्त चित्रण में प्रकाश की ओर कृति में चित्रकार ने प्रकाशीय रंगों का अद्भुत प्रयोग किया है। चित्र दुआ में चित्रकार ने समुद्री नीले रंगों का सार्थक उपयोग किया है। विश्वभारती शांति निकेतन से शिक्षा प्राप्त प्रख्यात चित्रकार, मूर्तिकार, संगीतकार एवं साहित्यकार, बहुमुखी प्रतिभा के धनी ज्ञानेंद्र कुमार अपनी कला के बल पर जिन विशिष्ट विभूतियों का आशीर्वाद प्राप्त कर चुके हैं उनमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा, राजीव गांधी, उपराष्ट्रपति डॉ. बीडी जत्ती, डा. भगवत शरण उपाध्याय, डॉ. हरिवंशराय बच्चन, रानी एलिजाबेथ तथा जार्ज बुश शामिल हैं। देश–विदेश में अपनी कला प्रदशर्नियों तथा संगीत संध्या के माध्यम से ज्ञानेंद्र कुमार ने लोगों का दिल जीता है। जिन प्रमुख स्थलों पर ज्ञानेंद्र कुमार की कला प्रदशर्नियां आयोजित की गई हैं उनमें भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद नई दिल्ली का नाम प्रमुख है। यहां निर्भयाकांड के समय ज्ञानेंद्र कुमार की नारी सशक्तिकरण पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की गई और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी का सम्मान हुआ। संचार माध्यमों में इसका विशेष प्रसारण हुआ। ज्ञानेंद्र कुमार के कला जीवन पर आधारित साक्षात्कार दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रसारित होते रहते हैं। उनके प्रभात गीत कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में गाए जाते हैं। ज्ञानेंद्र कुमार ने एक साक्षात्कार के दौरान बताया कि वे चित्रकला, मूर्तिकला और काव्य कला के माध्यम से समाज को प्रेरित करते हैं। जो बात सीधे नहीं कही जा सकती वह चित्रों और कला के माध्यम से आसानी से व्यक्त की जा सकती है। ज्ञानेंद्र कुमार मानते हैं कि समाज में लगातार परिवर्तन हो रहा है। यह विकास और परिवर्तन कई मायनों में अनूठा है लेकिन यह भी सच है कि आज लोगों को कला, साहित्य और मूर्तिकला क्षेत्र के बारे में न तो जानकारी प्राप्त करने का समय है और न ही लोग इस क्षेत्र में अभिरुचि रखते हैं जबकि कला संसार ही जीवन का यथार्थ स्वरूप है। कला के बिना यह संसार आधूरा है। उन्होंने कहा कि भारतीय कला में अभिव्यक्ति की प्रधानता होती है। भारतीय कलाकार वाह्य सौंदर्य की अपेक्षा आंतरिक भावों के अंकन में अपने मन को अधिक लगाते हैं। शांति निकेतन से निकले छात्र–छात्राओं ने कला के माध्यम से समाज को झंकृत करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि समकालीन भारतीय कला का क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय और बहुत प्रयोगात्मक रहा है। इसमें अभी भी देश के लंबे और समृद्ध कलात्मक इतिहास के संदर्भ शामिल हैं।

*राम प्रताप मिश्र साकेती*

## विचार

# सच ही है, आंबेडकर जी सम्मान का विषय, फैशन के नहीं

*प्रवीण गुगनानी*

भाजपा के डीएनए में प्रारंभ से ही दलित विमर्श रहा है, क्योंकि इसका मातृ संगठन आरएसएस प्रारंभ से ही सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने वाला संगठन रहा है। आंबेडकर जी, संत पेरियार, महात्मा फुले, नारायण स्वामी जैसे दलित महापुरुष संघ के प्रतिदिन होने प्रातः स्मरण मंत्र में सम्मिलित हैं। संघ के स्वयंसेवक जो भाजपा के कार्यकर्ता बनते हैं वे प्रतिदिन अपने प्रातः स्मरण के मंत्र में आंबेडकर जी का नाम श्रद्धा से लेते हैं। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व के सबसे बड़े मजदूर नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी तो बाबासाहेब के चुनाव में आधिकारिक एजेंट की भूमिका में रहे हैं। इस तथ्य से आप उस कालखंड में संघ व आंबेडकर जी की म्यूचुअल अंडरस्टेंडिंग समझ सकते हैं। संघ के मूल चिंतन में दलित चिंता सदैव रही है, इसका परिणाम है कि मुंबई में जिस स्थान पर भाजपा का जन्म हुआ, उस स्थान का नाम संघ के प्रचारकों ने समता नगर रखा था। यह नाम एक बड़ा प्रतीक था भाजपा के दलित चिंतन वाले डीएनए का। बड़े दलित नेता व दलित पेंथर मूवमेंट के नेता दत्ताराव शिंदे यह सब देखकर ही भाजपा के कार्यकर्ता बने थे।

संविधान पर चर्चा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा उसके पहले 11 सेकंड के अंश को भ्रामक रूप से देशभर में फैलाया जा रहा है। इससे कांग्रेस, आंबेडकर जी को फैशन का विषय मानने के अपने चिर पुराने चरित्र को ही दोहरा रही है। गृहमंत्री के इस वक्तव्य को यदि पूरा सुनेंगे तो आंबेडकर जी के अपमान के सारे वहम दूर हो जाते हैं। अमित शाह ने कहा- हमे तो आनंद है कि आंबेडकर का नाम लेते हैं। आंबेडकर का नाम आप 100 बार ज्यादा लो, लेकिन साथ-साथ आंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये भी बताता हूं। आंबेडकर को देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों देना पड़ा। आंबेडकर जी ने कई बार कहा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के प्रति हो रहे व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं÷। शाह ने आगे कहा, आंबेडकर जी को आश्वासन दिया गया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया, बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया।÷ ÷उन्होंने कई बार कहा कि वह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ होने वाले व्यवहार से असंतुष्ट हैं। आंबेडकर को आश्वासन दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ इसलिए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। बार-बार संविधान और फैशन में डॉ. आंबेडकर का नाम रटने वाली कांग्रेस ने तो बाबा साहेब को संविधान सभा के 296 सदस्यों में डॉ. आंबेडकर को प्रवेश तक न मिलने देने के षड्यंत्र रचे थे। बाद में दलित नेता जोगेंद्रनाथ मंडल के सहयोग से वे येन-केन प्रकारेण संविधान सभा में प्रवेश कर पाये थे। डॉ. आंबेडकर बंगाल की जिस खुलना जैसोर सीट से संविधान सभा में पहुँचे थे, वह इकहत्तर प्रतिशत हिंदू बहुल थी। देश विभाजन में इक्यावन प्रतिशत हिंदू बहुल क्षेत्रों को भारत में रहने देना तय हुआ था। केवल बाबासाहेब को संविधान सभा में घुसने से रोकने के लिए कांग्रेस ने बंगाल का यह इकहत्तर प्रतिशत वाला जिला पाकिस्तान को दे दिया ताकि डॉ. आंबेडकर की संविधान सभा की सदस्यता रद्द हो जाए।

आज आंबेडकर जी का नाम फैशन में लेने वाली कांग्रेस ने तो उनका चित्र तक लोकसभा में नहीं लगने दिया था। संसद में, गैरकांग्रेसी सरकार बनने पर ही उनका चित्र लग पाया था। भाजपा ने आंबेडकर जी से जुड़े पाँच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। बाबासाहेब लंदन में जिस घर में रहे, भाजपा सरकार ने उसका भी अधिग्रहण किया व उनके स्मारक के रूप में उसे लंदन तक में विकसित किया। भाजपा ने ही चैत्य भूमि को विकसित किया और प्रधानमंत्री मोदी वहाँ स्वयं प्रार्थना के लिए गए। भाजपा ने दिल्ली के 26, अलीपुर रोड को भी विकसित किया, जहां बाबासाहेब ने अपना अंतिम समय व्यतीत किया था। कांग्रेस के दुष्प्रचार के विरुद्ध प्रधानमंत्री मोदी जी के इस ट्वीट (एक्स) का एक-एक शब्द एक-एक पुस्तक के बराबर है -

If the Congress and its rotten ecosystem think their malicious lies can hide their misdeeds of several years, especially their insult towards Dr. Ambedkar, they are gravely mistaken!

The people of India have seen time and again how one Party, led by one dynasty, has indulged in every possible dirty trick to obliterate the legacy of Dr. Ambedkar and humiliate the SC/ST communities.

देश विभाजन की जनक कांग्रेस के सामने बाबासाहेब प्रारंभ से ही अखंड भारत के पक्ष में थे। यह नेहरू जी को बहुत भयभीत करता था। नेहरू जी, आंबेडकर जी की प्रतिभा को जानते थे अतः वे उन्हें सत्ता की दहलीज़ तक भी नहीं आने देना चाहते थे। आंबेडकर जी मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किए जा रहे गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना के प्रयासों के पुरजोर विरोधी थे। आंबेडकर जी की पुस्तक ÷थॉट्स ऑन पाकिस्तान÷ में इसका पूरा विवरण है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि ÷मुस्लिम तुष्टिकरण÷ की नीति के चलते कांग्रेस ने देश का विभाजन कर डाला। बाबासाहेब का यह स्पष्ट मानना था कि चूँकि धर्म आधारित विभाजन हुआ है अतः संपूर्णतः तुम उधर-हम इधर की नीति अपनाई जानी चाहिए। बाबासाहेब ने अपनी पुस्तक थॉट्स ऑन पाकिस्तान में भारत के धार्मिक आधार पर पूर्ण विभाजन के आशय से पृष्ठ 103 पर लिखा यह बात स्वीकार कर लेनी चाहिए कि पाकिस्तान बनने से हिंदुस्तान सांप्रदायिक समस्या से मुक्त नहीं हो जाएगा। आंबेडकर जी के इन्हीं मुस्लिम विरोधी विचारों के कारण से 'मुस्लिम तुष्टिकरण में लगे नेहरू जी व गांधी जी' आंबेडकर जी को आगे नहीं आने देना चाहते थे। इसी क्रम में मुंबई से दो बार आंबेडकर जी को चुनाव में षड्यंत्रपूर्वक हरवाया गया। इन दोनों बार के चुनावों में आंबेडकर जी की पराजय सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री नेहरू ने स्वयं मुंबई जाकर चुनाव प्रचार किया था व अपने विरोधी दलों से भी आंबेडकर जी को पराजित कराने हेतु मित्रतापूर्ण संबंध बनाए थे।

आज जो कांग्रेस और अन्य दल आंबेडकर जी का नाम फैशन या सत्ता मोह में ले रहे हैं, उन्हें इस बात को स्पष्ट तौर पर समझ लेना चाहिए कि आंबेडकर जी केवल और केवल सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं!

**(लेखक, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में राजभाषा सलाहकार हैं।)**

साहित्य



## मेरा पता

**अनन्त मिश्र**

मेरा पता आकस्मिक है
पोस्टमैन जो जानता है
वह मेरा पता नहीं है ।
मेरा मोबाइल नंबर
आकस्मिक है

जो लोग फोन करते हैं
वे मेरा असली नंबर नहीं जानते,
मेरा नाम
आकस्मिक है
जो लोग लेते हैं

वे मेरा नाम नहीं जानते,
मेरा घर, मेरा ठौर
सब आकस्मिक है
मैं स्वयं भी तो
आकस्मिक हूँ
मैं भी नहीं जानता
अपना नाम–पता
ठौर–ठिकाना
अब, दूसरे कैसे जान सकते हैं
मेरा पता।



# राशिफल

**मेषः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

**वृषभः-** शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में व्यस्तता बढेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# सोने के बेलगाम आयात ने किया रुपये का बंटाधार

*डॉ. ज्ञान पाठक*

बजट 2024-25 में सोने के पक्ष में नीतिगत उपायों के लिए भारत सरकार द्वारा आगे लाये गये तर्कों में से एक था भारतीय रुपये की कमजोरियों को दूर करना, लेकिन 18 दिसम्बर को यह ऐतिहासिक निचले स्तर 85.17 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गया। उसके एक दिन पहले सुबह के कारोबार में यह 84.93 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया था। दूसरा तर्क यह दिया गया था कि सोना और अधिक किफायती हो जायेगा, लेकिन इसकी दर 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गयी। इसके अलावा, सोने का आयात चार गुना से अधिक बढ़ गया, जिससे नवंबर में व्यापार घाटा रिकॉर्ड उच्च स्तर 37.9अरब डॉलर पर पहुंच गया। नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर 2024 में 14.9अरब डॉलर का सोना आयात किया गया, जबकि एक साल पहले नवंबर 2023 में यह 3.5 अरब डॉलर था, जिससे यह भारत के आयात बास्केट में पेट्रोलियम के बाद 21 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ दूसरा सबसे बड़ा आयातित पदार्थ हो गया। गैर-तेल निर्यात से होने वाला लाभ सोने के आयात खर्च में ही सफा-चट (खत्म) हो गया। सोने पर बेतहाशा बहुमूल्य विदेशी मुद्रा खर्च की जा रही है। नवंबर में भारत का आयात लगभग 70अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च मूल्य पर पहुंच गया। रिकॉर्ड व्यापारिक व्यापार घाटा पिछले महीने अक्टूबर में 27.14 अरब डॉलर से बढ़कर 37.84अरब डॉलर और नवंबर 2023 में 21.31अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों ने सोने के आयात में उछाल का कारण वैश्विक कीमतों में भारी वृद्धि और इसकी सुरक्षित पनाहगाह की स्थिति को बताया है, ऐसे समय में जब स्टॉक मार्केट अस्थिर बना हुआ है। सोने पर कम सीमा शुल्क ने सोने के आयात में जबरदस्त योगदान दिया। केंद्रीय बजट 2024-25 में सोने पर आयात शुल्क 1 जुलाई 2022 से 15 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया गया था। यह जून 2013 के बाद से सबसे कम है, जब यह 8 प्रतिशत था। 13 अगस्त 2013 को इसे बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया गयाय 6 जुलाई 2019 को 12.88 प्रतिशतय 2 फरवरी 2021 को घटाकर 10.75 प्रतिशतय और 1 जुलाई 2022 को इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया। आइए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पिछले एक दशक के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत पर एक नजर डालते हैं। 2013 में यह 54.78 रुपये प्रति डॉलर था, लेकिन 2019 में गिरकर 72.15 रुपये, 2021 में 75.45 रुपये, 2022 में 81.62 रुपये और 17 दिसंबर 2024 को सुबह के कारोबार में 84.93 रुपये पर आ गया, तथा 18 दिसम्बर को 85.17 रुपये के ऐतिहासिक स्तर तक नीचे गिर गया। सोने पर आयात शुल्क कम करते समय सरकार की ओर से कहा गया था कि इससे सोने की कीमतें कम होंगी और आम लोगों के लिए सोना अधिक किफायती हो जायेगा, जिससे घरेलू मांग और निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ, बावजूद इसके कि सोने की कीमतों में शुरुआती 9 फीसदी की गिरावट के साथ 74,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 68,000 रुपये पर आ गयी। कुछ ही हफ्तों में सोने की कीमतें फिर से बढ़ने लगीं और आज यह 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है। भारत में 2010 में सोने की कीमत 18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो 2018 में बढ़कर 31,391 रुपये, 2019 में 39,108 रुपये, 2020 में 50,151 रुपये, 2022 में 52,670 रुपये और 2023 में 63,820 रुपये हो गयी। केंद्रीय बजट 2024-25 में सोने पर कुल सीमा शुल्क 15प्रश से घटाकर 6प्रश कर दिया गया था और सोने के डोरे पर 14.35प्रश से घटाकर 5.35प्रश। यह रिकॉर्ड पर सबसे बड़ी कटौती थी। आयात शुल्क में कटौती के अलावा, सरकार ने सोने पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ के लिए होल्डिंग अवधि को भी 36 महीने से घटाकर 24 महीने कर दिया है। दीर्घ अवधि के लाभ की दर भी इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दी गयी। गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड म्यूचुअल फंड को बाहर करने के लिए निर्दिष्ट म्यूचुअल फंड की परिभाषा में संशोधन किया गया। 2023-24 के केंद्रीय बजट में, गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड म्यूचुअल फंड को निर्दिष्ट म्यूचुअल फंड माना गया और होल्डिंग अवधि की परवाह किए बिना लागू स्लैब-दर पर अल्पकालिक पूंजीगत लाभ के रूप में लाभ पर कर लगाया गया। इसके अलावा, सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए दीर्घ अवधि के पूंजीगत लाभ के लिए निर्दिष्ट अवधि को 36 महीने से घटाकर 12 महीने और गैर-सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए 24 महीने कर दिया गया। यदि 12 महीने से अधिक समय तक रखा जाता है और सूचीबद्ध है, तो गोल्ड ईटीएफ/म्यूचुअल फंड के लिए कर घटाकर 12.5 प्रतिशत की निचली दर कर दिया गया। गैर-सूचीबद्ध गोल्ड म्यूचुअल फंड को भी 24 महीने से अधिक समय तक रखने पर दीर्घकालिक निवेश माना जाना था और 12.5प्रश की निचली दर पर कर लगाया जाना था। केंद्रीय बजट में कहा गया है कि संशोधन 1 अप्रैल 2026 से लागू किया जायेगा। मौजूदा स्वर्ण नीति विदेशों में सोने की खरीदारी को भी प्रोत्साहित करती है। हालांकि, विदेशों से शुल्क मुक्त सोने की खरीद की सीमाएं हैं। पुरुष यात्री विदेशों से 20 ग्राम शुल्क मुक्त सोना ला सकते हैं। 20 से 50 ग्राम के बीच सोने पर सीमा शुल्क 3 प्रतिशत, 50 से 100 ग्राम पर 6 प्रतिशत और 100 ग्राम से अधिक पर 10 प्रतिशत है। महिला यात्रियों के लिए शुल्क मुक्त सोने की सीमा 40 ग्राम है। 40 से 100 ग्राम के बीच की मात्रा पर 3 प्रतिशत सीमा शुल्क, 100 से 200 ग्राम के बीच 6 प्रतिशत और 200 ग्राम से अधिक पर 10 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाया जाता है। 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए नियम महिलाओं के समान ही हैं। यात्रियों के लिए 20 ग्राम से कम सोने की छड़ों पर कोई सीमा शुल्क लागू नहीं होता है। 20 से 100 ग्राम के बीच सोने की छड़ों के लिए सीमा शुल्क 3 प्रतिशत है, 1 किलोग्राम सोने की छड़ के लिए यह 10 प्रतिशत है। 100 ग्राम सोने के सिक्के पर सीमा शुल्क 10 प्रतिशत है, और 20 से 100 ग्राम सोने के सिक्कों के लिए यह 10 प्रतिशत है। 10 ग्राम से कम सोने के सिक्के पर कोई शुल्क लागू नहीं है। भारत में सोने की खरीद पर 3 प्रतिशत जीएसटी, आयात शुल्क और सीमा शुल्क लागू होते हैं, जिससे खरीद महंगी हो जाती है, जिससे उपभोक्ता व्यवहार और निवेश निर्णय प्रभावित होते हैं। इसलिए अमीर लोग बहुत बड़ी मात्रा में सोना आयात कर रहे हैं, जिससे रुपया कमजोर हो रहा है और व्यापार घाटा बढ़ रहा है। ऐसा लगता है कि उन्हें भारत के आम लोगों की कोई चिंता नहीं है। सोने का ऐसा बेलगाम आयात अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# युवक का संदिग्ध हालत में शव मिला, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

मझगवां थाने के मल्हेटा गांव में संदिग्ध हालात में युवक फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। स्वजनों ने गांव के चार लोगों पर पुत्र की हत्या कर फांसी पर लटका देने का आरोप लगाया है। स्वजन शव लेकर मझगवां थाने पहुंच गए। स्वजन मुकदमा दर्ज कराने की जिद पर अड़ गए। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने स्वजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए।

मल्हेटा गांव निवासी सचिन सिंह(21) का शव गुरुवार की शाम सात बजे खेत में लगे आम के पेड़ पर लोहे के तार से लटका मिला। मृतक के चाचा संजय सिंह ने बताया कि गुरुवार को सभी लोग



हमीरपुर न्यायालय में तारीख पर गए थे। सचिन सुबह दस बजे खेत पर निकल गया था। बताया कि जब वह हमीरपुर से वापस लौटे तो स्वजनों ने कहा कि सचिन घर नहीं आया। जब वह खेत पर गया तो सचिन फांसी पर लटका मिला। आरोप लगाया कि उसकी गांव के कुछ लोगों से रंजिश चल रही है। लोगों ने सचिन सहित अन्य स्वजनों पर दुष्कर्म सहित एससी.एसटी का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें सचिन जेल गया था। बताया कि 25 सितंबर को सचिन जेल से छूट कर आया था। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने उसके भतीजे की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया है। इस संबंध में सीओ राजकुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रामबहादुर बलवंत श्याम सिंह जगनंदन के विरुद्ध आत्महत्या को उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## ठंड लगने से युवक की मृत्यु

**मौदहा, हमीरपुर।** खेत में पानी लगाने के लिए घर से निकले किसान की पानी लगाते समय मौत हो गई मौत की खबर सुनते ग्रामीणों का घटना स्थल पर पहुंचने लगे कोतवाली क्षेत्र के भवानी गांव निवासी किशोरी (53) शुक्रवार की जल्दी सुबह खेत में पानी लगाने के लिए घर से निकला था ठंड लग जाने से युवक का खेत में ही मौत हो गई वहां से निकल रहे किसानों ने परिजनों को सूचना दी मौत की खबर से परिजन दहाड़ करने लगी और गांव में शोक की लहर दौड़ गई मृतक दो भाइयों में छोटा था उसके में नाम करीब 10 बीघा खेती थी कृषि कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था मृतक के विवाहित होने के बावजूद कोई औलाद नहीं थी पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया।

# नौ सूत्री मांगों को लेकर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने शुरू किया अनशन

- तहसीलदार के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाये

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में अधिवक्ताओं ने नौ सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए अनशन शुरू कर दिया। मौदहा तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अधिवक्ताओं के शोषण से आक्रोशित अधिवक्ता संयोग कुमार प्रजापति ने नौ सूत्री मांगों को लेकर दर्जनों अधिवक्ताओं के साथ तहसील परिसर में तहसीलदार मुर्दावाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया इसके




बाद तहसील प्रांगण में अनशन शुरू कर दिया। जिसमें अधिवक्ताओं ने बताया की तहसील में कोई भी कार्य नियमानुसार नहीं किया जा रहा और न ही किसी भी कार्य जैसे जन्म प्रमाणपत्र हदबंदी सहित अन्य कार्यों की कोई भी समय सीमा निश्चित है और तहसील में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इसी तरह अन्य मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने शुक्रवार से तहसील परिसर में अनशन शुरू कर दिया है। इस दौरान अनशन स्थल पर एडवोकेट जमील ज्ञानी विवेक कुमार राहुल कुमार राजेन्द्र कुमार राम प्रकाश कमलेश कुमार सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत एफडीआर तकनीक से सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।** बरीपाल, सजेती होते हुए श्रीनगर मुगल रोड तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत एफडीआर तकनीकी से निर्माण कार्य शुरु हो गया है। विभाग अधिकारियों की माने तो अगले वर्ष 13 नवम्बर 2025 तक निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा। क्षेत्रीय भाजपा नेता अम्बर सिंह क्षत्रिय की इस पहल से क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर की है, वहीं विभागीय अधिकारियों ने कहा है। कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाएगा, ऐसा न होने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई हेतु पहल भी की जाएगी।

### ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाला, पुलिस ने शुरू की जांच

**राठ(हमीरपुर)।** अतिरिक्त दहेज में बाइक व रुपयों की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने ससुरालियों द्वारा की गई मारपीट से गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली के कुम्हरिया गांव निवासी पूजा पुत्री नवल किशोर ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी आठ मई 2022 को दयाशंकर अहिरवार पुत्र रघुनाथ निवासी कुम्हरिया के साथ हुई थी। शादी के तीन माह बाद से ही ससुरालीजन गाली गलौज व मारपीट कर उसका उत्पीड़न करते चले आ रहे हैं। आरोप लगाया कि पति ससुर सास ननंद अतिरिक्त दहेज में एक बाइक और पचास हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। 15 अप्रैल 24 को ससुरालियों ने एक राय होकर उसके साथ मारपीट की और जेवरात छीन कर भगा दिया। मारपीट के कारण उसके गर्भ में शिशु की मौत हो गई। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### कनेक्शन न देकर लाइनमैन उपभोक्ताओं से वसूल करता है एक हजार रुपये, शिकायत

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के ककरोऊ गांव निवासी ग्रामीणों ने कनेक्शन होने के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा मीटर न लगाए जाने व कर्मचारियों द्वारा धन उगाही किए जाने की शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियो से की है। गांव निवासी शिवकुमार बिंदन महावीर राम लखन शिवचरण मान सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत कनेक्शन करने के बाद घरों में मीटर नही लगाए गए है। तथा कर्मचारी पोल से लाइन जोड दिए है। तथा हर महीने बिल के नाम पर एक हजार रुपया कनेक्शन वाले उपभोक्ता से लाइन मैन वसूल करते है। न देने पर उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया जाता है। जिनके यहां विद्युत मीटर लगा है। उनका एक किलोवाट का बिल बीस से पच्चीस हजार रुपया आ रहा है। जिससे ग्रामीण उपभोक्ता खासे परेशान है। ग्रामीणों ने मीटर लगाए जाने व बढ़ते हुए विद्युत बिल को ठीक कराए जाने की मांग अधिशाषी अभियंता से की वही इस संबंध में अवर अभियंता भारत कुमार ने बताया की मामले की जानकारी नहीं है। ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।

### संविदा पर दस डाक्टर नियुक्त, टेली मेडिसीन डाक्टरों से सीएचओ बताएंगे अपनी समस्याएं

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कक्ष में संविदा के आधार पर चयनित 10 डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। सभी चयनित डॉक्टरों को निष्ठा तथा पूर्ण ईमानदारी से काम करने के निर्देश दिए गए। आयुष डाक्टरों में तीन राठ व एक मुख्यालय में तैनाती की गयी है इसी प्रकार दो डाक्टर टेली मेडिसीन कार्यक्रम में पहली मर्तवा नियुक्त किये गये है इनका काम जो सीएचओ को उपचार के दौरान कोई समस्या आयेगी वह टेली मेडिसीन डाक्टर से संपर्क करेगे हालाकि दो डाक्टर टेलीमेडिसीन के है जब कि 122 सीएचओ जिले में कार्यरत है किस किस सीएचओ की समस्या का हल करेगे यह समय ही बतायेगा। इसी प्रकार डेंटल सर्जन का काम जिले में कहा पर डेंटल चिकित्सक काम नही कर रहे है मरीजों की क्या समस्याएं है डेटल सर्जन देखेगे। नियुक्ति पत्र पाने वाले क्रमशः डॉ. राहुल आर्या आयुष चिकित्सक डॉ. अर्चना प्रजापति आयुष चिकित्सक डॉ. रचना निगम आयुष चिकित्सक डॉ. वीरेन्द्र सिंह राजपूत चिकित्साधिकारी डॉ. अमित कुमार चिकित्साधिकारी डॉ. अरूण कुमार चिकित्साधिकारी डॉ. मोहित सिंह चिकित्साधिकारी (टेली मेडिसीन) डॉ. अन्जू नागवंशी चिकित्साधिकारी (टेली मेडिसीन) डॉ. अलंक्रिता गुप्ता चिकित्साधिकारीए डॉ. सुबोध मिश्रा डेन्टल सर्जन(ओरल हेल्थ कार्यक्रम) नियुक्त किये गये है. इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह अन्य संबंधित उपस्थित रहें।

## छेड़छाड़ करने के बाद मारपीट की, पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** दुकान पर बैठी किशोरी के साथ युवक ने छेड़छाड़ कर मारपीट कर दी। पीड़िता की नाना ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बे के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय नातिन नल पर पानी भरने जाती है तो पड़ोसी युवक नातिन के साथ छेड़छाड़ करता है। घर के मोबाइल पर जबरन फोन लगाता है। बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे उसकी नातिन दुकान पर बैठी थी। तभी उक्त युवक दुकान पर आया और नातिन के साथ छेड़छाड़ कर मारपीट करने लगा। आवाज सुन कर जब उसकी पत्नी बचाने गई तो उन्हें भी मारा.पीटा। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# सर्वसम्मति के बाद भी दबंग ने नजूल भूमि पर मूर्ति रखने पर लगायी रोग

- नजूल भूमि पर कई सालों से काबिज हैं दबंग, पुलिस से शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सिसोलर थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ी ग्राम सभा की भूमि पर दबंगों का कब्जा है एवं शेष बची भूमि में ग्रामीणों की मांग पर मूर्ति की स्थापना की गई थी लेकिन दबंग युवक ने मूर्ति स्थापित करने से रोक दिया है, इसके बाद गांव वाले सिसोलर थानाध्यक्ष समेत संबंधित अधिकारियों से दबंग युवक पर कार्रवाई करने एवं भूमि की पैमाइश कराकर मूर्ति स्थापित रहने की मांग पर डट गये।

सिसोलर थाना क्षेत्र के किसवाही



गांव के लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने थाना अध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव निवासी विजय करण यादव गांव सभा की नुजूल की भूमि पर कब्जा किये रहा है। ग्राम प्रधान ने उस खाली जगह को साफ.सुथरा करा सभी की मर्जी से राधेकृष्ण की मूर्ति रखवा दी जिसके बाद उपरोक्त विजय करण यादव ने मूर्ति हटाने की मांग शुरू कर दी। हालांकि आजाद भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश द्विवेदी ने भी मंदिर को उसी स्थान पर स्थापित रहने की बात कहते हुए ग्रामीणों से शांति की अपील की है। वहीं सिसोलर थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने बताया कि ग्रामीणों को अपर जिलाधिकारी समेत उपजिलाधिकारी ने नया मंदिर स्थापित करने से मना किया था लेकिन गांव वालों ने जबरदस्ती वहां मूर्ति स्थापित कर दी है और यदि राजस्व विभाग द्वारा उन्हें कोई तहरीर प्राप्त होती है तो निश्चित ही ग्राम सभा की भूमि पर नया मंदिर स्थापित करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सुशासन सप्ताह के तहत ग्रामीणों को वितरित किये कंबल, पौधरोपण किया

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सुशानस सप्ताह उप जिलाधिकारी तहसीलदार एवं क्षेत्राधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओ सुनकर ग्रामीणों को कंबल वितरण किया साथ में अमृत सरोवर और अमृत वाटिका का निरीक्षण करते हुए विकास कार्यों की समीक्षा की और अमृत वाटिका में पौधारोपण किया।

मौदहा विकास खण्ड के इंचौलीए परछछ भैंसमरी गांव सुशासन सप्ताह मनाया गया भैसमरी गांव के स्थित पंचायत भवन में कैंप लगाकर सुशासन सप्ताह दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उप जिला अधिकारी राजकुमार गुप्ता एवं तहसीलदार मनोज सिंह क्षेत्राधिकारी विनीता ने सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनको त्वरित निस्तारण करने की कोशिश की सुशासन सप्ताह में ग्रामीणों के राशन कार्ड किसान सम्मान रोजगार गारंटी योजना शौचालय वृद्धा पेंशन बेवा पेंशनए फैमली आई डी कार्ड आज का निस्तारण के आदेश दिए साथ में अमृत सरोवर अमृत उद्यान का उप जिला अधिकारी क्षेत्राधिकार ने निरीक्षण करते हुए अमृत उद्यान में यूकेलिप्टस आदि पेड़ों का पौधरोपण किया।

एसडीएम कार्यालय से मिले 25 कंबल प्रधान ने अपनी ओर से 75 कंबलों का गरीब जनता को ठंड से बचने के लिए वितरण किया है इस अवसर पर लेखपाल अवनीश राणाए शुभम सिंह लल्लू सिंह बालेन्द्र सिंह राजू सिंह रामस्वरूप कुटार बंदी प्रजापति एतुलाराम आदि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कब्र खोद शव निकाल कराया पोस्टमार्टम, छह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बिवार क्षेत्र के मुटनी गांव में आठ माह पहले छत से गिरकर एक नवयुवक की हुई मौत पर परिजनों ने अदालत से आधा दर्जन के खिलाफ शक जाहिर करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। तहसीलदार की देखरेख में दफन किए गए शव को कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

थाना क्षेत्र के मुटनी गांव अरविंद पुत्र आशाराम कुशवाहा बिगहना में होटल किए हुए था जो शादी समारोह में हलवाई का भी काम करता था 13 अप्रैल 2024 को मुटनी गांव के मनोज पुत्र गुलजारी कुशवाहा के कुआं पूजन कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए लेकर गया था जो रात में उनके घर में ही छत पर लेटा था सुबह जागने पर देखा तो अरविंद छत से नीचे गिरकर मृत अवस्था में पड़ा था जिसे आपसी समझौते के बाद दफन कर दिया गया था। मृतक का भाई रिंकू जो बाहर वापी में रहकर मजदूरी का कार्य करता था उसे भाई की हत्या की आशंका जाहिर करते हुए मुकदमा दर्ज करवाने के लिए थाना के चक्कर काटता रहा है परंतु कोई कार्रवाई न होने पर उसने अदालत की शरण ली है जिस पर अदालत के आदेश पर आज तहसीलदार मनोज कुमार सिंह थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की देखरेख में शव को कब्र से बाहर निकाल कर पीएम के लिए भेजा है। वहीं मृतक के ताऊ देवीदीन ने बताया कि मृतक के साथ छत में मनोज सुनील पुत्रगण गुलजारी कुशवाहा पंकज पुत्र राजू लेटे थे मृतक की मौत से एक सप्ताह पहले विनोद और मनोज से झगड़ा हुआ था जिन्होंने देख लेने की धमकी दी थी मृतक के भाई ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि के प्रभाव पर चौकी प्रभारी ने मामले को दबा दिया है। मृतक अरविंद के भाई रिंकू ने गांव के मनोज, सुनील, पंकज, विनोद, गुलजारी, रामानंद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने कार्यवाही शुरु कर दी है,पैनल बनाकर पीएम कराया गया है।

# क्षेत्र पंचायत जैतपुर की बैठक ब्लॉक सभागार में संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद महोबा के जैतपुर क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई संपन्न विकासखंड जैतपुर के सभागार कक्ष में क्षेत्र पंचायत प्रमुख की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें कुल क्षेत्र पंचायत सदस्य 79 मे से लगभग 60 क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में मुख्य रूप से आए हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बात सुनकर उनको सरकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करना रहा। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग से अभिषेक चौबे द्वारा स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई जिसमें मुख्य रूप से आयुष्मान कार्ड के संबंध में बताया गया की 70 प्लस जो भी व्यक्ति हो उनके स्वास्थ्य विभाग से तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं इसमें किसी प्रकार की कोई पात्रता नहीं है इसके अलावा लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता घनश्याम वर्मा के




द्वारा बताया गया कि जिन व्यक्तियों को कूप की जरूरत हो वह अपने रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं इसके बाद खंड विकास अधिकारी संतराम द्वारा भी जानकारी देते हुए द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जो भी व्यक्ति पात्र हो वह अपने स्तर से भी ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं छितरवारा से आए क्षेत्र पंचायत सदस्य ने मांग रखी कि प्रत्येक पंचायत में श्मशान घाट बनना अति आवश्यक है इस बिंदु पर ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत व खंड विकास अधिकारी ने स्पष्ट तौर से बताया कि जिलास्तरीय अधिकारियों के द्वारा समय-समय पर ऐसी ग्राम पंचायतों की सूची मांगी जाती है जहां पर श्मशान घाट नहीं है पंचायत स्तर से इसके प्रस्ताव पारित कर विकासखंड कार्यालय में उपलब्ध कराये तो निश्चित रूप से प्रत्येक पंचायत में श्मशान घाट बनवाये जा सकते हैं। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत के द्वारा सभी आगंतुक क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आभार प्रकट किया गया। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य जगदीश पाठक, सुखरानी, सीता, संदीप राजपूत, हरगोविंद, कमल, प्रेमलाल सहित लगभग 65 क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस कार्यकर्ता को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पूर्व कांग्रेस पदाधिकारियों ने कैंडल जलाकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पांडेय को किया याद। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बीजेपी कुशासन के खिलाफ विरोध व्यक्त किया था जिसमें पुलिस की बर्बरता के कारण युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मृत्यु हो गई जिसके चलते कांग्रेस पार्टी ने पुलिस के खिलाफ कैंडल जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्य रूप से उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसी जागीरदार, निवर्तमान नगर अध्यक्ष चरखारी एड. शहंशाह अली सिद्दीकी, पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष खेमचंद अहिरवार, पूर्व



जिला उपाध्यक्ष एड. हनी मिश्रा, पूर्व किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्वकर्मा, पूर्व जिला महासचिव एड.शफीक अहमद, पुष्पेंद्र राजपूत,अंशु मिश्रा,पंकज रैकवार,अनुभव गुप्ता, ब्रजेश शुक्ला सहित अन्य कांग्रेसी मौके पर रहे मौजूद।

## युवती ने फांसी लगाकर जान दी

कुरारा। सुने घर मे अज्ञात कारणों के चलते 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के बचरौली गांव निवासी बहादुर कबीर जो कि पेशे से राजमिस्त्री है। कि सबसे छोटी पुत्री शालिनी (19) ने शाम करीब सुने घर मे तीन शेड के नीचे अपने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता बहादुर कबीर ने बताया कि वो काम पर गया था। वही पत्नी खेतो में अन्य बच्चो के साथ गई थी। तभी सूने घर मे पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वही थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति ने बताया कि कारण अभी स्पष्ठ नही हो पा रहा है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उप जिलाधिकारी एसओसी एवं एसीओ चकबंदी तथा लेखपालगण उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने सीओ चकबंदी को निर्देशित किया कि चकबंदी के ग्रामों के वादों का शीघ्र निस्तारण किया जाये। उन्होंने एसीओ चकबंदी को निर्देश दिए कि ग्राम इंदौरा की कीयत लगाये एवं ग्राम लुहारी के शीघ्र चक सृजन किए जायें और ग्राम वरदा, बरेण्डा, में धारा 52 का प्रकाशन शीघ्र कराने के निर्देश दिए तथा सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय में समय से उपस्थित होकर कार्य की प्रगति बढायें।

# राहुल गांधी पर केस के विरोध में सड़कों पर कांग्रेसी

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज़।**

राज्यसभा में मंगलवार को संविधान पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह की ओर से डॉ. बीआर आंबडेकर पर दिए बयान के बाद छिड़ा सियासी संग्राम बढ़ता जा रहा है। उधर, संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर सांसदों को धक्का देने के आरोप में दर्ज मुकदमे का विरोध भी शुरू हो गया है। शुक्रवार को जिला और शहर कांग्रेस कमेटी ने अमित शाह के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। आंबेडकर चौराहे पर जुटे कांग्रेसियों ने बाबा साहब को माला चढ़ाकर नमन किया फिर प्रतिमा के सामने उन पर हुई टिप्पणी को लेकर रोष जताया। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि गृह मंत्री अमित शाह अपने बयान पर माफी मांगें और इस्तीफा दें। इसके साथ ही सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज केस को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, मामले की गंभीरता से जांच कराने की बात भी कही। शुक्रवार दोपहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह और महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे के नेतृत्व में कांग्रेस नेता आंबेडकर पार्क चौराहे पर जुटे। कांग्रेस नेताओं ने सबसे पहले केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कलक्ट्रेट तक जुलूस के लिए निकले तो पुलिस ने रोक लिया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी रही, वहीं कुछ नोकझोंक भी हुई। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि आंबेडकर पूरे देश के लिए पूजनीय हैं, काशी के सांसद और पीएम ने गलती नहीं मानी बल्कि अमित शाह के बयान के बचाव किया। उन्होंने छह-सात ट्वीट किए, इसकी क्या जरूरत थी? अगर बाबासाहब के बारे में कोई गलत बोलता है, उसको अपने कैबिनेट से निकाल देना चाहिए। ये दुर्भाग्य है कि एक दलित नायक, जो देश में सबके लिए पूजनीय हैं भाजपा उनका अपमान कर रही है। यह पहली बार नहीं है जब मौका मिलता रहा भाजपा ने संविधान से छेड़छाड़ या उसमें परिवर्तन की प्लानिंग बनाई। अब संविधान निर्माता पर सीधा हमला किया। उन्होंने कहा कि अमित शाह को माफी मांगनी चाहिए।

# अटल जी एवं सुशासन विषय पर भाषण प्रतियोगिता में यशस्वी ने मारी बाजी

- काव्य पाठ में राम मिलन प्रथम
- भाषण में द्वितीय भावना पाठक तृतीय स्थान मोनिका सेन ने प्राप्त किया
- वीरभूमि महाविद्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस पर हुईं प्रतियोगिताएं

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश के क्रम में निदेशक उच्च शिक्षा के निर्देश के अनुपालन में वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर



महाविद्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस के अवसर पर अटल जी की जीवनी एवं कार्य कुशलता विषय पर अनेक प्रतियोगिताओं के आयोजन के क्रम में अटल जी एवं सुशासन विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ संतोष पांडे, डॉ अनुराग सिंह, डॉ राम बिहारी पांडे एवं डॉ एल सी अनुरागी ने अपने निर्णय में भाषण में प्रथम स्थान यशस्वी तिवारी द्वितीय भावना पाठक तृतीय मोनिका सेन एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम राम मिलन द्वितीय यशस्वी व तृतीय मोनिका को घोषित किया इस अवसर पर महोबा नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पूर्व प्राचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन सुशासन के लिए समर्पित था तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय कि अंत्योदय योजना के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुशासन को पहुंचना लक्ष्य था पूर्व प्रोफेसर डॉक्टर एल सी अनुरागी ने अटल जी के व्यक्तित्व को सागर से तुलना करते हुए कहा कि अटल जी अपार हृदय के व्यक्तित्व थे उनके हृदय में करुणा की तथा राजनीति में कभी भी द्वेष भावना नहीं थी इस प्रतियोगिता में जनपद के उच्च शिक्षा संस्थान में राजकीय महाविद्यालय चरखारी, राम श्री महाविद्यालय, चंद्रिका महाविद्यालय तथा साई महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया कार्यक्रम सम्यक जनपदीय नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया प्रतियोगिता का संचालन एन एस एस नोडल अधिकारी डॉ संतोष पांडे ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# विशिष्ट आवश्यकता वाले 502 बच्चों को उपकरण वितरित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ेल में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों का उपस्कर एवं उपकरण वितरण शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि अध्यक्ष जिला पंचायत राज रानी रावत, सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मैंजरमेंट कैम्प में चिन्हित तहसील नवाबगंज व रामनगर के 348 दिव्यांग बच्चों में से एल्मिको कानपुर के सहयोग से 502 उपकरणों का वितरण किया गया।

एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने दिव्यांग बच्चों को आशीर्वचन देते हुए

- एल्मिको कानपुर के सहयोग से दिव्यांगों को मिले 502 उपकरण

कहा कि वह अपने जीवन की उचाईयों को छू सके यही ईश्वर से कामना है। देश के प्रधानमंत्री ने इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दिव्यांग नाम देकर एक नई इबारत लिखने का कार्य किया। दिव्यांग बच्चे जब आगे बढ़कर किसी उच्च पद पर आसीन होंगे तो गुरुजनों का नाम रोशन करेंगे। अभिभावकों से अपील करते



हुए कहा कि बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जरूर भेजे, जब बच्चे नियमित स्कूल आएंगे तो अध्यापक भी मन लगाकर मेहनत करेंगे। अध्यक्ष जिला पंचायत राजरानी रावत ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहन मिलने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्री अ सुदन ने कहा कि विशिष्ट अवश्यकता वाले बच्चों को समझने की जरूरत है। उपकरण मिलने के बाद यह बच्चे अपनी जीवन की नई मंजिल तय कर सकेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए, अवगत कराया कि विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहा है। एसीएमओ डॉ राजीव सिंह ने दिव्यांग बच्चों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम संयोजक जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा के अन्तर्गत) दिनांक 07 अक्टूबर, 8 अक्टूबर अक्टूबर को जनपद की तीन तहसीलों नवाबगंज, रामनगर, रामसनेहीघाट के 6 से 14 आयु वर्ग के कुल दिव्यांग बच्चों का एल्मिको कानपुर की टीम के द्वारा मैजरमेंट किया गया। जिनमें से 528 बच्चों को उपकरण प्रदान करने हेतु चिन्हित किया गया था। जिसमें तहसील नावबगंज व रामनगर के कुल 348 बच्चों को 502 उपकरण वितरित किए गये। मंच संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारीगण देवा, राम नारायण, बनीकोडर संजय कुमार राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, पारूल शुक्ला, सुमन, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, अजीता श्रीवास्तव, चित्रेता सागर, नीरज मिश्रा, मो सलीम सहित समस्त स्पेशल एजुकेटर मौजूद रहे।

## शौचालय निर्माण करा रहे शख्स पर हमला, अस्पताल में भर्ती

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



असंद्रा थाना क्षेत्र में शौचालय का निर्माण करवा रहे एक व्यक्ति पर गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी डंडे से हमला कर दिया।घटना में उसे काफी चोटें आई हैं।गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना थाना क्षेत्र के पूरे हिमांचल मजरे किथैया गांव की है।यहां के निवासी मान सिंह सुबह के समय अपने शौचालय का निर्माण करवा रहा है। इसी दौरान गांव के ही पृथ्वीराज अभयराज और उदयराज आदि लोगों ने रंजिशन उस पर हमला कर दिया।आरोप है कि लाठी डंडा से पिटाई कर लोहे की बसुली से सिर पर प्रहार कर दिया गया जिससे सिर में गंभीर चोट आई है।गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जहां उपचार हो रहा है।पीड़ित के पुत्र जीत बहादुर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है।घटना के संबंध में इंस्पेक्टर असंद्रा जेपी सिंह का कहना है कि शिकायत की जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विकास क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में गांव की समस्या गांव में समाधान को लेकर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें आवास हैंडपंप पेंशन से संबंधित 8 शिकायतें आई ।मौके पर दो शिकायत का निस्तारण कर दिया गया । पहली चौपाल ग्राम पंचायत परसा प्रथम में ग्राम प्रधान नीलम देवी की अध्यक्षता एवं पंचायत सचिव सुरेश यादव के संयोजन में आयोजित की गई। गांव के ग्रामीणों ने हैंडपंप मरम्मत,नाली, परिवार रजिस्टर नकल कृषि सम्मान निधि की शिकायत किया। जिसका समाधान करने का पंचयात सचिव ने आश्वासन दिया।दूसरी चौपाल ग्राम पंचायत परसा द्वितीय में ग्राम प्रधान शोभा वर्मा की अध्यक्षता एंव सचिव कुलदीप वर्मा के संयोजन मे आयोजित की गई। जिसमें दो शिकायत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं एक शिकायत पेंशन से सम्बन्धित आयी । जिसे निस्तारित कर दिया गया है। ग्राम सचिव ने उपस्थित लोगों को संचालित योजनाओं की विस्तृत रुप से जानकारी दी। पंचायत भवन से मिलने वाली सुविधाओं के बाबत भी जानकारी दी गई।इस मौके पर परसा प्रथम प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार यादव,मुड़ियाडीह प्रधान दिग्विजय यादव एवं गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

### बीडीओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक सभागार सिरौलीगौसपुर में खंण्ड विकास अधिकारी अदिती श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मनरेगा, शौचालय, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास आदि के साथ ही साथ झुग्गी झोपड़ी वाले पात्र लाभार्थियों के आवास चयन आदि विन्दुओं पर विस्तृत रुप से चर्चा की गई। शुक्रवार को ब्लाक सभागार सिरौलीगौसपुर में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में खंण्ड विकास अधिकारी ने अधूरे आवासों को समय से पूर्ण कराने, मनरेगा से चकबंधो की पटाई, तालाबों की खुदाई तथा झुग्गी झोपड़ी वाले गरीबों के आवास चयन बारीकी के साथ करने आदि विन्दुओं पर समीक्षा की गई।इस मौके पर प्रभारी एडीओ पंचायत कुलदीप श्रीवास्तव, जेई आरईएस चेतराम, जेई एमआई सतीश श्रीवास्तव, कुलदीप वर्मा, सुरेश चंद्र यादव, मनीष शुक्ला, शिवम, सतीश कुमार वर्मा, गजराज, दानिश, वीरेन्द्र तिवारी, अखिलेश वर्मा राजेश कुमार रावत आदि मौजूद रहे।

### ज्ञान विज्ञान मेला कल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा के ठठराही वार्ड में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आगामी रविवार को श्रीनिवास जयंती के अवसर पर विद्यालय में ज्ञान विज्ञान बाल मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ओपी सिंह ने बताया कि इस मेले में विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### समेकित शिक्षा का दस दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**हैदरगढ, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** आज ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ के संरक्षण में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा हेतु नोडल टीचर्स के दस दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में स्पेशल एजुकेटर सहदेव प्रजापति, मनोरमा सिंह, सन्दर्भदाता आशीष त्रिवेदी, मदन मोहन वर्मा एवं श्री कृष्ण मिश्रा ने दिव्यांग बच्चों के 21 प्रकार के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया जिसमें मुख्यत: दृष्टि दिव्यांगता, श्रव्य दिव्यांगता, आटिज्म, पार्किंसन, सेरेब्रल पालसी आदि दिव्यांगताओं के कारण, लक्षण एवं पहचान के बारे में बतलाया गया। आज अंतिम दिन के प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में एस. आर. जी. राहुल शुक्ला ने सभी प्रशिक्षुओ से इस प्रशिक्षण की विद्यालय में उपयोगिता एवं इसके सफल क्रियान्वयन के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर संजय शुक्ला, उमेश अवस्थी,विवेक गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप सिंह,विवेक वर्मा,अभय प्रताप अभिषेक श्रीवास्तव, अनुराग वर्मा,कुलदीप मिश्रा,श्रद्धा वर्मा, रीना सिंह, माया सिंह, मुबीन अहमद, प्रेम चंद,रिजवान अहमद, भावना मिश्रा,देवी प्रसाद,विष्णु पाण्डेय, दिव्या शुक्ला आदि नोडल शिक्षक उपस्थित थे।

### अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे बैठे किसान को रौंदा, मौत



**जगम्मनपुर (जालौन), समृद्धि न्यूज।** तेज गति व अनियन्त्रित स्कॉर्पियो कार ने सड़क किनारे बैठे किसान को रौंद डाला जिससे उसकी ठौर मौत हो गई। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर में रामपुरा रोड पर सोनी गेस्ट हाउस के सामने सुजुकी पुत्र रामनरेश शाक्यवार की पंचर जोड़ने की दुकान पर प्रहलाद सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष निवासी ग्राम हमीरपुरा थाना रामपुरा रोज की भांति खेतों से वापस आते समय अपनी साइकिल का पंचर ठीक करवा रहे थे उसी समय अपराह्न लगभग 3रू30 बजे तेज गति से चलती हुई काले रंग की स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर कर दुकान पर बैठे प्रहलाद को रोंदते हुए व टीन टप्पर उछाते हुए चली गई जिससे प्रहलाद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायल प्रहलाद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामपुरा थाना पुलिस को घटना की सूचना देते हुए मृतक प्रहलाद के भाई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि काले रंग की स्कॉर्पियो कार जिसे सोनू सिंह पुत्र राम किशोर सिंह निवासी जगम्मनपुर चला रहे थे जिससे उनके भाई की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष रामपुरा संजीव कुमार कटियार व चौकी प्रभारी जगम्मनपुर उप निरीक्षक अनुज पवार मय हमराही मौके पर पहुंच गए पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# मासूम की मौत के बाद हड़कंप



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** मासूम बच्चे की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमे में मचा हड़कंप। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद अस्पताल को सीज कर दिया है। गुरुवार को मरकामऊ कस्बे के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन से पहले इंजेक्शन लगाए जाने के बाद तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। शुक्रवार को सीएचसी अधीक्षक डाक्टर संतोष कुमार सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल पहुंची और जांच पड़ताल के बाद अस्पताल को सीज कर दिया। रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम फरेंदहा मजरे अमराई निवासी प्रदीप ने अपने बच्चे रिशू को बतौडी का ऑपरेशन के लिए शिव पटेल नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। ऑपरेशन से पहले डॉक्टर ने बच्चे को दो इंजेक्शन दिए थे। इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और डॉक्टर पर उन्होंने आरोप लगाते हुए शव को गोद में लेकर अस्पताल के बाहर हंगामा शुरू कर दिया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सन्तोष कुमार ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर नहीं दिया है। जिस वजह से अभी तक मुकदमा नहीं लिखा जा सका। वहीं इस सम्बन्ध में सीएचसी अधीक्षक डाक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अस्पताल की जांच कर सीज कर दिया गया है। अस्पताल संचालन को नोटिस भी जारी किया गया है।

# फसलों का अवशेष न जलाकर मिट्टी में मिलाएं : रामदेव सिंह

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ द्वारा अपने सभागार में इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का शुक्रवार को आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्व विद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ आर.बी सिंह ने किया।

केवीके हैदरगढ़ के केंद्र प्रभारी डॉ अश्वनी सिंह,वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर समीर पांडे,रोनाल्ड डिसूजा,जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने अंग वस्त्र फूलमाला और स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया।



मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में मौजूद किसानों से फसल अवशेषों को खेतों में ना जलाने की अपील करते हुए कहा कि फसल अवशेष जलाने से जहां एक और खेतों की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है, वहीं प्रदूषण फैलता है जो मानव जीवन को कठिन बनाने का काम करता है। उन्होंने फसल अवशेष जलाने के बजाय अवशेषों को खेत की मिट्टी में मिलने की सलाह दी कहा कि इससे खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य रामदेव सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश प्रदेश की सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि केंद्र के वैज्ञानिक भी सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुचाने के लिए गाँव गांव जाकर योजनाओं के विषय में कार्यक्रम लगाकर उन्हें जानकारियां दे रहे हैं और उनकी आय दुगनी करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से इन कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाकर अपनी आय दोगुनी करने की अपील की।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्व विद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ आर.बी सिंह ने कीटनाशकों के कम से कम उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि इनके ज्यादा इस्तेमाल से शरीर पर बहुत ही घातक असर होता है। अपर निदेशक प्रोफेसर डॉ. आर. आर. सिंह ने जैविक खेती को बहुत ही आसान बताते हुए कहा कि जैविक खेती के माध्यम से जहां भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकते हैं। वही रासायनिक खादो की वजह से मानव स्वास्थ्य पर पढ़ रहे दुष्प्रभाव से छुटकारा भी पा सकते है। केवीके प्रभारी डॉक्टर अश्वनी सिंह ने उपस्थित सैकड़ो किसानों को पराली न जलाने की शपथ दिलाई। और कहा कि किसान अपने खेतों की पराली न जलाए ,बल्कि केंद्र से आधुनिक मशीन ले जाकर पराली को खेतों में छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर मिट्टी में मिलाए, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी और प्रदूषण भी नहीं फैलेगा। वरिष्ठ विज्ञानी डॉक्टर समीर पांडे ने कहा कि किसान अधिक खेतों में रासायनिक खादों का प्रयोग कम करें। और वैज्ञानिक ढंग से खेती करें तो उनकी आय दुगनी हो सकती हैं। जिला कृषि अधिकारी राजित राम केरल से आये रोनाल्ड डिसूजा डॉक्टर भास्कर प्रताप सिंह व विनीत कुमार शुक्ल और डॉ. रूपन ने भी किसानों को तमाम तरह की खेती संबंधित जानकारियां दी।

# आईटीआई में कालनेमि रूपी सप्लायर की करतूतों का जल्द होगा खुलासा

- विद्यार्थी परिषद व भ्रष्टाचार विरोधी मंच डीएम से करेगा शिकायत
- कथित सप्लायर की फर्मों से हुई सप्लाई की करेगा जांच की मांग

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

आईटीआई में पिछले कई वर्षों से कालनेमि रूपी कथित सप्लायर की काली करतूतों को लेकर जिस तरह से विभाग में चर्चाओं का बाजार गर्माने लगा है उसको देखते हुये यह उम्मीद पक्की हो गयी कि कथित सप्लायर विभिन्न नामों की फर्मों से मार्केट रेट से अधिक दामों में प्रधानाचार्य से सांठगांठ कर सप्लाई का धंधा बदस्तूर चला रहा है। हालांकि अब कथित सप्लायर की काली करतूतें उजागर होने के बाद विद्यार्थी परिषद ही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार विरोधी मंच मैदान में आ गया जो जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराकर शिकायती पत्र सौंपकर कालनेमि रूपी सप्लायर की विभिन्न फर्मों द्वारा क्या-क्या आपूर्ति की गयी है और कितने रेट पर की गयी है। ताकि टैक्नीकल शिक्षण संस्थान में सप्लाई के नाम पर भ्रष्टाचार का तड़का लगाने में सफलता की सीढ़ी चढ़ने वाले कथित सप्लायर के काले कारनामें उजागर हो सके।

गौरतलब हो कि एक ओर जहां केंद्र व प्रदेश सरकार छात्र-छात्राओं को




टैक्नीकल शिक्षा देने के नाम पर अच्छा खासा बजट खर्च कर रही है तो वहीं ऐसी शिक्षण संस्थानों में भी कथित सप्लायर प्रधानाचार्य से मिलकर जैम बोर्टल के माध्यम से जो सामान खरीदा जा रहा है उसमें बाजार के रेट से ज्यादा दामों में सप्लाई कई फर्मों के नाम से करता चला आ रहा है। विभागीय सूत्रों की मांगें तो कथित सप्लायर एक ही व्यक्ति है लेकिन उसने अपने परिवारजनों व रिश्तेदारों के नाम से कई फर्में बना रखी है। यही कारण है कि आईटीआई में चाहे विद्युत खराबी ठीक करानी हो या फिर स्टेशनरी की सप्लाई करना हो या प्रैक्टीकल का सामान हो या फिर चाय, नाश्ता देना हो यही एक सप्लायर समूचे जनपद की आईटीआई में सप्लाई का जिम्मा संभालने में कभी भी पीछे नहीं रहता है। चूंकि टैक्नीकल शिक्षण संस्थान होने की वजह से वहां के क्रियाकलापों की जानकारी आम लोगों से दूर ही रहती है फिर ऐसे शिक्षण संस्थान आबादी क्षेत्र से दूर भी बने हुये हैं जिससे वहां की गतिविधियां वहीं की चाहरदीवारी में कैद होकर रह जाती है। ऐसा नहीं कि वहां के स्टाफके ऐसे कार्यों की जानकारी न हो लेकिन वह आपस में ही चर्चा करते अपने मन को तसल्ली देकर अपना मन हल्का कर लेते हैं। सूत्रों की मानें तो आईटीआई के सप्लायर के पास ऐसा हुनर है जिससे कोई भी प्रधानाचार्य आये उसकी मास्टर चाबी उसकी जेब में ही रहती है। यह ऐसा फंडा है जिससे आईटीआई में कथित सप्लाई के सप्लायर की बादशाहद बेखौफअंजाम में पटरी पर दौड़ रही है। लेकिन तरह से आईटीआई में सप्लाई के नाम पर हो रहे कथित भ्रष्टाचार की जानकारियां विद्यार्थी परिषद व भ्रष्टाचार विरोधी मंच के कानों तक पहुंची तो वह सरकारी धन का बंदरबांट बंद कराने के प्रयासों में जुट गये। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों का कहना था कि वह जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर कथित सप्लायर की फर्मों से आपूर्ति होने वाली सामग्री की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग करेंगे।

## निपुण असेसमेंट सर्वे में सफल रहा प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा



**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा विकासखंड माधौगढ़ जनपद जालौन में निपुण एसेसमेंट सर्वे किया गया जिसमें डाइट के डीएलएड प्रशिक्षुओं के द्वारा कक्षा 1 व 2 के छात्रों का एसेसमेंट टेस्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से किया गया जिसमें छात्रों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद विद्यालय को निपुण घोषित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बालकृष्ण ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के छात्र प्रतिदिन निपुण एसेसमेंट की ऐप पर अभ्यास करते रहते हैं एवं उन्होंने इसका श्रेय बच्चों के अभिभावकों को दिया जिनकी जागरूकता से बच्चे आज हिंदी एवं गणित में निपुण घोषित हुए। जनपद में निपुण असेसमेंट सर्वे कराया जा रहा है जिसमें छात्रों को बुनियादी हिंदी और गणित की समझ का आंकलन होना है। इसी कार्यक्रम के बावत आज प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा में निपुण एसेसमेंट सर्वे करवाया गया जिसमें प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा के छात्र निपुण पाए गए। विद्यालय के सहायक अध्यापक राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विपिन उपाध्याय व श्याम जी ने बच्चों को बधाई दी। विद्यालय की शिक्षिका सविता कुशवाहा, अनु गुप्ता ने बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा बच्चों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाया। तदुपरांत निपुण सेल्फी पॉइंट पर सभी ने अपनी अपनी सेल्फी भी ली।

# सेंटमैरी स्कूल में दो दिवसीय परोपकारार्थ मेले का शुभारम्भ

- सेंटमैरी के बच्चों का टेलेंट राष्ट्र निर्माण में करेगा योगदान : एसएसपी संजय वर्मा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के दो गरीब परिवारों को निशुल्क घर बनाकर देने के परोपकारी उद्देश्य को लेकर सेंटमैरी इंटर कॉलेज में लगाए गए दो दिवसीय मैरियमपैथिया-2024 मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने फीता काट कर किया। उन्होंने सेंटमैरी के छोटे छोटे बच्चों द्वारा लगाए शानदार खेल स्टॉल्स का निरीक्षण भी किया और खेल भी खेले।

इस अवसर पर बोलते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि सेंट मैरी स्कूल के छोटे छोटे बच्चों ने बेहतरीन



तकनीक और ट्रिक का इस्तेमाल कर जिस तरह का टेलेंट साबित किया,उसे देखकर कहा जा सकता है कि एक दिन यही बच्चे राष्ट्र के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान करेंगे। उन्होंने आगे अपने प्रेरक संदेश में कहा कि आप चाहे जो भी काम करते हों,आपकी कोशिश होनी चाहिए कि आप पूरे मनोयोग और पूरी दक्षता से अपने कार्य का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दें तो निश्चित ही आप जीवन में सफल व्यक्ति माने जाएंगे। उन्होंने सम्मान देने के लिए सेंटमैरी के प्रिंसपल फादर शीजू जार्ज,मैनेजर फादर विंसन, वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन, सिस्टर जोस्मिन, हैड मिस्ट्रेस सिस्टर नवीना समेत समस्त स्टाफ का आभार भी जताया। इससे पूर्व सेंटमैरी स्कूल पहुंचने पर विद्यालय के बच्चों द्वारा एसएसपी को बैंड बजाकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।स्कूल के प्रिंसिपल फादर शीजू जार्ज, मैनेजर फादर विंसन व वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन ने भी बुके देकर उनका स्वागत किया।

वर्ल्ड ऑफ गेम्स यानी खेलो का संसार की थीम पर लगाए गए इस दो दिवसीय मेले में प्रथम दिन कक्षा के जी से लेकर कक्षा सात तक के बच्चों ने छोटी छोटी बॉल्स, वाटर, पिस्टल से निशाना, रिंग बॉल, हिट इट, मस्ती बाजार, क्रिएटिव गेमर्स, हॉरर जॉन, थ्री डी कैमरे से वर्चुअल रियलिटी का अनुभव आदि के चौदह स्टॉल लगाए,इन सभी पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जा जाकर उन खेलों का आनंद उठाया। बच्चों ने भी मेले में लगाए गए गेम्स और खाने पीने के स्टॉल, घुड़सवारी और झूलों का टिकट खरीद कर खूब मजा लिया। सेंटमेरी में कल दूसरे दिन लगने वाले मेले में क्लास 8 से 12 तक के बच्चे अपना हुनर दिखाएंगे।मेले की व्यवस्था बनाने में को ऑर्डिनेटर अनीश एलेक्स, पीआरओ अबू थॉमस सहित समस्त सेंटमेरी परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## जानवर बांधने को लेकर हुआ विवाद कोतवाली पहुंचा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** जानवर बांधने को लेकर हुए विवाद में समझौता होने के बाद भी महिला दूसरे पक्ष के व्यक्ति को धमका रही है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराज निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को बताया कि दो दिन पूर्व उसका पड़ोस की महिला से जानवर को बांधने को लेकर विवाद हो गया था। जिस पर महिला ने डायल 112 को सूचना दे दी थी।

पुलिस की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। समझौते के बाद महिला अब उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और समझौते में रकम लेने की धमकी दे रही है। पीड़ित ने पुलिस से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 219229919 में मेरा नाम किरन कुमारी पत्नि मंहगू राम लिखा है, जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम राम सांवरी पत्नि मंहगू अंकित हैं। यह दोनों नाम मेरे ही हैं इसलिए मेरे बीमा पॉलिसी में मेरा नाम किरन कुमारी उर्फ राम सांवरी पत्नि मंहगू राम अंकित किया जाए।

**किरण कुमारी उर्फ राम सांवरी पत्नी महंगू निवासी ग्राम पट्टीताहा पोस्ट जरवल जिला बहराइच**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 214858119 में मेरा नाम कमालुद्दीन पुत्र रहमत अली अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम सिराजुद्दीन पुत्र रहमत अली है अंकित है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं इसलिए मेरे बीमा पॉलिसी में मेरा नाम कमालुद्दीन उर्फ सिराजुद्दीन पुत्र रहमत अली अंकित किया जाए।

**कलामुद्दीन उर्फ सिराजुद्दीन पुत्र रहमत अली ग्राम बनियाहारी पोस्ट सतपेड़िया बहराइच**

# अशर्फी भवन के आचार्य के कार्य सराहनीय : योगी

- जब राजा धार्मिक होता है तो प्रजा भी धार्मिक होती है, हमारा सौभाग्य है कि हमारे प्रदेश का राजा धार्मिक हैं : स्वामी श्रीधराचार्य

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

रामनगरी की सिद्धपीठ अशर्फी भवन में पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज के संकल्प से विश्व शांति राष्ट्र रक्षा पर्यावरण शुद्धि जीव मात्र के कल्याण के लिए 54 कुंडीय पंचनारायण महायज्ञ एवं अष्टेत्तर सत श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा में शुक्रवार को पहुंचे मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने सर्वप्रथम भगवान लक्ष्मी नारायण का दर्शन कर सिद्ध पीठ को नमन किया, यज्ञ में संकल्पपूर्वक विभिन्न प्रकार की औषधियां से आहुति प्रदान किया तथा कथा मंडप में साल उड़ाकर और माला पहना कर जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री धराचार्य जी महाराज का अभिनंदन किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अशर्फी भवन पीठ के पूर्व आचार्य से लेकर के वर्तमान के आचार्य तक राष्ट्र रक्षा पर्यावरण एवं मानव कल्याण के लिए सदा सुंदर कार्य करते रहे हैं। इस श्रृंखला में पूज्य जगद्गुरु के द्वारा यह सुंदर कार्य किया जा रहा है,इसके लिए मैं श्री स्वामी श्रीधराचार्य महाराज का अभिनंदन करता हूं।उन्होंने कहा कि यज्ञ, पूजा, पाठ और धार्मिक आयोजन सनातन धर्म का स्तंभ है। यह एक ऐसी संस्कृति है जो सभी के कल्याण की कामना करती है। यह अपना है और यह पराया है, यह गणना संकुचित विचारधारा की है। उदार चरित्र वाले संपूर्ण पृथ्वी को अपना कुटुंब मानते हैं और यह उदार भावना सनातन हिंदू संस्कृति में है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हिंदू समाज को सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए जागृत होना पड़ेगा। जागरण का ही परिणाम है की पांच सौ साल की पुरानी दास्तां के पश्चात प्रभु श्रीराम दिव्य और भव्य रूप से अयोध्या में विराजे हैं। अयोध्या सनातन संस्कृति का मार्गदर्शन सदा से करती रही है, इसलिए इसको सजाना अपनी संस्कृति को सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है।

जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री धराचार्य जी महाराज ने अपने स्वागत प्रवचन में कहा कि जब राजा धार्मिक होता है,तो प्रजा भी धार्मिक होती है। आज हम सभी का सौभाग्य है कि भारत देश और उत्तर प्रदेश की धरती को एक सुयोग्य शासक के रूप में पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज हम सभी को प्राप्त हुए हैं जिसका परिणाम है कि हमारी संस्कृति मानव जीवन के मूल्यों को उत्तरोत्तर बढ़ाने के लिए सतत आगे बढ़ती जा रही है।

# ई-रिक्शा चलाने की इच्छुक महिलाओं को मिलेगी हर संभव मदद : आरटीओ

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में सेफ मोबिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत सखी जानकी आर्या मंच की स्थापना उपायुक्त स्वतः रोजगार स्वाति शर्मा के निर्देशन में की गई।उन्होंने आर्या मंच के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए महिलाएं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए जानकारी दी।इस मौके पर आरटीओ ऋतु सिंह द्वारा उपस्थित महिलाओं को यातायात के नियम पर विस्तृत जानकारी दी गयी।इसके साथ ही एक मुश्त समाधान योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। आरटीओ ऋतु सिंह ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि ई-रिक्शा चलाने की इच्छुक महिलाओं को हर संभव मदद की जाएगी।उनके द्वारा ऑनलाइन



ड्राइविंग लाइसेंस आवेदन किये जाने के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी।आरटीओ ऋतु सिंह ने कहा कि व्यावसायिक वाहनों के चालक और कन्डक्टर के रूप में महिलाएँ आगे आयें और अधिकृत ड्राइविंग स्कूल से प्रशिक्षण प्राप्त कर ड्राइविंग लाइसेंस बनवा कर ही वाहनों को सुरक्षित ढंग से चलायें।उन्होंने परिवहन विभाग की एक मुश्त समाधान योजना की जानकारी देते हुए टैक्स पर जुर्माने में सौ प्रतिशत की राहत का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यातायात संकेतों का महत्व बताते हुए शीघ्र ही डीटीटीआई में ई-रिक्शा इच्छुक महिलाओ हेतु विशेष सेमिनार भी अयोजित करने को कहा। साथ ही यह भी बताया कि ई-रिक्शा से पंजीयन में सौ प्रतिशत टैक्स से छूट मिलती है। आरटीओ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से चलने वाले महिला सशक्तिकरण के विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।आर्या मंच की बैठक में एलडीएम,आरसेटी से निदेशक अविनाश किशोर सिंह, एसबीआई से क्रेडिट अफसर राजेश सिंह,डी.सी.एसबीआई साकेत जी,डीए से प्रतीक दूबे, फिरोज खान,जिला मिशन प्रबंधक डॉ प्रदीप वर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन प्रबंधक सरिता वर्मा द्वारा किया गया।

# एसपी ने बाइकर्स गैंग का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने 11 बाइकें और एक मोबाइल फोन किया बरामद**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



घटना का खुलासा करते एसपी और चोरी की बाइकों के साथ मौजूद अभियुक्त अमन पटेल

पुलिस ने बाइकर्स गैंग का खुलासा करते हुए गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। और चोरी की 11 बाइकें भी बरामद की है।

एसओजी, सर्विलान्स, कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने अन्तर्जनपदीय बाइक चोर गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया और कब्जे से चोरी की 11 बाइकें, एक अदद वीवो मोबाइल और 350 रुपए नगदी बरामद की। संयुक्त टीम ने मुखविर की सूचना पर गैस गोदाम क्रासिंग पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त अमन पटेल (25) पुत्र श्रीकान्त पटेल निवासी ग्राम भगवन्तपुर थाना इन्दरगढ को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के निशा देही पर एफएफडीसी के जंगल की झाडियों में बेचने के उद्देश्य से छिपाकर रखी 11 बाइकें बरामद की। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र व जनपद नोएडा और फतेगढ से चोरी की थी। जो थाना कोतवाली कन्नौज, थाना तिर्वा, थाना इन्दरगढ, थाना सेक्टर 24 नोएडा, थाना सेक्टर 39 नोएडा पर मुकदमा पंजीकृत था। गिरफ्तार अभियुक्त को थाना कोतवाली के उक्त अभियोगों में न्यायालयों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसको लेकर शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी अमित कुमार आंनद ने बताया कि जनपद के थानों और नोएडा में बाइक लूट की घटना की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें गैंग के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से चोरी की 11 बाइकें, एक मोबाइल सहित नगदी बरामद की। जिसमें तीन बाइक नोएडा और आठ बाइकें जनपद से चोरी की गई थी। एसपी ने बताया कि गैंग के अन्य तीन साथियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि हम भीड- भाड वाले स्थान जैसे मेडिकल कालेज, बैक, बस स्टैण्ड, स्कूल आदि स्थानों पर खडी मोटरसाइकिलों में डुप्लीकेट चाबी लगाकर उन्हें चुरा लेते है। तथा इनके नम्बर प्लेट बदलकर अन्य जनपदों में बेच देते हैं।

# चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता में अतुल रहे अव्वल

**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम ए द्वारा तंबाकू मुक्त अभियान के तहत आयोजित हुई प्रतियोगिता**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



छात्र को मेडल पहनाते डॉ वरुण सिंह कटियार

तंबाकू के सेवन से कैसे बचा जा सकें। और इसके सेवन से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपनी अपनी प्रतिभा दिखाई। क्षेत्र के फतेहपुर जसोदा स्थित कंपोजिट विद्यालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम ए द्वारा तंबाकू मुक्त अभियान के अंतर्गत चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 35 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कक्षा 8 के छात्र अतुल को प्रथम पुरस्कार, कक्षा 6 की छात्रा अनुष्का को द्वितीय और कक्षा 7 के छात्र रंजीत को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। डॉ वरुण सिंह कटियार ने स्थान प्राप्त छात्र- छात्राओं मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने तंबाकू के किसी भी तरह के सेवन से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के बारे में बताया गया। इस दौरान डॉ पूनम, अब्दुल्ला जुबेर सहित समस्त विद्यालय स्टाफ़ मौजूद रहा।

# किसानों संग बैठकर समस्याओं का कराएं निराकरण: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुये गांव के भू- अभिलेख बनाने एवं रिकार्ड आपरेशन ग्राम (सर्वे) के संबंध में समीक्षा बैठक की।

जिलाधिकारी ने जले हुए ग्रामों के अभिलेख बनाये जाने की समीक्षा करते हुये उप संचालक चकबन्दी को निर्देश दिये कि गावों में किसानो के साथ मीटिंग कर उनकी समस्याओं का निराकरण करायें। साथ ही अभिलेख बनने के उपरान्त सरकार की योजनाओ से होने वाले फायदो के विषय में भी अवगत करायें। जले हुए ग्रामों के अभिलेख बनाने में और तेजी लाने के लिये लेखपाल की संख्या बढ़ाये जाने हेतु पत्राचार किया जाये। ग्राम अकबरपुर के अभिलेख बनाने का कार्य अब तक पूर्ण हो जाना चाहिये। अब इस कार्य में बिना देरी किये हुये 21 कॉलम पंजिका की तैयारी व बन्दोबस्त से खतौनी मिलान का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाये। ग्राम कटिघरा के 21 कॉलम रजिस्टर में रदीब लिखने के कार्य में तेजी लायी जाये एवं चको की नाप एवं कब्जा सत्यापन रजिस्टर तैयार किया जाये। इसी प्रकार ग्राम हार्थिन के भी 21 कॉलम पंजिका की तैयारी कर ली जाये। ग्राम गढ़ियापाह के फील्ड बुक कब्जा सत्यापन रजिस्टर की सहायता से खाका भूचित्र का निर्माण किया जाये। ग्राम हरबक्षभपुर, सरदामई, बरुआ सबलपुर के अभिलेख बनाये जाने की प्रगति में तेजी लायी जाये। सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रिया के अन्तर्गत गदनपुरबड्डु का जनवरी 2025 एव चांदपुर कछोहा का फरवरी 2025 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाये। चौधरियापुर बांगर, कटरी अमीनाबाद, जलालपुर अमरा आदि गावों में सर्वेक्षण के कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय में कार्य पूर्ण कर लिया जाये।

## दहेज में मोटरसाइकिल न मिलने पर किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी में मन मुताबिक दहेज न मिलने पर ससुराल के लोगों ने विवाहिता के साथ अभद्रता की। उसे मारपीट कर घायल कर दिया और बेघर कर दिया। पीड़ित विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित ससुरालियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी थाना तालग्राम के मोहल्ला गढ़वातालि निवासी वर्षा मिश्रा पुत्री राम प्रकाश मिश्रा ने कोतवाली पुलिस दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 11 जुलाई को क्षेत्र के ग्राम खाड़ेदेवर निवासी युवक के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति सहित अन्य ससुरालियों ने शादी में मन मुताबिक दहेज व मोटरसाइकिल न मिलने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# काऊ मिल्क प्लांट शुरू कराने को लेकर सपाईयों ने किया प्रदर्शन

**एसडीएम तिर्वा को राज्यपाल संबोधित सौंपा ज्ञापन**

**सपा सरकार के दौरान शुरू हुआ था प्लांट**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**



एसडीएम को ज्ञापन सौंपती सपा नेत्री

सपा सरकार में शुरू हुआ काऊ मिल्क प्लांट पिछले कुछ साल से वित्तीय अभाव के चलते बंद पड़ा है। इसे शुरू कराने के लिए कई बार जिले के अफसरों ने व राज्यमंत्री ने भी निरीक्षण किया था, पर बजट न मिल पाने के कारण अभी भी बंद पड़ा है। इसको लेकर शुक्रवार को क्षेत्र के सपा नेताओं ने प्लांट के बाहर प्रदर्शन कर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है। काऊ मिल्क प्लांट के बाहर प्रदर्शन कर रहे सपा नेता रवि यादव ने कहा कि सपा सरकार में 140 करोड़ की लागत से काऊ मिल्क प्लांट का निर्माण कराया गया था। जिसकी क्षमता एक लाख लीटर दूध के खपत की थी। कन्नौज के अलावा आसपास के 15 जिलों से गाय का दूध इस प्लांट पर आना था। सपा सरकार के समय तो यह काऊ मिल्क प्लांट चला, पर सरकार जाते ही प्लांट में ताला लग गया। प्लांट बंद होने से दूध लाने वाले लोगों का भी भुगतान नहीं हो पाया। यहां तैनात कर्मचारियों को भी वेतन के लाले पड़ गए। करीब एक माह पहले पशु पालन मंत्री ने जिले के अफसरों के साथ इस प्लांट का निरीक्षण किया था। जल्द शुरू कराने का आश्वासन भी दे गए थे। इसके बावजूद भी यह प्लांट बंद है। जिससे क्षेत्र के गौपालकों को दिक्कते हो रही है। कर्मचारी भी भूख मरी के कगार पर है। प्रदर्शन के बाद सपा नेताओं ने एसडीएम अशोक कुमार को राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्लांट को जल्द शुरू कराने की मांग की गई। इस मौके पर योगेश शर्मा, राहुल कुमार, सोनम यादव, उमाकान्ती, सुमित यादव, रामाकान्त राजपूत समेत कई सपाई मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### युवक को दी झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रास्ते में चारपाई डालकर बैठने से मना करने पर आरोपित महिला ने युवक को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी महिला के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी एजाज अली पुत्र औसाद अली ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि मोहल्ले की सलीम की पत्नी रास्ते में चारपाई डालकर बैठती है। जिससे गली में आवागमन करने में दिक्कत होती है। जब उसने चारपाई डालने का विरोध किया तो उक्त महिला ने उसे झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो पक्षों में मारपीट, महिलाओं सहित तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मामूली विवाद को लेकर कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम डिलियाभूड निवासी राजल देवी पत्नी श्याम बाबू ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 19 दिसंबर की शाम लगभग 03 बजे पति ने उसे परिवारिक विवाद को लेकर उसके साथ अभद्रता कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो आरोपित युवक ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं नगर के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी प्रीति पत्नी कल्लू ने पुलिस को बताया है कि 19 दिसंबर की शाम लगभग 05 बजे परिवार के ही कुछ लोगों ने बेवजह उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ अभद्रता कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वही मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके पति कल्लू को भी मारपीट कर दिया। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से आए पीड़ितों की तहरीर से आरोपितों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पीसीएस की परीक्षा के लिए तिर्वा में बने दो परीक्षा केन्द्र

**दो पालियों में दोनो केन्द्रो पर 864 परीक्षार्थी देगें परीक्षा**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** पीसीएस की रविवार को होने जा रही एक दिवसीय परीक्षा में तिर्वा के दो परीक्षा केन्द्रो पर 864 परीक्षार्थी दो पालियों में परीक्षा देगें। इसके लिए दोनो परीक्षा केन्द्रो पर तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह परीक्षा लोक सेवा आयोग से आए पर्यवेक्षकों की देखरेख में आयोजित होगी। पीसीएस की परीक्षा के लिए तिर्वा में डीएन इंटर कॉलेज व किसान इंटर कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। डीएन इंटर कॉलेज में 22 दिसम्बर को 384 परीक्षार्थी दो पालियों में परीक्षा देगें। इसी तरह से किसान इंटर कॉलेज में 480 परीक्षार्थी परीक्षा देगें। डीएन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेन्द्र तोमर ने बताया कि पीसीएस की होने जा रही परीक्षा को लेकर कॉलेज ने पूरी तैयारियां कर ली है। 22 दिसम्बर को प्रथम पाली में 09.30 से 11.30 तक परीक्षा सम्पन्न होगी। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 02.30 से शाम 04.30 तक होगी। प्रथम पाली में सामान्य अध्ययन प्रथम व द्वितीय पाली में सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षाएं होगी। इनमें बहु विकल्प के आधार पर 150 प्रश्न परीक्षार्थियों को हल करने होगें। गलत प्रश्न हल करने पर माइनस मार्किंग होगी। उन्होने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रथम पाली की परीक्षा में 09.30 पर आना होगा। सभी परीक्षार्थियों की गेट पर ही तलाशी ली जाएगी। परीक्षा के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी कन्नौज बनाए गए है। इसके अलावा लोकसेवा आयोग से पर्यवेक्षक आ गए है।

# सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गाँव की ओर कार्यक्रम आयोजित

**जनपद के प्रत्येक ब्लॉको के दो- दो ग्राम पंचायतों में चौपाल लगा सुनी समस्याएं**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत ग्रामो में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। प्रशासन गांव की ओर, लोक शिकायतों के निवारण और सेवा वितरण में सुधार के लिए 19 से 24 दिसंबर, 2024 तक सुशासन सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रव्यापी अभियान के अन्तर्गत विकास खण्ड कन्नौज के ग्राम रजईमऊ राजा, कटरी अमीनाबाद, विकास खण्ड जलालाबाद के ग्राम गढ़िया कछपुरा, जसपुरापुर सरैंया, विकास खण्ड गुगरापुर के ग्राम गुगरापुर, गुनाहा, विकास खण्ड तालग्राम के ग्राम सराय दौलत, टड़हा, विकास खण्ड छिबरामऊ के ग्राम बेहटा खास, भगवन्तपुर, विकास खण्ड सौरिख के ग्राम सकरावा, नगला खेमकरन, विकास खण्ड उमर्दा के ग्राम फुलबारी, पट्टी और विकास खण्ड हसेरन के ग्राम कलसान, बरौली में जन चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्यायें सुनी गयी। इस मौके पर बाल विकास पुष्टाहार विभाग के द्वारा नौनिहालों का अन्नप्रासन तथा गोद भराई का कार्यक्रम कराया गया। इस मौके पर डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने तालग्राम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री ने सुशासन सप्ताह पर अपने संदेश में कहा है कि सबसे अधिक खुशी की बात यह है कि ''प्रशासन गांव की ओर अभियान '' के अन्तर्गत सुशासन सप्ताह का एक प्रमुख केंद्र बना हुआ है। प्रशासन गांव की ओर महज एक नारा नहीं है, बल्कि परिवर्तनकारी प्रयास है जिसका उद्देश्य प्रभावी शासन को ग्रामीण लोगों के करीब लाना है। यह जमीनी स्तर के लोकतंत्र का सच्चा सार है। जहां विकास लोगों तक पहुंचता है।

## अवैध खनन कर रहे जेसीबी व चार ट्रैक्टर को किया सीज

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के तिजलापुर गांव में अबैध रूप से चल रहे मिट्टी के खनन को लेकर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को देखते ही खनन कर रहे लोग मौके से भाग गए। पुलिस ने मौके पर मौजूद एक जेसीबी व चार टैक्टर को ट्राली समेत सीज कर थाने में खड़ा करा लिया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा भी दर्ज किया है। ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि तिजलापुर गांव में पहाड़ीपुर गांव निवासी दीपक यादव के नेतृत्व में अबैध रूप से जेसीबी लगाकर मिट्टी का खनन किया जा रहा था। जब इसकी सूचना पुलिस को मिली, तो पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही खनन कर रहे लोग भाग गए। पुलिस ने वहां मौजूद एक जेसीबी व चार टैक्टर को जब्त करते हुए इन्हे सीज कर दिया। सभी को थाने पर लाकर खड़ा करा दिया है। पुलिस ने दीपक यादव व उनके अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ अवैध रूप से खनन करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# राम मंदिर गेट का होगा निर्माण दुकानों को किया ध्वस्त

**बुलडोजर ने तीन दुकानों को किया ध्वस्त**



राम मंदिर ट्रस्ट की दुकानों पर बुलडोजर चलवाते एसडीएम।

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

राम मंदिर गेट के मुख्य द्वारा को लेकर प्रशासन की ओर से दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया। जिसको लेकर पनगवां ट्रस्ट के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। बुलडोजर चलता देख मौके पर भारी भीड़ लग गई।

शुक्रवार की दोपहर एसडीएम छिबरामऊ उमाकांत तिवारी के नेतृत्व में जीटी रोड स्थित राम मंदिर के गेट के मुख्य द्वार के निर्माण को लेकर तीन दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया और उन्हें ध्वस्त कर दिया गया। जिसको देख आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। उप जिलाधिकारी छिबरामऊ उमाकांत तिवारी ने बताया कि राम मंदिर के गेट के जीर्णोद्धार को लेकर दुकानदारों को पहले से ही सूचित कर दिया गया था। जिसमें कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकान समय से खाली कर ली। इस मौके पर सीओ सदर कमलेश कुमार, अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित, लेखपाल कौशल पांडे, इंजीनियर चेतन शर्मा, ट्रस्ट कार्यालय अधीक्षक गौरव कश्यप, नगर पालिका लिपिक आरपी सिंह, कस्बा प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# खेलकूद प्रतियोगिता में बालिकाओं ने मारी बाजी

**प्रधानाचार्य ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित**

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



उप्र ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने विद्यालय का नाम रोशन है। क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट स्थित पायका मैदान पर आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज के छात्र/छात्राओं ने रूचिपूर्वक प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के दौर में 400 मी0 दौड़ में कशिश यादव प्रथम 1500 मी0 दौड़ में दीक्षा द्वितीय, 1500 मी0 साक्षी ठाकुर तृतीय स्थान पर रहीं। बालक सीनियर वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में अनिकेत प्रथम रहे। 400 मीटर रेस में देव शक्ति प्रथम तथा रौनक यादव द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यालय के बालकों की सीनियर एवं जूनियर वर्ग की टीमें कबड्डी प्रतियोगिकता में विजेता रहीं तो वहीं बालिकाओं की जूनियर वर्ग की कबड्डी टीम ने बाजी मारी। लम्बी कूद में शशांक यादव, अभी यादव, 100 मी0 दौड़ में उत्कर्ष प्रथम, 400 मी0 दौड़ में दीपिका मिश्रा द्वितीय रहीं। गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रांजलि पाल प्रथम रहीं। ऊँची कूद में अतुल विजयी रहे। इसके अलावा सौरभ यादव, अनिकेत पाल, देव शाक्य, अमित कुमार, नितिन कुमार, मो0 आसिफ की वॉलीबाल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एक सराहनीय कदम है। इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलता है। इस अवसर पर चन्द्र प्रकाश गुप्ता, ओमेन्द्र सिंह, फूल मोहम्मद, अनिल कुमार, जैनुल अंसारी, सरनाम सिंह, विकास कुमार, वीरेन्द्र सिंह, मनीष कुमार शर्मा, रंजीत कुमार, यशेन्द्र सिंह, अमन यादव, सचिन कुमार, श्रीमती अल्का दुबे, आरती राजपूत, सीमा राजपूत, दीपिका तिवारी, शिवा पाण्डेय, संजू यादव, स्वाती अवस्थी, शिवानी दुबे, अंकिता शर्मा, वैष्णवी पाल, नाजरीन बानो, रागिनी, प्रेमा राजपूत सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने बड़े पुत्र भोले के गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**कैलाश पुत्र गोधन निवासी ग्राम भीमनगर पो0 सिकंदरपुर तिहैया तहसील कायमगंज, फर्रु0**

# कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना, सरकार का किया विरोध

**अंबेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे आदि नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय राय तथा राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बारे में राज्यसभा में बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी करने के विरोध में कलेक्ट्रेट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने बताया कि जिस प्रकार से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा यह टिप्पणियां की गई है। ये टिप्पणियां न केवल भारत के महानतम नेताओं में से एक की अद्वितीय विरासत का अपमान हैं। बल्कि उन करोड़ों भारतीयों का भी घोर अपमान है। जो उन्हें भारतीय संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रणेता के रूप में पूजते हैं। एक संवैधानिक पदाधिकारी द्वारा इस तरह के बयान बेहद अपमानजनक हैं और हमारे गणतंत्र की नींव को कमजोर करने का एक खतरनाक प्रयास है। डॉ. अंबेडकर समानता, न्याय और हमारे संविधान में निहित लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रतीक हैं। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस जनो के हाथों में बाबा साहब की तस्वीर तथा अमित शाह माफी मांगो, अमित शाह इस्तीफा दो, मोदी सरकार हाय हाय, बाबा साहब का यह अपमान नहीं अम्बेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारे लिखीं तख्तियाँ लेकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की।पूर्व जिलाध्यक्ष पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने कहा केंद्रीय और प्रदेश की सरकार शुरू से ही देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियो और पूज्नीय नेताओं शहीदों का अपमान करती रही है। इस सरकार के लोग शुरू से आजादी से पहले से अंग्रेजों के अनुयाई रहे हैं और उन्हीं के सिद्धांतों पर चलते हुए संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं और देश में तानाशाही चल रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध खनन कर रही जेसीबी सहित छह ट्रैक्टर खनन अधिकारी ने पकड़े

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में हो रहे अवैध बालू खनन या मिट्टी खनन को लेकर हमेशा पुलिस का एक ही जबाव रहता है क्षेत्र में नहीं हो रहा है खनन, अगर पुलिस सही है तो खनन अधिकारी ने कौन से 6 ट्रैक्टर व जेसीबी सीज की है, इसका पुलिस के पास जबाव नहीं है।

वहीं विशेष सूत्रों की माने तो खनन करने वालों का कहना है कि पुलिस एक रात के 10 हजार रुपये लेती है तभी तो हम खुलेआम यह काम कर रहे है। थाना क्षेत्र के ग्राम गंगलई में एक व्यक्ति जो अपने आपको सत्ता पक्ष के एक नेता का आदमी बताकर अवैध बालू खनन कर रहा है। जब इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी को हुई तो खनन निरीक्षक संजय प्रताप सिंह ने रंगे हाथों अवैध खनन करते 6 ट्रैक्टर, एक जेसीबी को गुरुवार की रात्रि 11 बजे पकड़ लिया। इस दौरान कुछ लोग ट्रैक्टर ट्राली लेकर भागने में सफल भी हो गये। छापे की भनक लगते ही हड़कंप मच गया।

खनन निरीक्षक संजय प्रताप ने शमशाबाद थाना पुलिस को पकड़े गये ट्रैक्टर जेसीबी सीज कर उनकी सुपुर्दगी में दे दिये। खनन करने वाले एक युवक ने खनन अधिकारी को सत्ता की धौंस दिखायी, लेकिन काम नहीं आयी। पकड़े गये ट्रैक्टर पर नम्बर नहीं है। बताया जा रहा है कि हो सकता है कि इनका रजिस्ट्रेशन भी न कराया गया हो।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरेण्डा बुजुर्ग वि.ख. पनवाड़ी, महोबा**

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों की पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 21.12.2024 से 28.12.2024 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदाएँ खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | बरेण्डा बुजुर्ग | गोशाला बरेण्डा बुजुर्ग में खड़ंजा निर्माण | 6.97 लाख | सीमेन्ट,बालू,ईंटा गिट्टी, सरिया आदि | - | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अलीपुरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा**

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों की पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 21.12.2024 से 28.12.2024 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदाएँ खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | अलीपुरा | कोहनिया मेन रोड से पूरन के घर तक सीमान्त बन्ध निर्माण | 3.84 लाख | सीमेन्ट,बालू,ईंटा गिट्टी, सरिया आदि | - | 6 माह |
| 2. | मनरेगा | अलीपुरा | महोबा मेन रोड से रफीक के घर तक सी.सी. रोड निर्माण | 5.49 लाख | सीमेन्ट,बालू,ईंटा गिट्टी, सरिया आदि | - | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

# किसान भाई रासायनिक खाद का प्रयोग न करें: डॉ. अनीता रंजन

- समूह की महिलाओं का स्वनिर्मित सामान खरीदकर किया प्रोत्साहित
- विकास खण्ड नवाबगंज में जैविक किसान मेले का हुआ आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



मेले में किसानों को संबोधित करतीं ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन

विकास खण्ड नवाबगंज में परम्परागत कृषि विकास योजना के अन्तर्गत जैविक किसान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन मौजूद रहीं।

ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन ने जैविक खेती क्या है, इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैविक खेती ऐसी पद्धति है कि जिसमें रसायन उर्वरकों के स्थान पर गोबर की खाद, कम्पोस्ट, हरी खादृ, जीवाणु कल्चर, प्रोम तथा रोग एवं कीटों की रोकथाम के लिए बायोपेस्टीसाइड का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने रासायनिक खाद का प्रयोग न करने के लिए किसान भाइयों से अपील की एवं समूह को चलाने वाली महिला समूह की महिलाओं से वार्ता की और उनके द्वारा स्वनिर्मित आभूषण, वर्तन, जैविक खाद की आधारित सब्जियों आदि का निरीक्षण किया। उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए स्वनिर्मित आभूषण एवं सब्जियों को नगद धन देकर क्रय किया और इसके लिए समूह की महिलाओं को बधाई दी। इस अवसर पर बीके सिंह जिला कृषि अधिकारी, सुनील कुमार श्रीवास्तव खण्ड विकास अधिकारी, डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. महेन्द्र सिंह, कृषि वैज्ञानिक एवं श्रम उपायुक्त रणजीत कुमार ने सरकारी योजनाओं के सम्बन्ध में जैविक खेती के उद्देश्य कृषकों का प्रोत्साहन, शल्य क्रियाओं द्वारा कीट व्याधि नियंत्रणए जैविक खेती में पोषक तत्वों का प्रबन्धन, जैविक कीटनाशक बनाने की विधि आदि बिन्दुओं पर सविस्तार चर्चा की। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह गौर, राजीव यादव प्रधान, अजय राज पूर्व प्रधान, जुगेन्द्र सिंह यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य, नगर अध्यक्ष अश्नी यादव, स्वदेश यादव तमाम सैकड़ों की संख्या में किसान भाई एवं किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रकृति परीक्षण आयुर्वेद को हर घर के करीब लाता है




कैंप के दौरान मौजूद चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आयुष मंत्रालय द्वारा देश में चलाये जा रहे प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सक आये दिन कई गांवों में कैंप लगाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण कर रहे हैं। यह अभियान एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य जागरूकता पहल है और इसका उद्देश्य पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा जागरूकता में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। चिकित्सकों ने कहा कि यह पहल आयुर्वेद को हर घर के करीब लाती है। नागरिकों को अपनी अनूठी प्रकृति को समझने और व्यक्तिगत निवारक स्वास्थ्य प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। प्रकृति परीक्षण अभियान वात, पित्त और कफ दोषों के आयुर्वेदिक सिद्धांतों के आधार पर किसी व्यक्ति की अद्वितीय मन, शरीर संरचना या प्रकृति की पहचान करने पर केंद्रित है। यह ज्ञान प्रतिभागियों को बेहतर स्वास्थ्य और बीमारी की रोकथाम के लिए अपनी जीवनशैली, आहार और व्यायाम दिनचर्या को अनुकूलित करने में सक्षम बनाता है। इसी क्रम में शुक्रवार को मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने जनपद के चार स्थानों पर कैंप लगाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण किया। प्रथम कैंप ग्राम सादिकपुर, शुकरुल्लाहपुर में डॉ. संकल्प सिंह, डॉ. विकास बाबू, डॉ. शिल्पा विष्ट, डॉ. कविता शर्मा के नेतृत्व में प्रकृति परीक्षण किया गया। द्वितीय कैंप ग्राम मीरपुर डॉ. अरीब, डॉ. पियूष, डॉ. श्वेता, डॉ. रेशमा के नेतृत्व में कैंप लगाया गया। तृतीय कैंप ग्राम नगला दुर्ग में डॉ. अरुण पाण्डेय, डॉ. सुहेबा के नेतत्व में लगाया गया। वहीं चतुर्थ कैंप बिजाधरपुर में डॉ. आनन्द, डॉ. समर्पिता, डॉ. रुमा डे, डॉ. रीता सिंह, डॉ. सुमन कुन्दु, डॉ. वीएम गुप्ता के नेतृत्व में कैंप लगाया गया। कैंप की रुपरेखा एवं व्यवस्था प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित एवं नोडल प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा ने आवश्यक सामग्री के साथ रवाना किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



मृतक युवक का फाइल फोटो

### तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पुलिस ने अभियुक्त राहुल पुत्र कप्तान सिंह निवासी नगला टिकुरियन थाना मऊदरवाजा को एक अवैध 315 बोर के तमंचा व दो कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कासगंज के थाना गंजडुडवारा क्षेत्र के मोहल्ला बरा निवासी धीरज यादव उम्र 25 वर्षीय पुत्र त्रिमल यादव बचपन से अपने मामा सन्दीप पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी मिलकिया थाना कायमगंज के यहाँ रहता था। बीते दिन गुरुवार को धीरज बाइक द्वारा अपने घर गंजडुरवारा के मोहल्ला बरा गया था। घर से वापस लौटते समय जैसे ही वह देर शाम को कायमगंज थाना क्षेत्र के खाँन पेट्रोल पम्प के निकट पहुँचा, तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलेन्स द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन कुमार ने जॉच के बाद धीरज यादव को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी पर मां सुर्ती, भाई सरवन सहित अन्य परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक दो भाईयों में छोटा था।

## जानलेवा हमले में अभियुक्त पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायाधीश डॉ. अनिल कुमार सिंह ने जानलेवा हमले के मामले में किशनवीर उर्फ भोला पुत्र सत्यपाल निवासी चिकनइया कंपिल को दोषी देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

सजा पर सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तिथि नियत की गयी है। बीते सात वर्षो पूर्व थाना कंपिल क्षेत्र के ग्राम चिकनइया निवासी बबलू पुत्र रामौतार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 27 मई 2017 को रात करीब 9 बजे गांव के ही किशनवीर, श्यामवीर, सत्यपाल व दो अज्ञात लोग घेर की दीवाल फांदकर घुस आए और मेरे पिता रामौतार को पकड़ लिया। किशनवीर ने गोली मार दी जो कि बाई तरफ लगी। घटना को गांव के लोगों ने देखा। गोली लगने से पिता बेहोश हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ. अनिल कुमार सिंह ने किशनवीर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तिथि नियत की गयी है। वहीं साक्ष्य के अभाव में श्यामवीर, सत्यपाल को दोष मुक्त कर दिया।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

### एक लाख बीस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सजा सुनाने के बाद अभियुक्त को जेल ले जाती पुलिस

अपर जिला जज विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह हत्या व पॉक्सो के मामले में कमलेश पाल पुत्र रामनाथ पाल निवासी शिवाजी नगर मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व एक लाख बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। बीते 9 वर्षों पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 30 अक्टूबर 2015 को मेरी 10 वर्षीय बेटी अपने घर से भैंस चराने के लिए बेबर रोड ईदगाह के पास गई थी। वह शाम चार बजे तक वापस नहीं आई, तो मैं व मेरे परिवार के लोग पीड़िता व पड़िया को ढूंढने के लिए गए। ईदगाह के पास एक प्राइवेट विद्यालय के पास रात में मेरी बेटी का शव मिला। किसी ने सिर पर ईट मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने कमलेश पाल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व एक लाख बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## ग्रामीण खेल लीग में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल की विभाग के तत्वाधान में खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल लीग का आयोजन एस.एन.एम. इंटर कालेज कायमगंज में किया गया। जिसका शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे एवं अरुण दुबे द्वारा 100 मीटर सब जूनियर वर्ग दौड़ को झण्डी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेश शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी पुष्पेन्द्र यादव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कायमगंज एवं जीतू राजेपुर, सौरव शर्मा, ब्लाक पीटीई, खेल अनुदेशक शरद यादव, सत्यवीर, रुप सिंह, सुशील चन्द्रा, देवरिशी, मदुनंदन, गिरीश चन्द्र, पल्लवी आदि मौजूद रहे। विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार व प्रमाण पत्र ब्लाक प्रमुख द्वारा वितरित किये गये। बालक बॉलीवॉल सीनियर वर्ग में विजेता



प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी व मौजूद आयोजक मण्डल

मऊरशीदाबाद टीम रही। उप विजेता एपी पब्लिक स्कूल रहा। वहीं बालक बॉलीवाल जूनियर में विजेता मऊरशीदाबाद रहा। उप विजेता एपी पब्लिक स्कूल रहा। कबड्डी बालिका जूनियर वर्ग में विजेता मां राजवती इंटर कालेज कम्पिल, उपविजेता कायमगंज रहा सहित आदि प्रतियोगिताओं में विजेता व उपविजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## मकान की दीवार में नकब लगाकर चोरों ने हजारों का सामान चुराया

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जांच पड़ताल करती पुलिस तथा पीड़ित परिजन

शमशाबाद थाना क्षेत्र ग्राम हजियांपुर निवासी लेखपाल राजीव कुमार पुत्र कनौजी लाल के घर में उस वक्त अज्ञात चोरों द्वारा नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया जब परिवार के सदस्य दूसरे मकान में सो रहे थे। घटना के संबंध में बताया गया है राजीव कुमार वर्तमान में उन्नाव जनपद के बांगरमऊ तहसील में लेखपाल के पद पर कार्यरत हैं। घर पर पत्नी रीता देवी तथा पुत्री नंदिनी रह रही हैं। गांव में दो मकान हैं एक मकान जिसमें परिवार निवास कर रहा जबकि दूसरे मकान में पशुओं को बांधा जाता है। इस मकान में पशुओं के लिए भूसा भरा हुआ था। साथ ही गेहूं, धान व अन्य कृषि उपकरण भी रखे हुए थे। ग्रह स्वामिनी रीता देवी ने बताया शाम को पशुओं को चारा खिलाने के बाद दूसरे मकान में चली गई। शुक्रवार की सुबह जब दूध के लिए दूसरे मकान में पहुंची तो मैन गेट का ताला टूटा हुआ था तथा साइड की दीवार में नकब लगा हुआ था। अज्ञात चोरों ने लगाए गए नकब के जरिए चोरी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया घर में घुसकर अज्ञात चोर लगभग पांच कुंतल गेहूं, ढाई कुंतल धान तथा कृषि यंत्र आदि सामान चुराकर फरार हो गए। उन्होंने बताया अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर भैंस को भी ले जाने की कोशिश की। मगर मेनगेट के अन्दर लॉक लगा था। जिससे वह दरवाजा नहीं खोल सके। नकब जनी के जरिए गेहूं, धान एवं कृषि उपकरण आदि लेकर फरार हो गए।

उन्होंने बताया चोरी की इस घटना में लगभग 20000 का नुकसान हुआ। जानकारी करने पर पीड़ित स्वामिनी ने बताया सुबह के वक्त जब दूध लेने दूसरे मकान में पहुंची और जब सामने का नजारा देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। सूचना घर परिवार के लोगों को दी। सूचना के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर लॉक लगा होने के कारण अज्ञात चोर मुख्य गेट से अंदर दाखिल नहीं हो सके। इतना जरूर साइड की दीवार में नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। बताते हैं यहीं के निवासी संदीप कुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह के मकान के गेट का भी ताला तोड़ा गया तथा यहां से भी गेहूं तथा धान की बोरियों को चोरी कर लिया। पीड़ित गृह स्वामी रीता देवी ने बताया सूचना पति को दे दी है। उनके आने के बाद ही अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी जाएगी।

## दीपक श्रीवास्तव बने भाकियू श्रमिक जनशक्ति के नगर अध्यक्ष

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



दीपक श्रीवास्तव

दीपक श्रीवास्तव को भाकियू श्रमिक जनशक्ति का नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। समर्थकों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर बधाई दी तथा मिठाई बांटी। नगर अध्यक्ष ने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते रहेंगे। जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर के मोहल्ला मझली हवेली निवासी दीपक श्रीवास्तव पुत्र लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव को भाकियू श्रमिक जनशक्ति का नगर अध्यक्ष बनाया गया। उधर जिलाध्यक्ष द्वारा दीपक श्रीवास्तव को भाकियू श्रमिक जनशक्ति का शमसाबाद नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर समर्थकों ने खुशी जताते हुए जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि दीपक श्रीवास्तव यूनियन को सुदृढ़ बनाने के लिए ईमानदारी से कार्य करेंगे। अधिकाधिक संख्या में लोगों को यूनियन से जोड़कर एक नया कीर्तमान स्थापित करेंगे। उधर नवनियुक्त नगर अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव ने जिला अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा उन्हें जिस पद का दायित्व सौंपा गया है उसका वह बखूबी निर्वाह करेंगे और यूनियन में रहकर आम जनमानस की सेवा करेंगे। गरीब, मजदूर, किसानों की समस्याओं का समाधान कराना उनका प्रमुख उद्देश्य होगा। इस मौके पर समर्थकों ने खुशी का इजहार करते हुए मिष्ठान वितरित किया।

## पूर्व मोहम्मदाबाद चैयरमैन को गैंगेस्टर के मामले में सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद के पूर्व चेयरमैन लल्लू सिंह उर्फ ललुआ यादव पुत्र अमर सिंह निवासी मोहम्मदाबाद को अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने गैंगेस्टर के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष के कारावास की सजा सुनवायी।

बीते 29 वर्षो पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद के तत्कालीन थानाध्यक्ष राजाराम ने 5 नवम्बर 1995 को प्रभारी निरीक्षक राजाराम व उपनिरीक्षक प्रभु दयाल, कांस्टेबिल सत्यकुमार, सूबेदार, ड्राइवर बिहारीलाल थाने से



सजा सुनाने के बाद गैंगेस्टर लल्लू सिंह उर्फ ललुआ को ले जाती पुलिस

निकलकर तलाश वांछित अपराधी व भ्रमण में मामूर थे। मोहम्मदाबाद के आस पास गैंगलीडर लल्लू सिंह उर्फ ललुआ, राजू, जयवीर यादव के विरूद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 (गैंगेस्टर एक्ट) में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे गैंगेचार्ट में ललुआ के विरुद्ध सात मुकदमों का जिक्र किया गया। जिसमें जानलेवा हमले व लूट व आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज हैं। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार लल्लू सिंह, राजू के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश लल्लू सिंह उर्फ ललुआ को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। विचारण के दौरान राजू की मृत्यु हो गई।

### प्रसव के बाद जच्चा बच्चा की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। महिला ने पुत्री को जन्म दिया। कुछ समय बाद पुत्री व प्रसूता की मौत हो गई। जच्चा बच्चा की मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया।



जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बिलसड़ी निवासी सेवकराम की 40 वर्षीय पत्नी अनीता को गुरुवार सुबह प्रसव पीड़ा हुई। स्वजन आनन-फानन में महिला को सीएचसी कंपिल ले गए। प्रसव न होने पर स्वजन महिला को गुरुवार शाम घर ले गए। शुक्रवार सुबह महिला ने पुत्री को जन्म दिया। कुछ समय बाद पुत्री की मौत हो गई। जब तक स्वजन कुछ समझ पाते तब तक प्रसूता की भी मौत हो गई। जच्चा बच्चा की मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया। मृतका के तीन पुत्रियां दुर्गा, कविता, वर्तिका व दो पुत्र संजय, आयुष हैं। स्वजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

## हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश दीपेन्द्र कुमार सिंह ने अभियुक्त पप्पू उर्फ प्रवीन कुमार को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया। वर्ष 1999 में कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला कटरा नुनहाई निवासी अरविन्द कुमार पुत्र सूबेदार ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि रमाकांत पुत्र सोनेलाल निवासी चिलपुरा से रंजिश व मुकदमेवाजी चल रही है। 13 अगस्त 1998 को रमाकांत मुझे जान से मारने का प्रयास किया था। जिसका मुकदमा दर्ज कराया था। 5 नवम्बर 1999 को अपनी पत्नी निर्मला देवी के साथ कचहरी तारीख करने जा रहा था। जैसे ही राज्य भण्डारागार निगम के सामने पहुंचा, तभी वहां रमाकांत व उसकी पत्नी कमलेश तथा उसका साढ़ू का लड़का कल्लू निवासी ग्राम उखरा थाना नवाबगंज व पप्पू निवासी मधुकपुर थाना बेवर जिला मैनपुरी ने मुझे व मेरी पत्नी को रोक लिया। कमलेश ने कहा कि दोनों को मार डालो, मुकदमेवाजी खत्म हो जायेगी। इतने में पप्पू ने तमंचा निकालकर मुझे जान से मारने की नियत से गोली चला दी जो मिस हो गयी। इस दौरान उसने तमंचा की बट मेरे मार दी और पुनः लोड करने लगा। कल्लू व रमाकांत ने अपने-अपने तमंचे से मेरी पत्नी के गोली मार दी। मैं बचाव करते हुए भागा। शोर शराबा की आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर आ गये। लोगों को आता देख आरोपीगण जानमाल की धमकी देते हुए भाग गये। गोलियों से घायल मेरी पत्नी बचने की नियत से राज्य भण्डारागार निगम कार्यालय में घुस गयी और वहीं पर उसकी मौत हो गयी। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता अभिषेक सक्सेना की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश दीपेन्द्र कुमार सिंह ने अभियुक्त पप्पू उर्फ प्रवीन कुमार को धारा 307 के आरोप में सात वर्ष का कारावास व पचीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं धारा 302 के आरोप में आजीवन कारावास व पचीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त द्वारा जेल में बितायी गयी अवधि को सजा में समायोजित किया जायेगा।

## किसानों की बात करने वाली सरकार जमीन छीनने का कर रही है काम: राकेश टिकैट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



किसानों को सम्बोधित करते राकेश टिकैट

भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट के तत्वाधान में किसान मजदूर महापंचायत का आयोजन सातनपुर आलू मण्डी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैट के पहुंचने पर उनका अन्नदाताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

सातनपुर गल्ला नवीन मंडी स्थल में आयोजित किसानों की महापंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सरकार को आड़े हाथ लिया। कहा कि सरकार दावा जरूर करती है कि हम किसानों के हितैषी हैं, ऐसा हो नहीं रहा है। देश का माहौल खराब है। देश पर पूंजीवाद हावी हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी, आबारा पशु एक प्रमुख समस्या है। सरकार नें आवारा पशुओं के लिए गौशाला का निर्माण तो कराया, लेकिन उनके चारे की कोई व्यवस्था नहीं करायी। एमएसपी गारंटी कानून सरकार लागू करे। इसके लागू होने से किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्या में कमी आयेगी और किसानों को वाजिव मूल्य भी मिलने लगेगा। सातनपुर मण्डी में आलू की तौल का भी मामला पंचायत में छाया रहा। किसान नेता अरविन्द राजपूत की बात को रखा गया कि मण्डी में आलू किसान से 50 किलो की जगह 53 किलो व 58 किलो प्रति पैकेट लिया जा रहा है। इससे आलू किसानों का शोषण हो रहा है। टिकैट बोले कि यह हम कतई बर्दाश्त नहीं करेगें, जितना आलू लिया जाये, उतने का दाम दिया जाये। आलू की खुली बोली करायी जाये। जिससे हमारे किसान भाई को पता लगे कि हमारा आलू कितना और कितने में गया। जमीन के सर्किल रेट बढ़ाये जाये, जिससे किसानों का भला हो सके। यूपी में 15 व एनसीआर में 10 साल की डीजल वाहनों की अवधि तय की गई है वह सही नहीं है। पांचाल घाट से अमृतपुर तक गंगा के दोनों ओर व कायमगंज तहसील से ग्राम सभा बहवलपुर के नगला धीमर से शमशाबाद ढाई घाट पुल तक गंगा जी के किनारे बांध बनाया जाये, जिससे किसानों की सैकड़ों बीघा जमीन जो जल मग्न हो रही है उसे बचाया जा सके, आदि किसानों की समस्याओं को रखा गया। उन्होंने कहा कि अधिकारी अगर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करेगें तो उनके खिलाफ आंदोलन चलाया जायेगा। सरकार किसानों के लिए कुछ नहीं कर रही है केवल जमीन छीनने का काम कर रही है। फर्टिलाइजर सस्ता किया जाये, पानी फ्री दिया जाये तो किसानों की स्थिति सुधर सकती है, लेकिन सरकार कुछ करना नहीं चाहती। सरकार अपने मुख्य उद्देश्य से भटक गयी है। आने वाले चुनाव में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना होगा। किसानों की समस्याओं से संबंधित जिलाधिकारी सम्बोधित 20 सूत्रीय मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल को सौंपा गया। इस दौरान कांग्रेस की जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने भी राकेश टिकैट से मुलाकात की। इस दौरान जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य, प्रभाकांत मिश्रा, सुनील बालियान, करुआ सिंह, अजय कटियार आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## चीनी मिल संचालन में आ रहीं तकनीकी खामियों को लेकर हुई बैठक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



बैठक के दौरान मौजूद उप सभापति, जीएम व अन्य

चीनी मिल के रुक-रुककर चलने पर संचालन समिति ने मिल प्रशासन के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। उपसभापति ने मिल प्रशासन को किसानों की सुविधाओं के लिए किसान भवन, कैंटीन का संचालन तथा तकनीकी कमियों पर चर्चा की।

चीनी मिल के संचालन समिति के उपसभापति जय गंगवार ने मिल के जीएम कुलदीप सिंह और मुख्य गन्ना विकास अधिकारी प्रमोद यादव के साथ बोर्ड की बैठक आयोजित की। जिसमें उन्होंने मिल संचालन में आ रही तकनीकी खामियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मिल की मशीनें काफी पुरानी हो चुकी हैं। उनको जोड़-तोड़कर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिल प्रशासन मशीनरी को दुरुस्त कर पेराई कार्य संपन्न कर रहा है। उन्होंने कहा शासन से भी चीनी मिल के संबंध में चर्चा चल रही है जिसकी आगामी समय में सकारात्मक परिणाम आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों की सुविधा के लिए किसान भवन और क्षेत्र में कैंटीन का संचालन करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे लगातार मिल प्रशासन के संपर्क में रहकर किसानों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। मिल के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि बैगास की कमी के कारण मिल संचालन में व्यवधान आया है। उन्होंने बताया वर्तमान में पेराई कार्य सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में ही गन्ने का उत्पादन घट रहा है जिसका मुख्य कारण ओक्टा रोग लगना बताया जा रहा है। उन्होंने कहा की स्थिति रही तो प्रदेश में चीनी के उत्पादन में गिरावट आएगी।

इस दौरान मिल समिति के सदस्यों ने मिल प्रशासन से लाइन में खड़े ट्रैक्टरों पर रिफ्लेक्टर लगाकर किसानों से दुर्घटनाओं से बचने के लिए अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने की अपील की। बैठक में प्रमुख रूप से अमरदीप दीक्षित, सुदामा देवी, अच्युत कुमार, ओंकार सिंह, सुमन लता, श्रीकृष्णा, राम किशोर, शिवेश कुमार तिवारी, रोहित, सुरेश चंद्र, रामादेवी आदि मौजूद रहे।

# क्रिश्चियन व रखा बा.इं.का. का क्रिसमस उत्सव व वार्षिक समारोह सम्पन्न

**छात्राओं ने क्रिसमस ड्रामा व सांस्कृतिक कार्यक्रम किये प्रस्तुत**



कैंडिल जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते बिशप



डीआईओएस का स्वागत करते प्रधानाचार्य व शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चर्च ऑफ नार्थ इंडिया डायोसिस ऑफ आगरा द्वारा संचालित क्रिश्चियन इंटर कालेज व रखा बालिका इंटर कालेज के क्रिसमस समारोह एवं वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डायोसिस ऑफ आगरा के दि मोस्ट रेव्ह बी.के. नायक व सचिव डॉ. अविनाश चन्द्र ने कैंडिल जलाकर शुभारम्भ किया। रेव्ह मनोज कुमार ने बाइबिल पढ़कर प्रार्थना की। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का प्रबंधन राजेश मसीह, प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. नीतू मसीह ने बुके देकर बैच लगाकर स्वागत किया। सेंट एंथोनी स्कूल के बच्चों ने बैंड की धुन पर अतिथियों का स्वागत किया। एनसीसी कैडेट्स ने मार्च पास्ट किया। क्रिश्चियन इंटर कालेज के शिक्षकों द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया। रखा बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। बिशप बीके नायक ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इसी तरह विद्यालय प्रगति करें। यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं मन लगाकर पढ़े और देश-विदेश में नाम कमाये। प्रभु यीशु मसीह का संदेश है कि सबके साथ प्रेम करें और असहायों की मदद करें। क्योंकि परमेश्वर ने अपना इकलौता पुत्र सौंपकर मानव जाति का उद्धार किया। उन्होंने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य व शिक्षकों की सराहना की। सचिव डॉ. अविनाश चन्द्र ने विचार व्यक्त किये। सिटी चर्च की ओर से नेटिविटी बाय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। रसायन प्रयोगशाला की दीवार के लिए नवीनीकरण के लिए धन्यवाद प्रस्तुत किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का संदेश था कि शांति का पैगाम पूरी दुनियां में फैलाये। आज पूरी दुनियां में इसकी जरुरत है। क्रिसमस ट्री एक संदेश देता है ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाये और पृथ्वी को बचाये। प्रबंधक राजेश मसीह ने आये हुए सभी अतिथियों व शिक्षकों तथा कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को सुचारु करने में पूरी व्यवस्था देखी। प्रधानाचार्या डॉ. नीतू मसीह, प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। शिक्षक संगठनों व प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। रेव्ह स्टीफन मसीह ने दुआ के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की। प्रधानाचार्य ऐस्टर रोज दयाल, सेंट एंथोनी स्कूल के प्रधानाचार्य फादर जोबी जोसेफ, अनिल सिंह, डॉ. संदीप चतुर्वेदी, दिनेश कुमार वर्मा, आशीष शर्मा, प्रमोद गंगवार, शिक्षक नेता प्रवेश रत्न शाक्य, लालाराम दुबे, नरेन्द्र सोलंकी, महिपाल सिंह, अवधेश प्रभु खोजी, गौरव एविल, अमित नोयल दयाल, राहुल मैसी, संजीव प्रकाश, प्रभात दीक्षित, अविनाश डेविड, एसएल मैसी, जसवंत सनी, संतोष दुबे, जगदीप लाल, यादवेन्द्र सिंह परिहार, लिपिक सुनील सक्सेना, भावना लाल, रचना हिल्स, नेहा मिश्रा, नीतिका सनी, कुलदीप भारद्वाज, रंजीत मैसी, जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह, डिस्ट्रिक चेयरमैन आदि लोग मौजूद रहे। संचालन सोलोमन दयाल ने किया। राष्ट्रगान के साथ वार्षिकोत्सव का समापन हुआ।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

## कांग्रेसियों ने धरना देकर अमित शाह से इस्तीफे की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शकुंतला देवी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेसियों ने धरना देकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न डॉ. बीआर अम्बेडकर के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी से आघात पहुंचा है, नैतिक मूल्यों का अपमान हुआ है, समाजिक सद्भावना के लिए खतरा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा दें और सार्वजनिक माफी मांगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, अम्मार अली, धर्मेन्द्र शाक्य, मनोज कुमार, रामचन्द्र, अफसर अली, शीला कटियार, राहुल गंगवार, राधेश्याम, राजेश कुमार, सलमान अहमद, निहाल, खालिद उस्मानी, शिवाशीष तिवारी, वरुण त्रिपाठी, आसिफ, अतुल आदि लोग मौजूद रहे।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पुरोधाओं को किया गया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट की 4-यूपी बटालियन की एनसीसी कैडिट्स के द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पुरोधाओं की स्मृति में एक मूक अभिनय के माध्यम से उनके साहस, त्याग, बलिदान और शौर्य का प्रदर्शन किया गया। स्वतंत्रता संग्राम के जनक मंगल पांडे का किरदार कैडिट वैष्णवी परिहार ने निभाया। कैडिट मान्या नागपाल ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का किरदार निभाते हुए उनके शौर्य का प्रदर्शन किया। कैडिट रंजना कुमारी ने तात्या टोपे, कैडिट आकांक्षा ने बहादुर शाह जफर, कैडिट सृष्टि ने बेगम हज़रत महल, कैडिट्स नवजोत कौर और खुशी ने ब्रिटिश सैनिकों का किरदार निभाकर अपने अभिनय के माध्यम से क्रान्तिकारियों के अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए देश भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने सभी कैडिट्स के अभिनय कौशल की सराहना करते हुए कहा कि प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 10 मई 1857 से लेकर 8 जुलाई 1859 तक चला। यह ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक सशस्त्र विद्रोह था। यह विद्रोह लगभग दो वर्षों तक भारत के विभिन्न क्षेत्रों में चला। जो अगले 90 वर्षों तक चला। क्रान्तिकारियों के अदम्य साहस और बलिदान से हमें स्वतंत्रता मिली। हमें इनके योगदान को नहीं भूलना चाहिए। उनके प्रयासों और त्याग से मिली स्वतंत्रता को सुरक्षित रखना उन क्रान्तिकारियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संचालन कैडिट दिव्या ने किया। इस मौके पर सीटीओ अनुराधा मुखर्जी, पूर्णिमा अग्निहोत्री, डॉ. शिवाली वर्मा मौजूद रहे।

## झींगुर पर महिला ने मार्ग घटना का दर्ज कराया मुकदमा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी सुचेन्द्र सिंह की पत्नी शिल्पी तोमर ने थाना मेरापुर की अचरा चौकी क्षेत्र के गांव खलवारा निवासी टैम्पू चालक झींगुर पुत्र भटुरी पर मार्ग घटना का मुकदमा दर्ज कराया है।
तहरीर के अनुसार 10 नबम्बर की सुबह 7 बजे वापस घर आने के लिए मेरे पति सुचेन्द्र सिंह थाना मेरापुर के ग्राम नौगांव में अचरा.अलीगंज मार्ग पर खड़े थे।कि तभी अलीगंज की ओर से बिना हार्न दिए तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए आ रहे उक्त टैम्पू चालक झींगुर ने मेरे पति सुचेन्द्र सिंह के पीछे से टक्कर दी जिससे वह सड़क पर गिर गए और उनके ऊपर से टैम्पू का पहिया निकल गया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। गांव खलवारा निवासी अवनीश व मोहत ने मेरे पति को कायमगंज स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया और पति के कहने पर इन लोगों ने हमें घटना की जानकी दी।मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी।

## प्रा.वि. बढ़ेली मोहम्मदाबाद में आराध्या बुलबुल फ्लॉक का हुआ गठन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा निदेशक बेसिक के निर्देशानुसार जनपद के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कब बुलबुल और स्काउट गाइड के विद्यार्थियों हेतु मोहम्मदाबाद के प्राथमिक विद्यालय बढ़ेली में प्रभारी अरिमा शाक्य को बनाया गया तथा 24 छात्राओं हेतु बनाया गया। जिसका नाम आराध्या बुलबुल फ्लॉक रखा गया। प्रधानाध्यापिका अरिमा शाक्य ने बताया कि इसी ग्राम की एक छात्रा अरीमा का एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई थी उसी के नाम पर इस बुलबुल ब्लॉक का नामकरण किया गया। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने सभी विद्यार्थियों को कब बुलबुल प्रार्थना, सैल्यूट, प्रतिज्ञा और ब्लॉक स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी ने सभी विद्यार्थियों को स्काउट गाइड से संबंधित प्रशिक्षण आदि का अभ्यास कराया।

# सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर क्रिसमस की दी बधाई**




सांता क्लॉज की भेषवूशा में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेण्ट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी, सीनियर सेकण्ड्री स्कूल फतेहगढ़ में 16वां वार्षिकोत्सव व क्रिसमस कार्यक्रम बड़े जोश व उत्साह के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी ने रेवरन मनोज मसीह को बुके देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि रेवरन मनोज मसीह ने प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभ्भारम किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा यीशु मसीह के जन्मदिवस का नाट्य प्रस्तुति किया गया। नाट्य के द्वारा विश्व में शान्ति, भाईचारा, प्रेम, मेलमिलाप, समानता एवं अहिंसा का संदेश दिया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने जिंगल वेल जिंगल वेल गीत पर सैन्टा नृत्य प्रस्तुति किया। बडे सैन्टा क्लाज ने मंच पर आकर छोटे-छोटे सैन्टा क्लाज के साथ नृत्य कर उनमें उत्साह भर दिया। सैन्टा क्लाज ने बच्चों को चाकलेट व कैन्डी वितरित की। प्रज्ञा, रिद्धी, अरीबा, आदि अन्य छात्राओं ने ताल से ताल मिला गीत पर प्रस्तुति देकर अतिथियों से वाह-वाही लूटी। विनायक, आर्या, रौनक, आरोही, साक्षी आदि छात्र-छात्राओं ने लुंगी डान्स गीत पर शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समां बान दिया। प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी ने क्रिसमस सन्देश व क्रिसमस त्यौहार पर प्रेम आपसी भाईचारा के साथ रहने का संदेश दिया तथा नववर्ष की शुभकामनाऐं दी। प्रबन्धक रोहतानी विश्वासी ने स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षकाओं तथा समस्त कर्मचारियों को कार्यक्रम के सफल अयोजन के लिये धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा प्रिया पाल ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद शुभकामना स्वरुप क्रिसमस केक भी वितरित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने मांगों को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



सीएमओ को ज्ञापन सौंपते फार्मासिस्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने 24 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जनपद में कार्य कर रहे फार्मासिस्ट डिप्लोमा धारकों को ग्रेड 4600 रुपये का स्थापन वेतन मान प्रदान किया जाये। कार्यरत समकक्षीय पदों के आधार पर चीफ फार्मासिस्ट का वेतन मान 15600-39100 ग्रेड पर वेतन मान प्रदान किया जाये। प्रभारी फार्मेसी अधिकारी ग्रेड 6600 का वेतन मान व ग्रेड 7600 रुपये का वेतन मान व ग्रेड 8700 रुपये का वेतन मान प्रदान किया जाये। एलोपैथिक चिकित्सकों की अनुपस्थिति में फार्मासिस्टों को प्रदान किये जाने वाला भत्ता 75 रुपये के स्थान पर 750 रुपये प्रति माह निर्धारित किया जाये। विशिष्ठ कार्य अधिकारी फार्मेसी का पद नाम बदलकर निदेशक फार्मेसी किया जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर चक्र सिंह यादव, जितेन्द्र सिंह, आशीष शुक्ला, प्रमोद दीक्षित व अन्य फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

### राजपूत कल्याण महासभा ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा ने संसद घटना की निंदा करते हुए कहा कि सांसद मुकेश राजपूत व सांसद प्रताप सारंगी के साथ जानबूझकर राहुल गांधी द्वारा धक्का-मुक्की की गई। यह शर्मनाक है। लोधी राजपूत कल्याण महासभा इसका विरोध करती है और राहुल गांधी सहित ऐसे लोगों की सदस्यता समाप्त करने की मांग की। इस मौके पर ईश्वर दयाल राजपूत, लज्जाराम वर्मा, कुंवरजीत, शैलेन्द्र राजपूत, जौली राजपूत आदि लोगों ने घटना की निंदा की है।

### जान से मारने की धमकी व फायरिंग में मुकदमा दर्ज, दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जान से मारने की धमकी व फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित सतेन्द्र पुत्र स्व0 गंगाराम जाटव निवासी नगला प्रीतम भोलेपुर ने कोतवाली प्रभारी फतेहगढ़ को दी गयी तहरीर में कहा है कि हमारा पड़ोसी अमन पुत्र धर्मवीर आये दिन शराब पीकर गाली-गलौज करता है और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग भी करता है। गुरुवार को रात 12 बजकर 15 मिनट पर जब हम सो रहे थे तो दरवाजे पर आकर अमन व सोनू व दो लोग अज्ञात ने दरवाजे पर आकर गाली-गलौज शोर शराबा किया व दरवाजा पीटने लगे। जब हम बाहर आये तो अमन अपनी लाइसेंसी बन्दूक मेरे ऊपर तान दी व जान से मारने की धमकी दी। जब हमने शोर मचाया तो भीड़ इकट्ठी हो गयी। घर की भीड़ इकट्ठी होने पर अपने घर की छत पर चढ़ गये और छत पर चढ़कर फायरिंग की। फायरिंग की आवाज सुनकर हम लोग घर में घुस गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं पुलिस ने शुक्रवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

# संसद में हुई घटना की व्यापार मण्डल ने की निंदा



वार्ता के दौरान मौजूद व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट ने संसद में हुई धक्का-मुक्की में घायल सांसद मुकेश राजपूत के स्वस्थ्य होने की कामना की और घटना की निंदा की। इस घटना से लोकतंत्र के मंदिर को आघात पहुंचा है। व्यापार मण्डल इसकी निंदा करता है। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने इस घटना भर्सना की। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि मुकेश राजपूत सांसद बनने से पहले वह व्यापारी भी थे। व्यापारी नेता अनुपम रस्तोगी ने कहा कि सांसद मुकेश राजपूत का लज्जाराम सर्राफ के नाम से दुकान भी है। आलू का भी काम करते है। लस्सी की भी दुकान उनकी थी और अब सांसद भी है इसलिए हम उनके साथ है और घटना का विरोध करते हुए उनके स्वस्थ्य होने की कामना करता हूं।

### व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष बनने के लिए अनुपम रस्तोगी ने लगाया जोर

**फर्रुखाबाद।** उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट का अगला नगर अध्यक्ष अनुपम रस्तोगी को बनाये जाने की चर्चा है। साथ ही युवा व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष की कमान श्याम सुंदर गुप्ता को मिलने वाली है। इस संबंध में जब जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला से पूछा तो उन्होंने बताया कि समय आने पर पदाधिकारियों की घोषणा होगी। अभी कोई इस तरह का पदाधिकारी नहीं बना रहे है। वहीं निवर्तमान नगर अध्यक्ष इकलाख खां ने बताया कि नगर अध्यक्ष हमें बनाया जा चुका है। इसकी घोषणा शीघ्र होने वाली है। जो लोग नगर अध्यक्ष बनने की बात कह रहे है वह मुहं जवानी जंग है। मेरे पास पदाधिकारियों के मनोनयन पत्र भी आ चुके है। एक हफ्ते में मेरे नगर अध्यक्ष बनने की घोषणा हो जायेगी।



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद छात्र

## रोजगार मेले में 38 अभ्यार्थियों का हुआ साक्षात्कार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह की देखरेख में तीन कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 175 रिक्तियों के सापेक्ष 38 अभ्यार्थी उपस्थित रहे। 38 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार कर 12 अभ्यार्थियों का चयन जॉब हेतु किया गया। 20 अभ्यार्थियों का चयन अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु हुआ। रोजगार मेले की व्यवस्था कार्यदेशक मोहम्मद इकलाख सिद्दीकी ने देखी। प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेंटिसशिप प्रभारी विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

# टीएस केके स्कूल की खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

**400 मी दौड़ में प्रथम रूमित राजपूत, द्वितीय सुमित दुबे तथा तृतीय शिखर दुबे रहे**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

टीएस केके पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। 400 मी दौड़ में प्रथम रूमित राजपूत, द्वितीय सुमित दुबे तथा तृतीय शिखर दुबे रहे। 200मी0 छात्रा में शगुन प्रथम, नेन्सी द्वितीय तथा गुनगुन तृतीय स्थान पर रही। 200मी0 छात्र वर्ग में प्रथम सर्वज्ञ, रूमित द्वितीय व शिखर तृतीय रहे। 100मी में शिवजी प्रथम, आर्यन द्वितीय तथा सोनू तृतीय रहे। लम्बीकूद प्रतियोगिता छात्र में प्रथम रूमित राजपूत, द्वितीय शिखर दुबे व सुमित दुबे तथा तृतीय अम्बर दुबे रहे। गोला फेंक छात्रा में प्रथम शगुन, द्वितीय नन्दनी, तृतीय नेंसी रही। खो-खो छात्रा फाइनल में ग्रीन हाउस विनर व येलो हाउस रनर रहा।

खो-खो छात्र में येलो हाउस विनर व ग्रीन हाउस रनर रहा। कबड्डी छात्रा में व्लू हाउस विनर एवं ग्रीन हाउस रनर रहा। कबड्डी छात्र में येलो हाउस विनर व्लू हाउस रनर रहा। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। धन्यवाद प्रबंधक मुकेश सिंह राठौर ने ज्ञापित किया।

# सेंट पीटर्स प्रिपरेटरी स्कूल में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**बच्चों ने क्रिसमस ड्रामा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लिया भाग**




म्युजिकल चेयर रेस में भाग लेते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेंट पीटर्स प्रिपरेटरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद एवं क्रिसमस उत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

अंडियाना स्थित सेंट पीटर्स प्रिपरेटरी स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिक खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता में वैलून रेस, म्युजिकल चेयर रेस, स्लो साइकिल रेस, बिस्किट रेस आदि प्रतियोगितायें हुई। बच्चों ने यीशु मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में क्रिसमस ड्रामा प्रस्तुत किया और गीतों पर रंगारंग नृत्य किया। बिस्किट रेस में अमहद खान प्रथम, रोहन द्वितीय आदित्य यादव तृतीय रहे। बांग्ला दौड़ में अभिषेक प्रथम, अरबाज व अंशिका द्वितीय, हुजैफा व अनुष्का तृतीय रही। म्युजिकल चेयर रेस में खुशी प्रथम, प्रियांश द्वितीय, दिव्या तृतीय रही। स्वयंवर रेस में फरहान खान प्रथम, अक्षय कुमार द्वितीय, युग तृतीय रहे।

यूनीफार्म रेस में देवांश, प्रगति प्रथम, जकरिया व अक्षरा द्वितीय, जतिन व अवैध्या तृतीय रही। वैलून रेस में समीर व मानवी प्रथम, रिषव द्वितीय रहे। कप और गुब्बारा रेस में साक्षी सक्सेना प्रथम, अयान द्वितीय रहे। इस मौके पर प्रबंधक अनिल प्रसाद व प्रधानाचार्य अनीता प्रसाद ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विजेता बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक मोहित सिंह, पीटर मोरीसन, मंजू, रिया सिंह, सर्वेश के लाल, तान्या वर्मा, वैशाली यादव, उत्कर्ष शर्मा, विनीता कुशवाहा, इरफान अंसारी, आदि शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद रहे।

# डीएन कॉलेज में चल रही इग्नू की परीक्षा का उपनिदेशक ने किया औचक निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती उपनिदेशक डॉ. रीना कुमारी

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ की उपनिदेशक डॉ. रीना कुमारी ने डीएन पीजी कॉलेज परीक्षा का औचक निरीक्षण किया तथा अध्ययन केन्द्र के समन्वयक एवं स्टाफसदस्यों के साथ वार्ता में बताया कि इग्नू ने जनवरी 2025 सत्र के लिए प्रवेश प्रारम्भ कर दिए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी ऑन लाइन अथवा ओडीएल मोड के प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थी घर बैठे और नौकरी के साथ भी पढ़ाई का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है, इग्नू उनके लिए सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। 12वीं पास होना आवश्यक है साथ ही अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर सकते है। जनवरी 2025 सत्र में प्रवेश एवं पुनः पुंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है। वार्ता में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग ने कहा कि इग्नू अध्ययन केन्द्र के संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से इग्नू के कौशल आधारित पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की अपील की। इग्नू अध्ययन केन्द्र के को-आर्डिनेटर डॉ. विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि इग्नू की सत्रांत परीक्षा शांतिपूर्ण, नकलविहीन बातावरण में सम्पन्न करायी जा रहीं हैं।

## कब बुलबुल व स्काउट गाइड दलों का हुआ पंजीकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला ट्रेनिंग कमिश्नर भारती मिश्रा तथा ब्लॉक गाइड कैप्टन ज्योति कुशवाहा द्वारा कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय चिलौली, प्राथमिक विद्यालय अहियापुर, प्राथमिक विद्यालय लालपुर पट्टी, संविलियन विद्यालय शिवरई बरियार तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कायमगंज में कब/बुलबुल तथा स्काउट गाइड के दलों का पंजीकरण किया गया। प्राथमिक विद्यालय चिरौली में बच्चों को कब/बुलबुल घेरा गीत, बुलबुल नाद, बड़ी सलामी आदि सिखाया गया। संविलियन विद्यालय शिवरई बरियार में भारती मिश्रा द्वारा स्काउट गाइड नियम, प्रतिज्ञा व झंडा गीत गाने का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर मुन्नी यादव, रूबी पाल, सपना यादव, विमलेश शाक्य, विश्वनाथ सिंह, प्रदीप कुमार पाठक, मीना यादव, सपना वर्मा, दीक्षा पाल, पूनम यादव, रेचन कटियार, सचिन अवस्थी, राशि गुप्ता, अर्चना कटियार, गार्गी सिंह, प्रियंका वर्मा आदि मौजूद रहे।

## रवायती अंदाज में मना हजरत शेख मखदूम का 700वां उर्स

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** हजरत शेख मखदूम बुर्राक लंगर जहां रहमतुल्लाह अलैह का 700 वाँ उर्स व मेला रवायती अन्दाज में मनाया गया। उर्स में शुक्रवार को सज्जाददानशीन की पालकी को छड़ियों के साए में भोजपुर से करीब पांच किलोमीटर दूर शेखपुर लाने के लिए अकीदतमंदों का जोश उमड़ पड़ा। चिल्लागाह से दरगाह तक नंगे पैर दौड़ते हुए अकीदतमंद आगे बढ़ रहे थे। खासकर बच्चों का जुनून बड़ों पर भी भारी पड़ रहा था। दरगाह में नमाज-ए- असर के बाद दूसरा कुलशरीफहुआ। मुल्क की बेहतरी व अमनचैन को दुआ की गई। शेखपुर शरीफस्थित दरगाह मखदूमिया में हजरत शेख मखदूम बुर्राक लंगरजहां रहमतुल्लाह अलैह के उर्स में शुक्रवार को सुबह मदारे मुबारक का गुस्लपाक हुआ। इसके बाद फातिहा ख्वानी हुई। जायरीन के आने का सिलसिला शुरू होते ही चादरपोशी व गुलपोशी होने लगी। बाद नमाज जौहर 700 साल पुराने खिरका शरीफको पांच किलोमीटर दूर भोजपुर स्थित चिल्लागाह पहुंचाया गया। नमाज जौहर व नमाज असर के दरमियान गुसल हुआ।

# सेंट पॉल्स सिटी चर्च स्कूल के बच्चों ने वार्षिकोत्सव में मचाया धमाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे

सेंट पॉल्स सिटी चर्च स्कूल नेकपुर में क्रिसमस उत्सव धूमधाम से मनाया गया। रेव्ह मनोज कुमार ने प्रार्थना के साथ शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्य अंजू मल्ल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रुप में पहुंची मिशन अस्पताल की डायरेक्टर डॉ. नम्रता मल्ल व सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल का बुके देकर अंजू मल्ल ने स्वागत किया।

सीवी मल्ल ने बच्चों के कार्यक्रमों की सराहना की। बच्चों ने स्वागत नृत्य व लोक नृत्य के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। नर्सरी के बच्चों ने समूह नृत्य व क्रिसमस ड्रामे की झलकिया प्रस्तुत की। यीशु मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ड्रामा प्रस्तुत किया।

कैरल सिंगिंग का आयोजन हुआ। बच्चों ने आकर्षक गीतों पर नृत्य कर मंत्रमुग्ध किया। धन्यवाद व प्रार्थना सभा के साथ कार्यक्रम का समापन रेव्ह स्टीफन मसीह ने किया। प्रधानाचार्य अंजू मल्ल व शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में सहयोग करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स समेत 54 करोड़ 31 लाख की योजनाओं का लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी योजनाओं की सौगात

समृद्धि न्यूज

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को हरिद्वार के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने नवनिर्मित सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स समेत 54 करोड़ 31 लाख की योजनाओं का लोकार्पण किया। वहीं नगर निगम हरिद्वार की करीब 199 विकास योजनाओं का भी सीएम ने शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मदरसों पर जांच को दोहराते हुए कहा कि मदरसों की जांच के आदेश दिए गए हैं। कहा कि अवैध मदरसों और जिनका पिछला रिकॉर्ड ठीक नहीं है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी आदेश दिए गए हैं।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली संसद की घटना पर बोलते हुए कहा कि कांग्रेस लोग लोकतांत्रिक तरीके से काम नहीं कर पा रहे है, इसलिए इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे हैं, जिसकी वो निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है। हरियाणा का चुनाव हो या महाराष्ट्र का चुनाव हो, जनता उन्हें पूरी तरह से नकार चुकी है। जिससे बौखलाकर विपक्ष इस तरह का कार्य कर रहा है। यूसीसी पर बोलते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह भाजपा का संकल्प है, हमने 2022 के आम चुनाव में जनता से वादा किया था और अब 2025 के जनवरी में उत्तराखंड में यूसीसी लागू हो जाएगा। हरिद्वार जिले में विभिन्न मदों से नवनिर्मित कई योजनाओं का शिलान्यास आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया।

मुख्य रूप से खनन न्यास निधि से बने सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स समेत कुल 239 योजनाएं शामिल हैं। कुल 54 करोड़ 31 लाख 55 हजार रुपये की लागत से तैयार योजनाओं के लोकार्पण से आमजन को इसका लाभ मिलने लगेगा। सीएम खनन न्यास निधि से कराए जाने वाली कुल 50 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें मुख्य रूप से 8 करोड़ 88 लाख की लागत से राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सालियर को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना है। इसी तरह हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण एचआरडीए से कराए गए कार्यों में मुख्य रूप से भल्ला स्थित नवनिर्मित सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं मां मनसा देवी स्वागत द्वार का विकास कार्य भी शामिल है। सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के तहत जो कार्य कराए गए है, उनमें क्रिकेट प्रैक्टिस पिच एवं बॉक्स क्रिकेट को 236.51 लाख से तैयार किया गया है। इसी तरह लॉन टेनिस कोर्ट जिसकी लागत 307.75 लाख है। फुटसल कोर्ट की लागत 165 लाख, स्क्वैश कोर्ट एवं जिम की कुल लागत 976.74 लाख बताई गई है।

### नेपाल सुप्रीम कोर्ट का सरकारी रिकार्ड से जनयुद्ध शब्द हटाने का आदेश

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने जनयुद्ध शब्द को असंवैधानिक करार देते हुए सरकारी अभिलेखों और दस्तावेजों से इसे हटाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह अहम फैसला गुरुवार को सुनाया। नेपाल में माओवादी अपने 10 वर्ष के सशस्त्र द्वंद्व काल को जनयुद्ध कहते हैं। इन्होंने सत्ता में रहते हुए सरकारी अभिलेख सहित अन्य सरकारी कामकाज में इस शब्द का इस्तेमाल है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश प्रकाशमान सिंह राउत की अध्यक्षता वाली सात जजों की संवैधानिक बेंच ने फैसले में जनयुद्ध शब्द को असंवैधानिक करार दिया। साथ ही अब तक जितने भी सरकारी अभिलेख और दस्तावेजों में इस शब्द का इस्तेमाल किया गया है उसे रिकॉर्ड से हटाने का आदेश दिया। संवैधानिक बेंच ने फैसले में कहा कि नेपाल का संविधान जनयुद्ध शब्द को अंगीकार नहीं करता है। इसलिए सरकारी बजट भाषण या अन्य दस्तावेज में इस शब्द के इस्तेमाल को मान्यता नहीं दी सकती है।

# उत्तराखंड में मदरसों की सर्वे कराएगी धामी सरकार, बाहरी फंडिंग पर कसेगी शिकंजा

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड में मदरसों की बाहरी फंडिंग को लेकर जांच तेज हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पुलिस ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सिलसिले में सभी जिलों में विशेष कमेटियां बनाई गई हैं, जो एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेंगी।

कमेटियों द्वारा तैयार रिपोर्ट मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों को सौंपी जाएगी। इसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। यह कदम प्रदेश की कानून व्यवस्था और सामाजिक संतुलन को मजबूत करने के लिए, उठाया गया है। दरअसल, प्रदेश में 400 से अधिक रजिस्टर्ड मदरसों के साथ ही कई अवैध मदरसों की भी जानकारी सामने आई है। इन मदरसों के संचालन और फंडिंग स्रोतों की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखंड (आईजी लॉ एंड ऑर्डर) नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि कुछ मदरसे बाहरी स्रोतों से फंडिंग प्राप्त कर रहे हैं, जिनका सत्यापन और जांच अनिवार्य है।

**संदिग्ध फंडिंग और अनियमितता पर सख्त कार्रवाई**

शुरुआती इनपुट्स के आधार पर पुलिस ने संकेत दिया है कि कुछ मदरसे संदिग्ध स्रोतों से धन प्राप्त कर रहे हैं। यह धन कहां से आ रहा है और किस उद्देश्य से इस्तेमाल हो रहा है, इसका पता लगाया जा रहा है। यदि कोई अनियमितता पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**जांच का उद्देश्य पारदर्शिता और शांति सुनिश्चित करना**

सरकार और प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस जांच का उद्देश्य केवल अनियमितताओं को रोकना है, न कि किसी विशेष समुदाय को निशाना बनाना। मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि प्रदेश में सभी संस्थानों की पारदर्शिता और ईमानदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है।

**जनता से सहयोग की अपील**

आईजी भरणे ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। यह जांच पारदर्शी और निष्पक्ष होगी, ताकि प्रदेश में सामाजिक समरसता और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

**बाहरी छात्रों का सत्यापन अनिवार्य**

जांच के दौरान विशेष ध्यान उन छात्रों पर दिया जा रहा है, जो बाहरी राज्यों से आकर उत्तराखंड के मदरसों में पढ़ाई कर रहे हैं। इनके सत्यापन और गतिविधियों की जांच को प्राथमिकता दी जा रही है।

# गुजरात का गौरव : सूरत का इच्छापोर पुलिस स्टेशन बना देश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन

एजेंसी

**सूरत।** सूरत के इच्छापोर पुलिस स्टेशन को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। यह गौरवपूर्ण पुरस्कार भुवनेश्वर में आयोजित डीजीपी सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों इच्छापोर पुलिस स्टेशन को प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के लिए कानून और व्यवस्था के क्षेत्र में स्टेशन के अद्वितीय कार्य, नागरिक सहयोग और आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग को मुख्य आधार माना गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के आधुनिकीकरण विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण में इच्छापोर पुलिस स्टेशन विभिन्न मानदंडों पर श्रेष्ठ पाया गया है। गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी और सूरत शहर के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह



गहलोत ने भी पुलिस टीम को बधाई दी। इच्छापोर पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर एस.सी. गोहिल ने कहा, यह पुरस्कार केवल मेरा या मेरी टीम का नहीं बल्कि पूरे गुजरात पुलिस के निष्ठावान और प्रतिबद्ध कार्य का प्रतीक है।

इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में समाज और पुलिस के बीच सहयोग कितना महत्वपूर्ण है। हमने जो तकनीकी आधुनिकता, नागरिक सहयोग और जनसेवा की भावना के साथ काम किया है, वही इस पुरस्कार का मुख्य कारण है।

**इसलिए मिला सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन का खिताब**

इच्छापोर पुलिस स्टेशन ने 2022 से 2024 तक संपत्ति संबंधी अपराधों में 79 प्रतिशत से 83 प्रतिशत डिटेक्शन दर दर्ज की। फरार 24 आरोपितों को गिरफ्तार करने के अलावा अपराधों के त्वरित निवारण के लिए स्टेशन की कार्यवाही प्रशंसनीय रही। विश्वास प्रोजेक्ट' के तहत 180 से अधिक सीसीटीवी कैमरे स्टेशन क्षेत्र में स्थापित करके नागरिक सुरक्षा को मजबूत किया गया। नागरिकों के साथ सकारात्मक संवाद और जनजागृति के दृष्टिकोण से स्टेशन को नागरिकों के लिए अधिक विश्वसनीय बनाया गया। महिला और बाल सुरक्षा के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए गए। स्कूलों और कार्यस्थलों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही साइबर क्राइम अवेयरनेस अभियान के माध्यम से तकनीकी खतरों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

### श्रीलंका की नौसेना ने 25 बच्चों समेत 102 रोहिंग्याओं को बचाया


**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने उत्तर-पूर्वी तट के निकट समुद्र क्षेत्र में संकट में फंसे म्यांमार के 25 बच्चों समेत 102 रोहिंग्याओं को बचा लिया। स्थानीय मछुआरों ने इनको सबसे पहले मुल्लैतिवु जिले के वेल्ला मुल्लिवैक्कल क्षेत्र में देखा। मछुआरों ने नौसेना को इसकी सूचना दी। डेली न्यूज समाचार पत्र के अनुसार, नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गयान विक्रमसूर्या ने कहा कि म्यांमार से 102 संदिग्ध अवैध प्रवासियों को ले जा रही नाव रास्ता भटक कर उत्तर-पूर्व में मुल्लैतिवु जिले में मुल्लैवैक्कल तट से दूर समुद्र की ओर बह गई थी। मछुआरों ने इनको 19 दिसंबर को देखा था। सूचना मिलते ही नौसेना के जवान उनके पास पहुंचे और सब को सुरक्षित बचा लिया। नाव में कुल 102 लोग सवार थे। इनमें 25 बच्चे और 40 महिलाएं शामिल हैं। इनमें एक महिला गर्भवती है। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें त्रिंकोमाली लाया गया है।

# भव्य होगा एचआईएल का आगाज, सारा अली खान व किंग होंगे मुख्य आकर्षण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 भव्य शैली में वापसी करने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत 28 दिसंबर को उद्घाटन मैच से पहले राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ होगी। यह कार्यक्रम, जो खेल, मनोरंजन और अत्याधुनिक तकनीक का एक शानदार उत्सव होने का वादा करता है, में शीर्ष भारतीय हस्तियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया जाएगा, जिसका थीम हॉकी का जश्न होगा।

बॉलीवुड सनसनी सारा अली खान और प्रसिद्ध संगीत कलाकार किंग अपने शानदार प्रदर्शन के साथ शाम को सुर्खियों बटोरेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित श्यामक डावर डांस ग्रुप गतिशील कोरियोग्राफी के साथ मंच को जीवंत करेंगे। रात की एक खास विशेषता अभिनव एनामॉर्फिक प्लेटर



प्रोजेक्शन मैपिंग होगी, जो स्टेडियम के फ्लोर पर प्रोजेक्ट किए गए 3डी भ्रम के साथ प्रशंसकों के लिए एक विजुअल इमर्सिव अनुभव प्रदान करेगी। प्रशंसकों को एक्शन के और करीब लाने के प्रयास में, राउरकेला में दर्शकों के लिए उद्घाटन समारोह और एचआईएल 2024-25 के सभी मैचों के टिकट निःशुल्क होंगे। इस पहल का उद्देश्य लीग को देश भर के प्रशंसकों के लिए और अधिक सुलभ बनाना है, ताकि वे विश्व स्तरीय खेल तमाशा लाइव देख सकें। हॉकी इंडिया लीग के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने एचआईएल द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, राउरकेला हॉकी के प्रति गहरा प्रेम रखने वाला शहर है।

### खबरें एक नजर में

**कुमाऊं कमिश्नर ने परखी राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां**

**हल्द्वानी।** जनवरी 2025 में उत्तराखंड में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने शुक्रवार को हल्द्वानी के मिनी स्टेडियम और गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने खेल विभाग के अधिकारियों से जरूरी कामकाज की स्थिति पर चर्चा की और कई कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इन खेलों में फुटबॉल, तैराकी, ट्रायथलॉन, बैडमिंटन सहित आठ खेलों का आयोजन होगा, जिनमें महिला फुटबॉल मैच हल्द्वानी के मिनी स्टेडियम में आयोजित होंगे। दीपक रावत ने स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और स्विमिंग पूल के हीटिंग सिस्टम और इंडोर गेम्स के लिए लाइटिंग की समस्या को जल्द हल करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से फुटबॉल ग्राउंड की तैयारियों की स्थिति पर संतोष जताया, लेकिन मिनी स्टेडियम में घास लगाने और बॉलीबॉल ग्राउंड के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगा। कमिश्नर ने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

**मोटे अनाज से सेहत और समृद्धि की ओर**

**गोपेश्वर।** चमोली जिले के पोखरी ब्लॉक में शुक्रवार को कृषि विभाग की ओर से पौष्टिक अनाज के मूल्य संवर्धन तथा व्यंजन विधियां एवं स्वरोजगार को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला के साथ समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। कृषि एवं संरक्षण अधिकारी कर्णप्रयाग डॉ. आशुतोष बर्त्वाल ने कहा कि मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसका उपयोग कर समूहों के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकती है तभी कृषि से किसानों की आमदनी दुगनी हो सकती है। इस दौरान कृषि विभाग ने मोटे अनाजों के 20 से अधिक व्यंजन बनाए गए, जिसमें झंगोरे की खीर, कनाली की मिठाई, माल्टा की मिठाई सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर स्वरोजगार को लेकर प्रेरित किया गया।

**अंतरिम सरकार के सलाहकार की पोस्ट पर भारत ने जताया कड़ा विरोध**

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार महफूज आलम के अब डिलिट किए जा चुके एक सोशल मीडिया पोस्ट पर 'कड़ा विरोध' जताया है। आलम ने अपनी पोस्ट में भारतीय क्षेत्रों पर दावा जताते हुए एक नक्शा दिखाया था। महफूज आलम के विवादास्पद पोस्ट पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने आज कहा कि हमने इस मुद्दे पर बांग्लादेश पक्ष के साथ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। हम समझते हैं कि जिस पोस्ट का जिक्र किया जा रहा है उसे कथित तौर पर हटा दिया गया है। वे याद दिलाना चाहते हैं कि सभी संबंधित पक्षों को अपनी सार्वजनिक टिप्पणियों के प्रति सचेत रहना चाहिए। ऐसे समय में जब भारत ने बार-बार बांग्लादेश के लोगों और अंतरिम सरकार के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में रुचि जताई है, ऐसी टिप्पणियां सार्वजनिक अभिव्यक्ति में जिम्मेदारी की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं।

**यूट्यूब ने 200 से अधिक रूसी चैनल किए ब्लॉक**

**मास्को।** अमेरिकी कंपनी यूट्यूब ने इस वर्ष अब तक कुल 200 से अधिक रूसी चैनलों और 80 अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। रूसी मीडिया एवं संचार नियामक संस्था रोसकोमनाडज़ोर ने शुक्रवार को कहा, ब्लॉक किए गए रूसी चैनलों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इस साल, रूसी मीडिया, पत्रकारों और सार्वजनिक हस्तियों सहित यूट्यूब ने रूसी संगीतकारों के वीडियो को भी ब्लॉक करना शुरू कर दिया। केवल वीडियो ही नहीं, रूसी उपयोगकर्ताओं के बीच लोकप्रिय कई चैनलों को ब्लॉक कर दिया गया। यूट्यूब ने इस साल हमारे 80 से अधिक अकाउंट और कुल 200 से ज्यादा चैनल ब्लॉक कर दिये है।

**मेंडोरी के जंगल में 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये बरामद**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बीते तीन दिन से अलग-अलग कारोबारियों के यहां लोकायुक्त और आयकर विभाग के छापे के बाद अब यहां मेंडोरी के जंगल में एक गाड़ी में 52 किलो सोना बरामद हुआ। इसके साथ ही 10 करोड़ रुपये नकद भी मिले हैं। सोने की कीमत 40 करोड़ 47 लाख रुपये आंकी गई है। गुरुवार की दरमियानी रात दो बजे 30 गाड़ियों में पहुंची आयकर विभाग और पुलिस की टीम ने वाहन को पकड़ा है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये सोना और नकद राशि किसकी है। जिस कार इनोवा क्रिस्टा में यह सोना और नकदी मिली है, वह ग्वालियर की है और चंदन गौर के नाम से रजिस्टर्ड है। चंदन गौर का जुड़ाव पूर्व परिवहन के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से बताया जा रहा है। दरअसल, सौरभ शर्मा के कार्यालय और आवास पर गुरुवार को लोकायुक्त पुलिस ने छापा मारा था।

# बजट सत्र से पहले राहुल समेत विपक्षी नेताओं से मिलेंगे रिजिजू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को संपन्न हो गया और इस दौरान हंगामे के कारण दोनों सदनों में कामकाज सुचारू ढंग से नहीं चल पाया तथा लोकसभा एवं राज्यसभा की उत्पादकता क्रमशः केवल 57.87 प्रतिशत और 40.03 प्रतिशत रही।

संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल एवं डॉ. एल मुरुगन ने संसद भवन परिसर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे एवं अमर्यादित व्यवहार के कारण संसद की गरिमा एवं संसद के कामकाज पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा, ''विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे के कारण संसद की उत्पादकता कम हुई। हमने संसद को चलाने के लिए बहुत प्रयास किए। मैं उम्मीद करता हूं और विपक्ष से अनुरोध भी करता हूं कि वे संसद के बजट सत्र में इस तरह का हंगामा न करें। श्री रिजिजू ने शीतकालीन सत्र के कामकाज का विवरण देते हुए कहा कि 2024 के शीतकालीन सत्र में लोकसभा में 20 एवं राज्यसभा में 19 बैठकें हुईं हैं। लोकसभा में पांच विधेयक पेश किये गये और राज्यसभा में चार विधेयक पटल पर रखे गये। दोनों सदनों से भारतीय वायुयान विधेयक पारित हो गया है। उन्होंने कहा कि सत्र में भारत के संविधान के निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर 26 नवंबर को सेंट्रल हॉल में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संबोधित किया। इसके बाद गत 13 एवं 14 दिसंबर को लोकसभा में और 16 एवं 17 दिसंबर को राज्यसभा में भारतीय संविधान की 75 वर्ष की यात्रा पर विस्तृत चर्चा करायी गयी। लोकसभा में 15 घंटे 43 मिनट की चर्चा में 62 सदस्यों ने भाग लिया जबकि राज्यसभा में 17 घंटे 41 की चर्चा में 80 सदस्यों ने भाग लिया।

### सांसदों से जनता के विश्वास व अपेक्षाओं का सम्मान करने की धनखड़ की अपील

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सांसदों से जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि दुनिया हमारे लोकतंत्र को देखती है, फिर भी हम अपने आचरण से अपने नागरिकों को निराश करते हैं। ये संसदीय व्यवधान जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का मज़ाक उड़ाते हैं। श्री धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्ष विशेषकर कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करने से पहले सांसदों से जवाबदेही और आत्मनिरीक्षण का आह्वान भी किया। उन्होंने सदन में व्यवधान के बीच संसदीय कार्यवाही की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा,-माननीय सदस्यों, दुनिया हमारे लोकतंत्र को देखती है, फिर भी हम अपने आचरण से अपने नागरिकों को निराश करते हैं। ये संसदीय व्यवधान जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का मज़ाक उड़ाते हैं।

# रक्षा प्रणालियों में उभरती प्रौद्योगिकियों व एआई को उच्च प्राथमिकता दे रहा भारत : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को उच्च प्राथमिकता दे रहा है तथा भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है ताकि दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हो सके। राष्ट्रपति मुर्मु आज सिकंदराबाद स्थित रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रपति निशान (प्रेसिडेंट कलर्स) अलंकार समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थीं।

उन्होंने कहा कि इस त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान को प्रेसिडेंट कलर्स प्रदान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह अवसर भविष्य के लिए हमारे सशस्त्र बलों के रणनीतिक नेताओं को विकसित करने में रक्षा प्रबंधन कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की बढ़ी हुई



रक्षा प्रबंधन क्षमता कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी को मजबूत करने तथा रक्षा निर्यात बढ़ाने में मदद करेगी। इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति का राष्ट्रीय सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है। युद्ध की पारंपरिक परिभाषाओं और तरीकों को उभरती प्रौद्योगिकियों और नई रणनीतिक साझेदारियों द्वारा चुनौती दी जा रही है। भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उच्च प्राथमिकता दे रहा है और बढ़ी हुई दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है। हम एक समग्र दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसमें अपनी पारंपरिक सेनाओं को उन्नत करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, साइबर युद्ध क्षमताओं और अंतरिक्ष रक्षा प्रौद्योगिकियों सहित अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के जवानों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है। ग्रे जोन युद्ध और हाइब्रिड युद्ध के इस युग में, कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट जैसे संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी से समय के साथ निरंतर विकसित होने और तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आग्रह किया।

# हर दिन मंदिर व मस्जिद विवाद उठाना सही नहीं : मोहन भागवत

एजेंसी

**पुणे।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता जताई। भागवत ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि वे ऐसे मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन जाएंगे। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

भागवत बोले- भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। पुणे में सहजीवन व्याख्यानमाला में भारत विश्वगुरु पर व्याख्यान देते हुए भागवत ने ये बातें कहीं। उन्होंने किसी विशेष स्थान का नाम लिए बिना कहा, हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? हाल के दिनों में मंदिरों का पता लगाने के लिए मस्जिदों के सर्वेक्षण की कई मांगें अदालतों में पहुंची हैं। हालांकि,



भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का नाम नहीं लिया। भारतीय समाज की बहुलता पर प्रकाश डालते हुए भागवत ने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है।

केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं। उन्होंने कहा, हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का मामला था। मोहन भागवत का समर्थन करते हुए श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने भी कहा, मंदिर और मस्जिद का झगड़ा सांप्रदायिक झगड़ा है। और जैसे-जैसे ऐसे झगड़े बढ़ रहे हैं, कुछ लोग नेता बन रहे हैं।

# हरित महाकुंभ, महाकुंभ में पुराने वृक्षों और वन्य जीवों का होगा संरक्षण, चलाया जाएगा रेस्क्यू ऑपरेशन



सीएम के निर्देश पर वन्य जीवों को उनके स्थल तक पहुंचाने के लिए विभाग ने तैयार किया प्लान

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** महाकुंभ में पहली बार श्रद्धालुओं के साथ साथ वन्य जीवों और वनस्पतियों के भी हितों का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अंतर्गत पुराने वृक्षों और वन्य जीवों के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जाने की तैयारी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 100 से अधिक वर्ष की आयु पूरी कर चुके वृक्षों के संरक्षण की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर पुरातन वृक्षों को संरक्षित किया जाएगा। इसके अलावा सीएम के निर्देश पर वन्य जीवों को उनके प्रवाह स्थल तक पहुंचाने के लिए वन विभाग ने एक स्पेशल प्लान बनाया है।

दूसरी ओर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रोड, पार्किंग स्थल, टेंट क्षेत्र आदि में लगे पुराने वृक्षों को अपग्रेड करने का भी काम किया जा रहा है, जिससे देश दुनिया से महाकुंभ नगर आने वाले लोग इन प्राणवायु के दाता का महात्म प्रत्यक्ष रूप से देख सकें। महाकुंभ नगर में बड़ी तादात में 100 से अधिक वर्ष के वृक्ष हैं। इनको संरक्षित करने के लिए पूरे प्रदेश में योगी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। इसी क्रम में प्रयागराज में वन विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इन वृक्षों का घेरा बनाकर उन्हें मजबूती दी जाएगी। इसके साथ ही उनके चारों तरफ मजबूत पक्की चौकी बनाए जाने की योजना है, जिससे पेड़ मजबूती से टिका रहे।

**श्रद्धालुओं से भी वन्य जीवों की सुरक्षा का इंतजाम**

संगम क्षेत्र में स्थित पुराने वृक्षों की सुरक्षा पर वन विभाग का विशेष जोर है। इसके अलावा श्रद्धालुओं के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए पेड़ों की कटाई-छटाई भी बड़े पैमाने पर की जा रही है। इसके साथ ही पेड़ों के सौंदर्यीकरण का काम भी प्रमुखता से किया जा रहा है। वहीं, मेला क्षेत्र में वन्य जीवों की सुरक्षा और उनके रेस्क्यू का कार्य भी किया जा रहा है। इस परियोजना के लिए 20 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित है। इसमें वन्य जीवों से श्रद्धालुओं की भी सुरक्षा प्रदान करना तथा वन्य जीवों को उनके प्रवाह स्थल तक पहुंचाए जाने का कार्य प्रमुख है।

**पॉलिथीन मुक्त महाकुंभ के लिए आगे आए संत**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार महाकुंभ में श्रद्धालुओं को शुद्ध जल, शुद्ध वायु और पॉलिथीन मुक्त वातावरण मिलने जा रहा है। प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि इस बार का महाकुम्भ पूरी तरह पॉलिथीन मुक्त रहेगा। श्रद्धालु शुद्ध जल और शुद्ध वायु का यहां पर पूरा आनंद ले सकेंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस अभियान के लिए साधु संतों का पूरा सहयोग लिया जा रहा है। इसके अलावा इस बार साधु संतों के साथ साथ श्रद्धालुओं से भी प्रसाद और फूल पॉलीथिन में नहीं लाने का आह्वान किया है।

# पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी करेगा नई दिल्ली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 26 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा, जो अगले मार्च में पहली बार विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स की मेजबानी भी करेगा। अगले साल पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप नई दिल्ली में होगी, जो पहली बार भारत में इस आयोजन की मेजबानी करेगा, विश्व पैरा एथलेटिक्स (डब्ल्यूपीए) ने गुरुवार (19 दिसंबर) को उक्त घोषणा की।

पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप, दुनिया की सबसे बड़ी एकल पैरा खेल प्रतियोगिता, 26 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। नई दिल्ली 2025 चैंपियनशिप का 12वां संस्करण होगा और दोहा 2015, दुबई 2019 और कोबे 2024 के बाद चौथी बार एशिया में इसकी मेजबानी की जाएगी। इसके अलावा, डब्ल्यूपीए ने घोषणा की कि नई दिल्ली अगले साल पहली बार विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स की मेजबानी भी करेगा। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 11 से 13 मार्च तक होने वाला यह आयोजन प्रशंसकों को विश्व चैंपियनशिप से पहले पैरा एथलेटिक्स के रोमांच का अनुभव करने का एक प्रारंभिक अवसर देगा। विश्व पैरा एथलेटिक्स के प्रमुख पॉल फिट्ज़गेराल्ड ने विश्व पैरा एथलेटिक्स प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि लॉस एंजिल्स 2028 की ओर पथ पैरालंपिक चक्र की पहली प्रमुख चैंपियनशिप नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। 2025 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप भारत में होने वाली अब तक की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय पैरा खेल प्रतियोगिता होगी, जो हमारे खेल, हमारे प्रशंसक आधार को बढ़ाने और दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में विकलांग व्यक्तियों के बारे में समाज की धारणा को प्रभावित करने का एक बड़ा अवसर पेश करेगी। उन्होंने कहा, भारत पिछले दशक में पैरा एथलेटिक्स के विकास का सबसे अच्छा उदाहरण है।